कारगिल विजय दिवस

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

अमर जवान

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 26 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 278, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जे.बी.वी.एन.एल से
व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

वादा से ज्यादा
आपके लिए करेंगे,
125 नहीं अब
200
यूनिट बिजली मुफ्त देंगे

बिजली की बचत करें,
झारखण्ड को उन्नत करें

मुख्य बिन्दु

- आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा Enargy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना जुलाई 2024 के बिलिंग माह से लागू किया जाएगा।
- इस योजना के तहत कुल 45.77 लाख उपभोक्ताओं में से लगभग 41.44 लाख घरेलू उपभोक्ता आच्छादित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग ₹350 करोड़ सब्सिडी के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।

PR No. 330764 (IPRD) 2024-25



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### सीओ ने दिया योगदान



**पाटन।** पाटन अंचलाधिकारी के रूप में प्रवीण कुमार सिंह ने दिया गुरुवार को योगदान। बीडीओ अमित कुमार झा ने अंचल का प्रभार प्रवीण कुमार सिंह को सौंपा। पदभार ग्रहण करने के दौरान अंचलधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि अंचल के काम ससमय निपटारा किया जाएगा। कार्य में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध खनन को लेकर प्रशासन अलर्ट रहेगी।

### भीमचूल्हा मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक, भक्तिमय माहौल बना



**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल भीमचूल्हा स्थित मंदिर में गुरुवार को भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। पुजारी गंगा तिवारी ने बताया कि इसमें यजमान के रूप में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता अजीत कुमार सपत्नीक शामिल थे। कधवन (विश्रामपुर) के पंडित दिवाकर पांडेय अनुष्ठान पूर्वक कार्यक्रम को संपन्न कराया। इसमें 5 किग्रा दूध से शिव का अभिषेक किया गया। 4 घंटे चले इस धार्मिक अनुष्ठान से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इसी दौरान काफी दिनों बाद एक घंटे से ज्यादा समय तक अच्छी बारिश भी हुई।

### आज से ऑनलाइन बीज वितरण

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय प्रांगण हैदरनगर में शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से किसानों के बीच बीज वितरण कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। इस संबध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि इस कार्यक्रम में मक्का और मूंगफली बीज का वितरण किया जाना है। जो किसान मित्र और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त सूची के आधार पर चयनित किसानों को बीज दिया जायेगा। वर्तमान में सभी पंचायतों से ऑनलाइन वितरण ओटीपी के माध्यम से नहीं हो सका है। जिन पंचायतों का ऑनलाइन वितरण संभव होगा उसी पंचायत के प्रति किसानों को पांच किलो मक्का व चार किलो मूंगफली का बीज साथ एक बैग जिप्सम या डोलोमाइट कीट नाशक दवा भी दिया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में संबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

बिजली चोरी में 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, एक लाख 18 हजार का लगा दंड

# जुर्माना के साथ पुराना बकाया भी देना होगा : कनीय अभियंता

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** जेबीवीएनएल के अधिकारियों के निर्देश पर विद्युत चोरी के विरुद्ध सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में छापेमारी कर 10 लोगों को अवैध बिजली का उपयोग करते पकड़ा है। इनके विरुद्ध कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि अवैध विद्युत चोरी के नामजद आरोपियों में देवी धाम रोड निवासी अशोक चौहान पर 15 हजार जुर्माना, काशी सिंह पर 25 हजार जुर्माना, राजेश्वर प्रसाद पर 10 हजार, टोला गंज पर निवासी प्रह्लाद राम पर जुर्माना चार हजार के अलावा पुराना बकाया 88864 रुपया, इंद्रदेव राम राम पर जुर्माना चार हजार रुपया के अलावा पुराना बकाया 26305 रुपया, मदन राम व शुकुल राम पर दस - दस हजार का जुर्माना, दलाल पट्टी के जाफर अंसारी पर 30 हजार का जुर्माना के अलावा सीमरसोत गांव के अशोक कुमार यादव व जमीरुद्दीन अंसारी पर दस-दस हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध हैदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। उन्होंने बताया कि इस छापामारी अभियान में उनके अलावा मानव दिवस कर्मी जीतेन्द्र ठाकुर, रंजीत कुमार, लंकेश कुमार, मनोज कुमार, सारणी पुरुष शामिल थे। उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं पर पांच हजार रुपए से अधिक का बकाया है, जो बिना वैद्य कनेक्शन बिजली का उपयोग करते पाए जाएंगे तो उनके विरुद्ध लगातार अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को बिजली मीटर घर या दुकान प्रतिष्ठान के बाहर लगवाने की हिदायत दी जा रही है। घर दुकान या प्रतिष्ठान के बाहर मीटर नहीं लगवाने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।



### शैलेश कुमार बने नावाबाजार के अंचलाधिकारी

**नावाबाजार।** शैलेश कुमार को नावाबाजार प्रखंड के अंचलाधिकारी बने। नावाबाजार प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ विजय प्रसाद मरांडी अंचलाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार में थे। बता दें कि नावाबाजार अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी का पद पिछले 8 महीना से रिक्त था। अंचल से संबंधित कार्य प्रभावित था। म्यूटेशन, आनलाइन, सीमांकन आदि कार्य पेंडिंग हैं। अंचलाधिकारी के पदस्थापन से अंचल के कार्य को गति मिलेगा। वहीं अंचल क्षेत्र के लोगों में काफी हर्ष व्याप्त है।

# पति ने धारदार हथियार से पत्नी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या किया

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के बभंडी पंचायत के धवतर गांव में महिला-पुरुष की लाश मिलने से सनसनी फैल गयी। महिला की तेज धारदार हथियार से चेहरे पर वार कर हत्या की गई थी। घर में महिला के शव से कुछ दूर पूरब दिशा में अहरा के पास उसके पति का शव भी मिला। सूचना मिलने के बाद पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों शव को कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया है। मृत महिला पुरुष पति-पत्नी थे। उनकी पहचान उपेंद्र राम (36 वर्ष) पिता गणेश राम और उसकी पत्नी सविता देवी (33 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों में अक्सर विवाद होते रहता था। बुधवार की रात भी दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुरुवार की सुबह दोनों का शव घर के बाहर अलग-अलग दिशा में मिला। चर्चा है कि उपेंद्र ने अपनी पत्नी की तेज धारदार हथियार से चेहरे पर वार करके हत्या कर दी और उसके बाद जहरीला पदार्थ खाकर घर से कुछ दूर पूरब दिशा में अहरा के पास गंभीर अवस्था में मिला।



गुरुवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने कराहने की आवाज सुनी। नजदीक जाकर देखा तो उपेंद्र गंभीर अवस्था में पड़ा हुआ था। उसे उठाकर गांव के मंदिर के पास लाया गया, जहां उसकी मौत हो गयी। उपेंद्र के छोटे बेटे ऋतुराज (11 वर्ष) ने बताया कि मां और पिता के बीच बुधवार की रात विवाद हुआ था। रात में वह खाना खाकर सोने चला गया। इधर संभावना है कि देर रात सविता देवी घर से बाहर निकली होगी। इसी क्रम में उपेंद्र ने उसकी तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसका शव घर से दक्षिण दिशा में गढ़ानुमा खेत में फेंका मिला। पिपरा के थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली है। पत्नी की हत्या हुई है, जबकि पति ने जहरीला पदार्थ जैसा कुछ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गयी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि उपेंद्र की मौत कैसे हुई। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। महिला को जिस धारदार हथियार से हत्या की गई उसे बरामद नहीं किया जा सका है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र हंसराज मां-बाप के झगड़े से तंग आकर मौसी के घर पिपरा में रहकर पढ़ाई करता है। इधर इस घटना से धवतर गांव में शोक के साथ-साथ सनसनी फैली है। शव उठने तक घटनास्थल और आस पास लोगों की भारी भीड़ जुटी रही।

### युवक की गला रेतकर हत्या, भाई पर हत्या का आरोप



**पांकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुख्यालय स्थित विद्युत ऑफिस के निकट अजय चंद्रवंशी (35) की बुधवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप उसके बड़े भाई सत्येंद्र चंद्रवंशी पर लगा है। सूचना मिलने के बाद पांकी पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। घटना के पीछे संपत्ति विवाद सामने आ रहा है। हालांकि पुलिस की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। घटना के समय अजय चंद्रवंशी की पत्नी अमृता देवी घर में मौजूद थी। पत्नी अमृता ने जमीन विवाद में भसुर पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि रात में सोए अवस्था में दो नकाबपोश आए और उसके पति को चाकू से गला रेत कर भाग गए। अजय चंद्रवंशी को उसके कमरे में मृत पाया गया। उसकी शव कमरे में चौकी पर खून से लथपथ पड़ी हुई थी। अजय चंद्रवंशी पांकी चौक पर ठेला लगाकर नाश्ता बेचता था। उसी से उसके परिवार का भरण पोषण होता था। उसके दो बच्चे हैं। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि मृतक अजय चंद्रवंशी की पत्नी ने जमीन विवाद में भसुर पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि जमीन का बंटवारा पूर्व में ही हो चुका है। इसलिए इस मामले में हत्या की संभावना नहीं लगती। बावजूद पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि जल्द इसका खुलासा कर लिया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### एक लाख 30 हजार रुपये के जाली नोट के साथ एक गिरफ्तार



**पांकी।** पुलिस अधीक्षक पलामू के गुप्त सूचना के आधार पर पांकी पुलिस ने जाली नोटों के साथ एक व्यक्ति नंदेव साहू उम्र 60 वर्ष पिता जगदीश साहू ग्राम सेमर टांड चैनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पांकी थाना प्रभारी उत्तम तिवारी ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति रांची से बस द्वारा आ रहा है, जो पांकी से पहले ही सोरठ ग्राम में उतरकर पैदल ही पांकी के ओर आ रहा था। पुलिस ने उसे रास्ते मे ही धर दबोचा। उसके पास से 500 के जाली नोट करीब 1 लाख 30 हजार रुपये बरामद हुआ है। जाली नोट के इस कारोबार में और कितने लोग शामिल है। उसकी पड़ताल अभी चल रही है।

### कस्तूरबा की छात्राओं की हुई स्वास्थ्य जांच

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय हुसैनाबाद में बरसात के मौसम को देखते हुए पढ़ने वाली छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। यहां अब तक 110 छात्राओं की जांच की गई थी। जिसमें सभी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया तथा आवश्यकता अनुसार आयरन की ब्लू टैबलेट, जो साप्ताहिक खानी होती है, उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच में शारीरिक साफ-सफाई के साथ-साथ स्वच्छ भोजन की महत्ता को लेकर भी बताया गया। वहीं सीएचओ के द्वारा हैंड वाशिंग के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य जांच में मुख्य रूप से रोशनी कमल मुच्चू, प्रियंका कुमारी और प्रीती रानी मौजूद थीं। समाचार लिखे जाने तक अन्य बालिकाओं की जांच की जा रही थीं। इस मौके पर वार्डेन सह शिक्षिका किरण कुमारी सिंह, शारदा भारती, दीपमाला, आरजू खान, नीलम कुमारी, सुमन कुमारी, सोनी कुमारी, सुनील पासवान आदि मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण सेविका, सहायिका को लगाई फटकार

**पाटन।** बीडीओ अमित कुमार झा ने हिसरा बरवाडीह पंचायत के गहरपथरा आंगनबाड़ी केंद्र 214 का किया निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में एक भी बच्चा उपस्थित नहीं था। आंगनबाड़ी केंद्र के रसोई घर में काफी गंदगी पसरा था। पोषक आहार के जांच क्रम में दाल घुना व सड़ा पाया गया। यह देख बीडीओ अमित कुमार झा ने सेविका, सहायिका को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि समय पर आंगनवाड़ी केंद्र को खोले। लापरवाही बरतने पर सेविका पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बीआरसी में 1066 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण

**हुसैनाबाद।** बीआरसी कार्यालय हुसैनाबाद परिसर में आठवीं उत्तीर्ण छात्र छात्राओं के बीच एक समारोह आयोजित कर गुरुवार को 1066 साइकिल का वितरण हुसैनाबाद क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम द्वारा किया गया। मौके पर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब बच्चों के बीच कल्याणकारी योजनाओं के तहत साइकिल दिया जा रहा है। जिससे स्कूल आने जाने मे काफी सुविधा मिलेगी व समय की बचत होगी। मौके पर कंम्प्यूटर ऑपरेटर अभय कुमार सिंह, रंजन कुमार, न्यू लेखापाल जयप्रकाश पासवान, प्रधानाध्यापक इलियास हुसैन, बीपीएम रंजना भारती, प्रधानाध्यापक उमेश चंद्र कुमार, विनय कुमार सिंह, रविंद्र, विधाचल कुमार, विरेन्द्र कुमार सिंह दीलीप कुमार सिंह सहित अन्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### सीएम पशुधन विकास योजना के लाभुकों का 29 से पहले करें चयन : बीडीओ



**मोहम्मदगंज।** बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने सभी मुखिया व पंचायत सचिव को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के योग्य लाभुकों का ग्राम सभा में चयन कराते हुए 29 जुलाई तक उनकी सूची उन्हें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। इससे प्रखंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ प्रतिवेदन ससमय जिला कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। इस संबंध में जारी पत्र में उन्होंने कहा कि उप विकास आयुक्त के पत्र के आलोक में संबंधित योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजनअंतर्गत लाभुकों का चयन ग्राम सभा के माध्यम से कराते हुए प्रखंड स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ सूची वआवेदन 3 अगस्त तक जिला पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना है।

### आपसी जमीन विवाद में एक पक्ष के आधा दर्जन घायल

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाने के रसूलपुर गांव के रहने वाले एक ही परिवार के लोगों में आपसी झड़प के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में एक इकबाल खान ने बताया कि दूसरे पक्ष द्वारा अपनी जमीन पर पहले ही चाहरदीवारी दे दी गई है। जब वे लोग अपने हिस्से पर निर्माण करने लगे तभी दूसरे पक्ष के इसराइल खान, इसराफिल खान मुजफ्फर खान, इदरीश खान,कौसर बीवी हसीना बीवी समेत दो दर्जन लोग हाथ लाठी डंडे, गड़ासा आदि लेकर आ धमके और उक्त भूमि को अपना हिस्सा बताते हुए शुरू में मौखिक विवाद के बाद अचानक घरेलू हथियार से हमला कर दिया। उक्त मारपीट में औरंगजेब खान, नबी रसूल खान, इकबाल खान तबस्सुम बीबी बसरा बीबी फातिमा बीबी शमशुदीन खान घायल हो गए। घायलों ने बताया कि उन्होंने मोहम्मदगंज थाने में इस बाबत प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा उन्हें पहले मोहम्मदगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। वहां बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

### हुसैनाबाद में सर्पदंश से चार गंभीर, तीन रेफर

**हुसैनाबाद।** बरसात के मौसम में सर्पदंश की घटनाएं बढ़ गईं है। अलग अलग गांवों में चार लोगों को सांप ने डंस लिया। जिसमें बुलंद बिगहा गांव निवासी अंकुश कुमार सिंह 18, कंचन बांध गांव निवासी सुमन कुमारी 17वर्ष, सबनवा गांव निवासी कैफ अंसारी 12, लंगरकोट गांव निवासी रिचा कुमारी 10 वर्ष का नाम शामिल है। उक्त चारों लोगों को परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं चिकित्सक ने तीन लोगों को स्थिति को गंभीर देखते हुए अंकुश, सुमन और कैफ अंसारी को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि रिचा कुमारी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. दीपक कुमार सिन्हा ने कहा है कि सर्पदंश की घटना के बाद झाड़ फूक के चक्कर में न पड़े। उन्होंने कहा की सांप काटने से जो भी मौत होती है। उसकी खास वजह लोगों में अन्धविश्वास, व जागरूकता की कमी हैं। लोगों के परिवार सांप काटने के बाद मरीजों को झाड़ फूंक,ओझा गुणी के चक्कर में पड़ जाते हैं। उन्होंने सांप काटने के बाद जितनी जल्दी हो सकें, नजदीकी अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को पहुंचाने का कार्य करें। झाड़ फूंक के चक्कर में काफी देर हो जाती है। जिससे मरीज की मौत हो जाती है।

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

समस्त झारखण्डवासियों को
75वां वन महोत्सव, 2024
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वृक्ष प्रकृति के उपहार की तरह हैं, जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे पर्यावरण को संतुलित और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। पूरे विश्व में तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम की स्थिति बनाने में वृक्षों की बड़ी भूमिका है। वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड लेकर और ऑक्सीजन छोड़ कर हवा को भी साफ करते हैं, जो सभी जीव जंतुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अतिरिक्त, वृक्ष हमें लकड़ी, भोजन, ईंधन, कागज और बहुत कुछ प्रदान करते हैं, जिससे वे हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाते हैं।

हमारी सरकार राज्य के जल, जंगल और जमीन को समृद्ध करने के लिए कृत संकल्पित है और अपने पूर्वजों के धरोहर को संरक्षित कर उसमें और बढ़ोतरी करने के लिए हमेशा से प्रयासरत रही है।

आप सभी इस बात से अवगत हैं कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन का संकट मंडरा रहा है। इस वर्ष मानसून में बारिश को देख लें कि कितना परिवर्तन हो चुका है। यह मानव समाज के लिए ठीक नहीं है और हम सबको मिलकर इसे सही करने का प्रयास करना होगा। इस कड़ी में हम सब वन महोत्सव में पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि जलवायु का तापमान नियंत्रित रह सके, जल संकट से उबर सकें, हवा में प्रदूषण को कम किया जा सके, मिट्टी का संरक्षण हो सके, हमारे राज्य के नदी-नाले सालों भर बहते रहें और पूरा वातावरण सुन्दर और रमणीक लगता रहे।

अब, हमारे लिए अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेना महत्वपूर्ण है। हमें पृथ्वी की उसी तरह देखभाल करनी चाहिए जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। वन महोत्सव के जरिये सभी झारखण्डवासियों से अपील है कि आप पौधे लगाएं, उनको बचाएं और उसे वृक्ष बनाएं।

जोहार!

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 330711 (Forest, Environment and Climate Changes) 2024-25

कांवरियों का पहला जत्था मोटरसाईकल से बाबा धाम रवाना

# विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने झंडा दिखाकर किया रवाना

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद मुख्यालय स्थित पंचमुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद 26 कांवरियों का पहला जत्था गुरुवार को बाइक से बाबानगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने जत्थे को भगवा झंडा दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया। चंद्रवंशी ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा भोले की पूजा-अर्चना से हर मनोकामना पूरी होती है। भगवान भोले से क्षेत्र में अमन-शांति व हरियाली-खुशहाली का दुआ मांगेंगे। डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने सभी कावरियों के मोटरसाइकिल में फूल टंकी तेल डलवाया। साथ ही अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी अपनी ओर से झंडा की व्यवस्था की। वहीं सिंकू चंद्रवंशी ने पानी बोतल व फल का वितरण किया। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद पूनम देवी, समाजसेवी विजय कुमार रवि, महामंत्री मनीष कुमार, संजय ठाकुर, इदरीश हवारी, इसरार हवारी, पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रामप्रवेश मेहता सहित कई लोग मौजूद थे। कांवरियों के जत्थे में शामिल युवाओं ने बताया कि इस बार मोटरसाइकल से सभी लोग बोधगया, सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ होते हुए राजगीर के बाद इसबार दार्जीलिंग, असम के सिद्धपीठ कमाख्या मंदिर तक कि यात्रा तय करेंगे। बाबाधाम जानेवालों में कौशल किशोर चंद्रवंशी, शिव सोनी, राजेश मार्शल, जितेंद्र चौधरी, मनोज चंद्रवंशी पिंटू, धर्मेंद्र गोस्वामी, जोगिंद्र यादव, अखिलेश चंद्रवंशी, पप्पू कुमार गुप्ता, नीरज पासवान, राकेश ठाकुर, नागेंद्र कुमार, सुभाष कुमार, संजीत चंद्रवंशी, रविरंजन विश्वकर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, मनीष कुमार, अशोक कुमार, विक्की सोनि, पंकज शर्मा सहित कई लोगो का नाम शामिल है।



ईश्वर में हमारा विश्वास

कारगिल विजय दिवस

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

अमर जवान

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 26 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 278, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन सं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

**झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा**

## ट्राइबल्स का धर्मांतरण रोकने के लिए क्या हो रही कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में ट्राइबल्स के धर्मांतरण को रोकने को लेकर दाखिल सोमा उरांव की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मामले में कोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा है कि झारखंड के किन-किन जिलों में ट्राइबल्स का धर्मांतरण किया जा रहा है और कितनों को धर्मांतरित किया गया है। कोर्ट ने पूछा कि इसे रोकने के लिए क्या-क्या कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट ने इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकार को स्टेटस रिपार्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड में धड़ल्ले से ट्राइबल्स लोगों का दूसरे धर्म में धर्मांतरण हो रहा है। ट्राइबल्स का धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। उनकी ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि राज्य में चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल लोगों को लालच देकर अन्य दूसरे धर्म में लाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी धर्मांतरण से संबंधित मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए देश की राज्य सरकारों एवं केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।

- **चंगाई सभा के माध्यम से ट्राइबल को लालच देकर अन्य धर्म में लाया जा रहा**
- **धर्मांतरण क्यों हो रहा है, उसके लिए एक जांच कमेटी का गठन करे सरकार**

**झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक ने ग्राहकों के 6 करोड़ रुपए का किया गबन**

## पूर्व शाखा प्रबंधक निलंबित, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना के दंगवार ओपी अंतर्गत दंगवार बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक की शाखा में ग्राहकों के विशेष सावधि जमा खाता, समूह के खाते के अलावा अन्य खातों से करीब छह करोड़ रुपए से अधिक की राशि गबन कर ली गई है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक आशीष रंजन ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने थाना को दिए आवेदन में कहा है कि वरीय प्रबंधक लक्षण राणा ने विभागीय जांच के दौरान खुलासा किया है। जांच में पाया गया कि तत्कालीन शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने 11 महिला समूहों के ऋण खातों को बिना ग्राहक की सहमति के निकासी कर उनके बचत खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। फिर उस खाते से नकद निकासी कर ली गई। इसी तरह विशेष सावधि जमा खातों को ग्राहकों के अनुरोध किए बिना मूल रसीद के बंद कर उसी ग्राहक का फर्जी खाता खोला। बाद में उसमें राशि ट्रांसफर कर फर्जी निकासी की गई है। कुछ विशेष सावधि जमा खातों को परिपक्वता के पहले ही बंद कर उस राशि को तीसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है। सभी लेन देन सिस्टम में दर्ज किया गया है। मगर मूल एसटीडीआर रसीद व राशि ट्रांसफर वाउचर नहीं है। इसके अलावा थाना को दिए आवेदन में कहा गया है कि विशेष सावधि जमा से अवैध निकासी के लिए पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह खाताधारी ग्राहकों की पहचान संख्या का दुरुपयोग कर उनके नाम एक बचत खाता होते हुए दूसरा फर्जी बचत खाता खोला। जिसका उपयोग उन्होंने अवैध रूप से बंद किए गए। विशेष सावधि जमा खाते की राशि को ट्रांसफर करने के लिए किया गया। बचत खाता खोलने संबंधित आवेदन या कोई दस्तावेज अभिलेख संबंधित फाइल में नहीं है। जांच के दौरान 11 मार्च 2024 को शाखा में भौतिक नगद शेष और सिस्टम में दर्ज नगद राशि में भी 2,31,251 रुपए का अंतर पाया गया। इस राशि की वसूली पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह से 30 मार्च 2024 को ही कर लिया गया है। आवेदन में कहा गया है कि अब तक प्रकाश में आए इस प्रकार के अनाधिकृत लेन देन के मामले में कुल राशि 6,03, 34, 245.27 है। यह भी जानकारी है कि निलंबन के बाद पूर्व शाखा प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने 65 ग्राहकों को कुल रुपया 2,18,07, 939.00 का भुगतान किया है। साथ ही रुपया 2,48,81,002.81 की वसूली कर संबंधित ग्राहकों का भुगतान किया जा चुका है। हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर वरीय अधिकारियों के निर्देश में छानबीन की जा रही है।

**प्रधान कार्यालय के निर्देश पर जांच में मामला उजागर**

### एक नजर

**नीट पेपर लीक मामले की जांच करने फिर हजारीबाग पहुंची सीबीआई टीम**

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले की जांच को लेकर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम एक बार फिर से गुरुवार को झारखंड के हजारीबाग पहुंची। तीन वाहनों से पहुंची सीबीआई की टीम ने ओएसिस स्कूल और स्टेट गेस्टहाउस को खंगाला। टीम सबसे पहले दो संदिग्धों को लेकर गेस्टहाउस से निकली। कुछ देर के बाद तीसरे संदिग्ध को भी यहां से ले जाया गया। इस दौरान सीबीआई को कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हाथ लगे हैं। सीबीआई टीम कुछ दिन पहले भी जांच के लिए स्टेट गेस्टहाउस पहुंची थी और जांच के बाद उसे सील कर दिया था। गुरुवार को सील खोलकर सीबीआई टीम गेस्टहाउस में दाखिल हुई। जांच के दौरान टीम के करीब 12 सदस्य मौजूद थे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पटना से भी टीम के साथ पुलिस आई थी। इस दौरान सीबीआई अपने साथ तीन संदिग्धों को लेकर आई थी। सूत्रों ने बताया कि इसमें एक मुख्य आरोपित पंकज है, दूसरा गेस्टहाउस का मालिक राजू है। तीसरा व्यक्ति प्रश्न पत्र का सॉल्वर हो सकता है। करीब तीन घंटे तक सीबीआई गेस्टहाउस को खंगालती रही। इस दौरान फॉरेंसिक टीम भी उनके साथ थी। जांच के बाद सीबीआई ने गेस्टहाउस को फिर से सील कर दिया है। सील किए गए दस्तावेजों पर बीपी राजू, अपर अधीक्षक साइबर अपराध जांच प्रभाग सीबीआई नई दिल्ली लिखा हुआ है। बुधवार को भी सीबीआई टीम जांच के लिए हजारीबाग के मंडी रोड स्थित ओवैसी स्कूल पहुंची थी।

# झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र आज से

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का छह कार्यदिवस वाला मानसून सत्र शुक्रवार (26 जुलाई) से शुरू हो रहा है। अगर कोई आकस्मिक स्थिति नहीं बनी तो यह सत्र पांचवीं विधानसभा का अंतिम सत्र होगा। इस दौरान 29 जुलाई को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। अनुपूरक बजट पर 30 जुलाई को चर्चा की जाएगी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मानसून सत्र को लेकर मंजूरी दे दी है। 27 जुलाई और 28 जुलाई को मानसून सत्र नहीं चलेगा, शनिवार और रविवार के कारण दोनों दिन अवकाश है। 31 जुलाई को प्रश्न काल और राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य किए जाएंगे। इस तरह 2 अगस्त तक मानसून सत्र चलेगा। सत्र को शांतिपूर्ण चलाने के लिए गुरुवार को विधान सभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में स्पीकर कक्ष में विधायक दल के नेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रामेश्वर उरांव, विनोद शेष पृष्ठ 09 पर



- **छह कार्यदिवस होंगे, 29 को पेश होगा अनुपूरक बजट, 30 को होगी चर्चा**
- **27 और 28 को सत्र नहीं चलेगा, शनिवार-रविवार के कारण दो दिन अवकाश**
- **आकस्मिक स्थिति नहीं बनी तो यह पांचवीं विधानसभा का अंतिम सत्र होगा**

### विकास के मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**रांची।** झारखंड में चुनाव से पहले विधानसभा का आखिरी सत्र शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इस साल लोकसभा चुनाव में मिली जबरदस्त सफलता के बाद मानसून सत्र में सरकार को घेरने के लिए मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तैयारी कर ली है। वह भ्रष्टाचार के अलावा विकास कार्यों को भी मुद्दा बनाएगी। सत्र शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा, इस सत्र में हम सरकार के तमाम भूले वादों को याद करायेंगे। चाहे कानून-व्यवस्था का विषय हो फिर सरकार का तानाशाही भरा रवैया, सभी मुद्दों पर सरकार शेष पृष्ठ 09 पर

### हेमंत का तंज : रस्सी-उस्सी लेकर आएं और मुझे बांध लें



विधानसभा के मानसून सत्र की रणनीति बनाने के लिए शुक्रवार देर शाम मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष के मंत्रियों व विधायकों की बैठक हुई। इसमें विपक्ष के हमले का जोरदार जवाब देने की सहमति बनी। इसके साथ ही सत्र के दौश्रान उठने वाने विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई। विपक्ष के सरकार को घेरने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तंज कसते हुए कहा, वे हमें घेरना चाहते हैं तो आएं और रस्सी-उस्सी से बांध लें। मुख्यमंत्री शेष पृष्ठ 09 पर

## दलबदल मामले में लोबिन हेंब्रम और जेपी पटेल की सदस्यता रद्द

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दलबदल के मामले में झारखंड के दो विधायकों जयप्रकाश भाई पटेल और लोबिन हेंब्रम की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई है। स्पीकर रबींद्र नाथ महतो के न्यायाधिकरण ने दोनों के खिलाफ इस संबंध में दायर शिकायत पर संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत सुनवाई के बाद गुरुवार को यह फैसला सुनाया। यह फैसला 26 जुलाई से प्रभावी माना जाएगा। मांडू विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय जनता पार्टी के जयप्रकाश भाई पटेल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे और उसके टिकट पर हजारीबाग सीट से चुनाव मैदान में उतरे थे। इसी तरह झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोरियो क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम राजमहल लोकसभा सीट पर अपनी ही पार्टी के प्रत्याशी के खिलाफ मैदान में उतरे थे। हालांकि, ये दोनों विधायक चुनाव हार गए थे। जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ भाजपा और लोबिन हेंब्रम के खिलाफ झामुमो ने स्पीकर न्यायाधिकरण में दलबदल की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर लगातार दो दिनों तक सुनवाई के बाद बुधवार को न्यायाधिकरण ने बहस की कॉपी 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे तक पेश किए जाने का आदेश देते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। जयप्रकाश भाई पटेल के खिलाफ शिकायत पर सुनवाई के दौरान बीजेपी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने कहा था कि जिस तरह से कांग्रेस में शामिल होकर हजारीबाग क्षेत्र से जेपी पटेल ने लोकसभा चुनाव लड़ा, वह सार्वजनिक है और चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में है। ऐसे में साक्ष्य मांगा जाना और उसके बाद जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग करना न्यायाधिकरण का समय जानबूझकर बर्बाद करने जैसा है। यह मामला पूरी तरह से विधानसभा की 10वीं अनुसूची के तहत दलबदल के दायरे में आता है। इसी तरह लोबिन हेम्ब्रम के मामले में अधिवक्ता अनुज कुमार ने पक्ष रखते हुए कहा था कि यह दल-बदल का नहीं बल्कि पार्टी का अंदरूनी मामला है। जेएमएम की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता अंकितेश कुमार झा ने कहा कि लोबिन हेम्ब्रम ने पार्टी लाइन से हटकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। ऐसे में उनकी सदस्यता खत्म की जाए।

- **जेपी पटेल के खिलाफ भाजपा और लोबिन हेंब्रम के खिलाफ झामुमो दर्ज कराई थी शिकायत**
- **आज से ही प्रभावी होगा निर्णय, दो दिन की सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा गया था फैसला**

### आज | कल




## संताल में कहां खो गए दस फीसदी आदिवासी : निशिकांत

- **मैंने जो कहा उसमें एक भी बात गलत निकली तो दे दूंगा इस्तीफा**

**नई दिल्ली।** झारखंड की गोड्डा सीट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने प्रदेश में घट रही हिंदू आबादी, बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठ, धर्मांतरण और एनआरसी का मुद्दा लोकसभा में उठाया। घट रही हिंदुओं की आबादी पर चिंता जाहिर करते हुए उन्होंने एनआरसी लागू करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ भी कह रहा हूं अगर वह झूठ निकला, तो मैं इस्तीफा देने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के तमाम नेता आज एक ही बात कह रहे हैं कि संविधान खतरे में है। हालांकि, सच्चाई कुछ और है। संविधान नहीं, कुछ लोगों की राजनीति खतरे में है। बिहार से अलग होकर जब झारखंड एक अलग राज्य बना था तब संताल परगना क्षेत्र में 2000 में आदिवासियों की संख्या 36 फीसदी थी जो आज 26 फीसदी है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि दस शेष पृष्ठ 09 पर

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे किए



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिए। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति भवन में पुनर्विकसित शिव मंदिर, स्किल इंडिया सेंटर, क्रिकेट पवेलियन और आरबी एप सहित विभिन्न पहलों की शुरूआत की। अपने कार्यकाल का दूसरा वर्ष पूरा करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक शिक्षिका की भूमिका निभाई। राष्ट्रपति भवन में डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय की कक्षा 9 के विद्यार्थियों के साथ अपनी संक्षिप्त लेकिन जीवंत बातचीत में उन्होंने प्रकृति संरक्षण और जलवायु परिवर्तन का पाठ पढ़ाया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में की गई अन्य महत्वपूर्ण पहलों में भी भाग लिया, जिनमें पुनर्विकसित शिव मंदिर का उद्घाटन, प्रणब मुखर्जी पब्लिक लाइब्रेरी का दौरा, जहां उन्होंने छात्रों से बातचीत की और राष्ट्रपति भवन लाइब्रेरी शेष पृष्ठ 09 पर

**राष्ट्रपति भवन के दरबार और अशोक हॉल का नाम बदला**

### अब गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कहा जाएगा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में स्थित दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिया गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रपति का कार्यालय और आवास, राष्ट्र का प्रतीक है और लोगों की अमूल्य विरासत है। इसे लोगों के लिए और अधिक सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक शेष पृष्ठ 09 पर

**इंडिया**

## कुड़मी नेताओं के त्रिकोण में भाजपा और निर्णायक सरयू राय



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

झारखंड में विधानसभा चुनाव की अघोषित तैयारी में सभी दल लगे हैं और सबसे अधिक गंभीरता से इसे भाजपा ने लिया है क्योंकि लोकसभा में उन्हें अपेक्षा के अनुरूप सफलता नहीं मिली जबकि इंडिया गठबंधन के उत्साह में वृद्धि हुई है क्योंकि लोहरदगा,सिंहभूम और खूंटी से मिली विजय से उनका उत्साह चरम पर है। भाजपा के बड़े नेताओं की झारखंड में गतिविधियां तेज हुई हैं। चुनावी समीकरण पर रांची से लेकर दिल्ली तक में मंथन हो रहा है। एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन में शामिल दलों ने भी चुनाव अभियान की रणनीति पर काम शुरू ही कर दिया है। झामुमो भी अपने कार्यकताओं और घटक दलों का दिल जीतने के प्रयास में लगा है,जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और भाजपा भी अपने कैडर से लेकर अंतिम वोटर तक के सीधे संपर्क में बनाने में लगी है ताकि पार्टी या घटक दलों के बीच कोई शिकवा शिकायत तक न रहे पर मामला इतना आसान भी नहीं है । 2019 के चुनाव में आजसू से गठबंधन न होने का नुकसान दोनों को हुआ और इस बार स्थितियां और भी जटिल हैं । झारखंड में तीन दलों का भविष्य कुर्मी(कुड़मी) वोटरों पर टिका हुआ है। कुड़मी वोटरों पर निर्मल महतो,रामटहल चौधरी,शैलेंद्र महतो जैसे नेताओं का गहरा प्रभाव था पर बाद में आजसू ने उन्हें संगठित किया और अपना ही एकाधिकार समझती थी, लेकिन जदयू के ताल ठोंकने और जेबीकेएसएस के लोकसभा चुनाव में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद परिस्थितियां बदली हुई हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन है कि कि अगले विधानसभा चुनाव में कुड़मी वोट तीन धड़ों में बंट सकता है। विधानसभा की 81 सीटों में से लगभग 30 विधानसभा सीटों पर कुड़मी वोटर निर्णायक साबित हो सकते हैं। इसी कारण भाजपा का आजसू के साथ स्वाभाविक गठबंधन बना हुआ है। हालांकि महत्वाकांक्षी आजसू को इससे ज्यादा फायदा नहीं मिल पाया



और 2005 के विधानसभा चुनाव में आजसू को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। 2009 में आजसू 78 सीटों पर चुनाव लड़ी और उसे सिर्फ एक सीट पर विजय मिली जबकि 2014 में आजसू ने आठ सीटों पर चुनाव लड़ कर पांच सीटें जीतीं। 2019 में 53 सीटों पर लड़ने के बावजूद आजसू को दो ही सीटों पर ही जीत हासिल हुई थी। वहीं जब भाजपा ने जदयू के साथ 63 सीटों पर चुनाव लड़ा, तो जदयू ने 18 में से छह सीटों पर जीत हासिल की थी। तेजी से खतियान आधारित पहचान के लिए संघर्ष करने वाले टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व वाला जेबीकेएसएस जदयू और आजसू का खेल बिगाड़ सकता है। लोकसभा चुनाव में जेबीकेएसएस की जोरदार उपस्थिति ने झारखंड के राजनीतिक दलों के बीच खलबली मचा दी है, आसन्न विधानसभा चुनाव में आजसू और जदयू का गणित गड़बड़ा इससे सकता है। जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने लोकसभा चुनाव में आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। इन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को न्यूनतम 12,556 से लेकर अधिकतम 3,47,322 वोट मिले। वहीं खीरु महतो की अगुवाई में जदयू भी झारखंड में अपनी जमीन तलाश रहा है। नीतीश कुमार के साथ सरयू राय की मुलाकात से इस धारणा को बल मिला है। 2005 के विधानसभा चुनाव में जदयू के छह विधायक चुने गए थे। जदयू झारखंड में कुड़मी वोटरों पर नजर टिकाए हुए है। राज्यसभा सांसद खीरू महतो भी इस पर जोर लगा रहे हैं। टाइगर जयराम महतो ने रांची में प्रेस को संबोधित तो किया पर अपने पत्ते नहीं खोले । हवा उड़ रही है कि वह अपने बड़े समर्थक देवेंद्र महतो के इलाज के लिए दिल्ली नहीं गए थे बल्कि भाजपा ने उन्हें ऑफर दिया है और अध्यक्ष बाबूलाल मराण्डी के सीधे संपर्क में हैं। यदि जयराम से भाजपा गठबंधन करती है तो आजसू इससे बाहर हो जाएगी जिस कारण भाजपा असमंजस में भी है और आजसू पर दबाव भी बना रही है जो चौदह सीटों की मांग कर रहा है जबकि सूत्रों के अनुसार भाजपा चार या पांच सीट से अधिक देना नहीं चाहती । इस बार यदि जयराम महतो पर भाजपा दांव खेलती है तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं और आजसू को ज्यादा नुकसान हो सकता है जो जयराम महतो जैसे नेताओं के निशाने पर है। इसमें सरयू राय भी एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं जिन्हें पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा का टिकट नहीं दिया गया था और तत्कालीन सीएम रघुवर दास को हराने सहित भाजपा को हराने का रणनीतिकार माना जाता है।

### नक्सलियों का झारखंड-बिहार बंद शुरू, पुलिस अलर्ट

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड-बिहार बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद की घोषणा की है। बंद को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने राज्य के सभी एसएसपी- एसपी को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। साथ ही सार्वजनिक स्थल और सड़कों पर पहली नजर रखने को कहा है। इसके अलावा रेलवे पुलिस को भी अलर्ट रहने को कहा है। एक्सप्रेस ट्रेनों के आगे पायलट ट्रेन चलाने को भी कहा है। प्रेस विज्ञप्ति के जरिये प्रवक्ता आजाद ने झारखंड पुलिस पर कई आरोप भी लगाए हैं।

## एक नजर

### सरकारी जलापूर्ति योजना ध्वस्त : सतीश

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में सरकारी जलापूर्ति पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। सप्ताह में अधिक से अधिक तीन-चार दिन पानी आपूर्ति होता है। वह भी गंदा। विभाग के बहाने तरह तरह के हैं। कभी टंकी मे पानी नही चढ़ पाया तो कभी नदी में ज्यादा पानी आ गया। कभी मोटर जल जाता है वो भी महीना में पांच छ बार। ये बातें आजसू के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर में भ्रष्टाचार का चरम प्रकाष्ठा है। न फिल्टर, न ब्लीचिंग पाउडर, न फिटकरी। ठेकेदार सब कुछ ठिक ठाक दिखाकर पीएचईडी व निगम के पदाधिकारियों से बिल पर हस्ताक्षर करा कर बिल निकाल ले रहा है। जिला प्रशासन पूरी तरह मुकदर्शक बनी हुई है।

### अबुआ आवास योजना प्रगति की समीक्षा

# शिथिलता बरतने वाले 33 पंचायत सचिवों का वेतन स्थगित

## डीडीसी ने कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी



**प्रथम किस्त लेने के बाद कार्य प्रारंभ नही**

उपविकास आयुक्त ने सभी पंचायत सचिवों से अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारणों से अवगत हुए। बताया गया कि कई लाभुक प्रथम किस्त लेने के बाद कार्य प्रारंभ नहीं किये हैं। उपविकास आयुक्त ने ऐसे सभी लाभुकों को नोटिस करने का निर्देश दिया। कुछ पंचायत सचिव द्वारा जियो टैग नहीं करने के कारण दूसरे किस्त का भुगतान की कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इसके अलावा प्रगति नहीं होने से संबंधित कई अन्य बिंदुओं पर उप विकास आयुक्त द्वारा गहनता से समीक्षा की गई।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने गुरुवार को अबुआ आवास योजना के प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विश्रामपुर, चैनपुर, हुसैनाबाद, नवाबाजार, लेस्लीगंज, पांडू, पंड़वा, पांकी,पाटन, सतबरवा के विभिन्न पंचायत सचिवों संग बैठक कर उनके क्षेत्र अंतर्गत न्यूनतम प्रगति वाले पंचायतों में अबुआ आवास योजना की क्रम वार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी 33 पंचायत सचिवों का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने के निर्देश दिया। कहा कि अगले एक सप्ताह में प्रगति नहीं होती है तो संबंधित पंचायत सचिवों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## विद्यालय प्रबंधन समिति गठित करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने 926 विद्यालय प्रबंधन समिति पुनर्गठन हेतु आदेश निर्गत किया गया है। सरकारी विद्यालयों में हर 3 वर्ष पर विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया जाना है। विद्यालय प्रबंधन समिति का मुख्य कार्य शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक क्रियाकलाप की निगरानी करना होता है। प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों में जहां 16 सदस्यीय प्रबंधन समिति का चयन किया जाता है, वहीं विद्यालयों में 19 सदस्यीय प्रबंधन समिति होती है। विद्यालय प्रबंधन समिति में 12 ऐसे सदस्यों का चुनाव किया जाता है, जिनके बच्चे संबंधित विद्यालय में पढ़ते हैं। इन्हीं 12 सदस्यों में से अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव होता है, जिनमें से एक पद महिला का होना अनिवार्य है। हालांकि विद्यालय के प्रधानाध्यापक ही प्रबंधन समिति के पदेन सचिव होते हैं। जिले के समग्र शिक्षा अभियान के एपीओ अशोक रजक ने बताया कि जिले के 926 विद्यालयों को 31 जुलाई तक विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन करते हुए जिले को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## झामुमो नेता ने मुख्यमंत्री व मंत्री से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो नेता दीपक तिवारी व पूर्व केन्द्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर जिले की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर सीएम हेमंत सोरेन को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर पलामू प्रमंडल की सरकार में मिथलेश ठाकुर को विकास का काम करने के लिए धन्यवाद भी दिया। दीपक तिवारी ने कहा कि झारखंडी अस्मिता को बचाने की लड़ाई लड़ने वालों में हेमंत सोरेन



का नाम अग्रणी भूमिका में है। उनका मुख्यमंत्री बने रहना झारखंड राज्य व राज्य की जनता के हित में है। उन्होंने पलामू में कुछ माह से बेलगाम हुई अपराधिक घटनाओं पर ध्यानाकृष्ट कराया। साथ ही बताया कि पुलिसिया जांच, अनुसंधान में जनता को जद्दोजहद करना पड़ रहा है, जिससे लोकप्रिय जनता की सरकार का छवि खराब हो रही है। पलामू में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कानून को सख्ती से काम करना पड़ेगा। त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने मंत्री से विमर्श कर मामलों पर संज्ञान लेते हुए कारवाई करने का भरोसा दिया। साथ ही अनुसुचित जाति छात्रावास के छत से पानी टपकने, फेज टू पाईपलाइन, लॉ एंड ऑर्डर को दुरूस्त करने पर आवश्यक कदम उठाने की बात कही। पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने भगवान परशुराम का आर्शीवाद रूपी कुशल नेतृत्व खुशहाल झारखंड की जीवंत झांकियों से भरी यादगार तस्वीर मुख्यमंत्री को भेंट की। साथ ही आगामी विधानसभा में जीत के लिए अग्रिम बधाईदी। कहा कि पलामू जिला शुरू से सरकारी उपेक्षा का दंश झेलता आया है। अब पलामू की जनता को झारखंड सरकार पर विश्वास बढ़ा है।

### फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर डीसी ने की बैठक

# फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 से 25 अगस्त तक मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम एमडीए,आईडीए चलाया जाएगा। विभिन्न विभागों की सहभागिता व आमजनों के सहयोग से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। ये बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वह गुरुवार को समाहरणालय सभागार में एमडीए, आईडीए कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर नोडल पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम व अन्य के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसकी वजह से प्रभावित व्यक्ति का हाथ-पांव आदि प्रभावित अंग फूल जाते हैं। इससे बचाव के लिए निर्धारित तिथि को उम्र व उंचाई के अनुसार आईवरमेकटीन,डीईसी व अल्बेंडाजोल गोली का खुराक खिलाया जाना है। उन्होंने इसके सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्र,स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, वार्ड कार्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थानों को बूथ के रूप में चिन्हित करते हुए दवा खिलाने का कार्यक्रम चलाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी लोगों तक पहुंचे इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिन बूथ पर दवा का सेवन कराया जाएगा। इसके बाद लक्षित आबादी को घर-घर जाकर दवा की एकल खुराक खिलाई जाएगी। इसमें एक से दो वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को डीईसी व आईवरमेकटीन दवा की खुराक नहीं देना है। साथ ही गर्भवती व गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को दवा का सेवन नहीं करना है। इसके अलावे खाली पेट भी दवा का सेवन करने से बचना है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह, एमडीए के नोडल पदाधिकारी सह मलेरिया पदाधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार, जिला भीबीडी पदाधिकारी,डीपीएम दीपक कुमार, डब्लूएचओ रांची के प्रतिनिधि डॉ. मनोज कुमार, भीबीडी सलाहकार, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक व अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**10 अगस्त से खिलायी जायेगी फाइलेरिया की दवा**



## झामुमो युवा मोर्चा ने पलामू में युवा महासम्मेलन कराने का लिया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो युवा मोर्चा की बैठक में युवा महासम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। पलामू के परिसदन में झामुमो युवा मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। संचालन आशुतोष विनायक ने किया। बैठक में अगस्त में झामुमो युवा मोर्चा द्वारा युवा महासम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने कहा अगस्त में युवा महासम्मेलन का आयोजन कराया जाएगा। पलामू में भाजपा के जनप्रतिनिधि लगातार जीतते आ रहे हैं जो साफ तौर पर पलामू के पिछड़ेपन का कारण हैं। महासम्मेलन द्वारा पलामू के युवाओं की आवाज बुलंद की जाएगी और पलामू के समस्याओं को उठाया जाएगा। पलामू में बदलाव बेहद ही जरूरी है। अब वक्त है युवाओं को आगे आने का और समस्या का समाधान करने का। युवा महासम्मेलन बदलाव की शुरूवात होगी। झामुमो की सरकार लगातार जनहित के लिए कार्य कर रही है, जिससे आम जनमानस और युवाओं को इस महासम्मेलन द्वारा अवगत किया



जाएगा। आशुतोष विनायक ने कहा महासम्मेलन पलामू के युवाओं की आवाज बनेगा। भाजपा के जनप्रतिनिधि नाकाम साबित हुए हैं। पलामू, गढ़वा, लातेहार से भी पिछड़ चुका है। अब वक्त है पलामू के नौजवान पलामू के हक के लिए लड़े। युवा महासम्मेलन पलामू के बदलाव का वाहक बनेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में युवाओं के लिए कई कार्य हुए हैं। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष मुकेश चौधरी, बबलू चौधरी, संगठन सचिव संजय चंद्रवंशी, अजमल खान, सदाम खान, बबन ओरांव, सुरेश राम, अरविंद विश्वकर्मा, सुरेश राम, प्रशांत सिन्हा, वाजिद खान, एहसान खान, वकार खान, सुमित वर्मा, सिद्धांत पांडेय, अरुण कुमार, सोनू चौधरी, बिहान ठाकुर, विशाल वर्मा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पौधों की हिफाजत से पर्यावरण व प्रकृति का होगा संरक्षण : किशोर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन के आवासीय परिसर में गुरुवार को रुद्राभिषेक व पूजा अर्चना के समापन पर पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पलामू पुलिस कप्तान, उनके पति सह लातेहार जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के साथ संयुक्त रूप से पौधारोपण किया। पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन और अंजनी अंजन ने कहा कि पौधरोपण अभियान से ही बढ़ते तापमान पर नियंत्रण पाया जा सकता है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि जिस तरह पुलिस समाज के हर वर्ग के लोगों को सुरक्षित रखने के लिए दिन-रात ईमानदारी, निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती है। ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए भी वह जीवन के हर महत्वपूर्ण मौके पर पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें।

## डीसी ने स्कूल रुआर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षावार उतीर्ण सभी छात्र-छात्राओं का अगली कक्षा में नामांकन का कार्य 15 जुलाई से 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने गुरुवार को समाहरणालय परिसर से स्कूल रुआर 2024 कार्यक्रम अंतर्गत तीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न टोलों, गांव, विद्यालयों में जाकर विद्यालय में नामांकन के लिए सरकार का संदेश प्रसारित करेगा। विद्यालय शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षावार उतीर्ण सभी छात्र-छात्राओं का अगली कक्षा में नामांकन का कार्य 15 जुलाई से 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी विद्यालय ड्रॉप आउट व अनामांकित बच्चों का नामांकन 31 जुलाई तक करा लेने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि जिले में ड्राप आउट, अनामांकित बच्चों का विद्यालय में नामांकन करवाने व शिक्षा के मुख्यधारा से बच्चों को जोड़ने को लेकर सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लेकर पूर्व में स्कूलों में भी अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगानंद झा समेत शिक्षा विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

### विधायक ने जनकपुरी मंदिर परिसर में विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास किया

# सनातन धर्म को मजबूत करना है : आलोक

- जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का प्रयास करते है
- मंदिर परिसर में शौचालय व स्नानागार बनाया जायगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने गुरुवार को बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर के प्रांगण में गरीब परिवारों के लिए विवाह मंडप निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि इसी परिसर में विवाह मंडप का निर्माण कराने का वादा किया था। आज उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करने का प्रयास करते हैं। श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर परिसर में विवाह मंडप बनाने की घोषणा की गई थी। मुझे सेवा करने का मौका मिलने पर अत्यंत खुशी होती है। इस विवाह



मंडप का निर्माण सनातन धर्म को संरक्षित व मजबूत करने के हमारे संकल्प का हिस्सा है। विधायक कोटे की निधि से 5 लाख रुपये विवाह मंडप निर्माण के लिए विधायक ने दिया है। उन्होंने कहा मंदिर में कार्य करने से मुझे सुकून मिलता है। सनातन धर्म को बचाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। सनातन धर्म बचेगा, तभी हम बचेंगे। वह कभी भेदभाव नहीं करते, बल्कि अपने सभी के लिए काम करना सीखा है। उन्होंने घोषणा की कि मंदिर परिसर में शौचालय व स्नानागार बनाया जायगा। इसके लिए वह नगर निगम को पत्र लिखकर जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने का निर्देश देंगे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राम जानकी मंदिर न्यास समिति जनकपुरी मंदिर के अध्यक्ष लव तिवारी ने की। संचालन समाजसेवी बृजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू तिवारी ने किया। लव तिवारी ने कहा कि विवाह मंडप का शिलान्यास कर विधायक ने ग्रामवासियों का वर्षों पुराना सपना पूरा किया है। मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद राजू भैया, किशोर पांडेय, नारायण पांडेय, संहिता नंद तिवारी, भूतनाथ तिवारी, विद्या तिवारी, शैलेश तिवारी, श्याम बिहारी तिवारी, प्रेमचंद तिवारी, सुनील तिवारी, श्यामलाल तिवारी, नित्यानंद तिवारी, बृजेश सिंह, अमलेश चौरसिया, बिंदेश्वरी मेहता, विषम चौरसिया, दिलीप तिवारी, सुनील पांडेय, छोटन तिवारी, मनोज प्रजापति सहित कइ उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### पुस्तक का लोकार्पण 28 को

**मेदिनीनगर।** कवि राकेश कुमार द्वारा संपादित पलामू के पांच छांदस रचनाकारों, राकेश कुमार, नीरज कुमार पाठक, रीना प्रेम दुबे, अनुज कुमार पाठक, रमेश कुमार सिंह रचित मुक्तक पंचामृत (साझा मुक्तक-संकलन) का लोकार्पण 28 जुलाई को माता द्रौपदी नामधारी गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल जमुने के प्रशाल में हिन्दी साहित्य भारती पलामू के तत्वावधन में झारखण्ड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार व भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी कुमार मनीष अरविन्द, हिन्दी साहित्य सम्मेलन,औरंगाबाद के अध्यक्ष डॉ. सिद्धेश्वर सिंह, समकालीन जवाबदेही पत्रिका के संपादक डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण-समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र व संचालन युवा कवि विद्या वैभव भारद्वाज करेंगे। विषय प्रवेश प्रखर वक्ता परशुराम तिवारी, स्वागत उद्बोधन वरिष्ठ कवि उमेश कुमार पाठक रेणु, सरस्वती वंदना कवि राम प्रवेश पंडित व धन्यवाद ज्ञापन आचार्य धनन्जय पाठक करेंगे। गढ़वा के साहित्यकार सुरेन्द्र कुमार मिश्र मुख्य वक्ता होंगे। राष्ट्रीय सेवा मंच द्वारा सभी रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में रामाधार सिंह,धनन्जय जयपुरी, दिवाकर झा सहित बिहार व झारखण्ड के कई गणमान्य कवि व साहित्यकार भाग लेंगे।

### सर्प दंश से किशोर घायल

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के बौलिया गांव की रहने वाले लक्ष्मण राम के 17 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार को सांप ने काट लिया। इसके बाद उसके मुंह से झाग आने लगा। परिजनों ने उसे मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सुबह वह अपने घर के बगल के खेत में जा रहा था। उस वक्त घास में छिपा सांप ने उसे काट लिया।

### सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर चौथे दिन भी हड़ताल जारी



**मेदिनीनगर।** सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर मनरेगा कर्मी लगातार चौथे दिन भी हड़ताल पर डटे रहें। मनरेगा कर्मी प्रदेश संरक्षक देवेन्द्र उपाध्याय ने कहा के मंत्री ने मनरेगा कर्मियों के हित में कदम उठाने का आश्वासन दिया है। बुधवार को मनरेगा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर अनिश्चितकालीन हड़ताल व मनरेगा कर्मियों के समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि सरकार मनरेगा कर्मियों के मांग के प्रति संवेदनशील है व बहुत जल्द वार्ता कर समस्याओं का समाधान कर लेंगे। मनरेगा कर्मी विशुद्ध झारखंडी हैं। सरकार झारखंडियों के हित के लिए कृत संकल्प है। मनरेगा कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल ने कहा आश्वासन का कोई भरोसा नहीं है। समस्याओं के समाधान हो जाने तक वह हड़ताल पर डटे रहेंगे। संघ के पलामू जिला इकाई ने झामुमो के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंह से बुधवार को मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही मुख्यमंत्री से मनरेगा कर्मियों की सिफारिश करने की गुहार लगाई। झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि मांगों के विषय में हेमंत सोरेन से बात कर समाधान करने का आग्रह करेंगे। कार्यकारी जिला अध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि मनरेगा कर्मी काफी आक्रोशित हैं। हेमंत सोरेन ने वादा किया है तो निभाना पड़ेगा और नहीं तो गद्दी छोड़ कर जाना पड़ेगा। आश्वासन का घुट्टी पीते-पीते जवानी मनरेगा में बिता दिए। अब बुढ़ापा सुरक्षित करने की लड़ाई है। आश्वासन पर वापस नहीं आएंगे। सरकार संकल्प जारी करें, तभी हड़ताल समाप्त होगा। धरना में विकास पांडेय, अख्तर हुसैन, रामाकांत तिवारी, चंद्रशेखर दुबे, मणि शंकर मिश्रा, राजू कुमार, विजय राम, अजय कुमार, उमेश कुमार, ओमप्रकाश गुप्ता, जगत प्रसाद मेहता, प्रभंजन कुमार सहित सैकड़ो मनरेगा कर्मी उपस्थित थे।

### आपसी मारपीट में आधा दर्जन घायल



**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाने के रसूलपुर गांव के रहने वाले एक ही परिवार के लोगों में आपसी झड़प के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हो गए।घायलों में एक इकबाल खान ने बताया कि दूसरे पक्ष द्वारा अपनी जमीन पर पहले ही चारदीवारी दे दी गई है जब वे लोग अपने हिस्से पर निर्माण करने लगे तभी दूसरे पक्ष के इसराइल खान, इसराफिल खान, मुजफ्फर खान, इदरीश खान, कौसर बीवी, हसीना बीवी समेत दो दर्जन लोग हाथ लाठी डंडे, गड़ासा आदि लेकर आ धमके और उक्त भूमि को अपना हिस्सा बताते हुए शुरू में मौखिक विवाद के बाद अचानक घरेलू हथियार से हमला कर दिया। उक्त मारपीट में औरंगजेब खान, नबी रसूल खान, इकबाल खान तबस्सुम बीबी बसरा बीबी फातिमा बीबी शमशुदीन खान घायल हो गए। मारपीट में औरंगजेब खान तथा बसरा बीबी का सर फट गया है वही नबी रसूल खान के पैर में गड़ासे के वार से गहरा जख्म हो गया है जिसमें 7 टांके पड़े हैं। घायलों ने बताया कि उन्होंने मोहम्मदगंज थाने में इस बाबत फिर दर्ज कराई है। पुलिस द्वारा उन्हें पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां बेहतर इलाज हेतु में मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया है जहां सभी घायलों का गंभीर हालत में इलाज किया जा रहा है।

### कीचड़ में तब्दील रोड को किया गया मरम्मत

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के आसेहार में संचालित हो रहे कुमार सौरभ स्टोन माइंस के संचालक कुमार सौरभ व आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने आसेहार से कुंदरी जाने वाले रोड में डस्ट,मोरम भरकर मरोमती का कार्य किए। जिसे देख राहगीरों में खुशी उमड़ पड़ी। राहगीरों ने दोनो व्यक्ति को श्राहणा करते हुए कहा कि रोड कीचड़ में तब्दील होने के कारण कई बार इस जगह पर दुर्घटना हो चुकी है। किसी ने इस रोड को बनवाने का काम नहीं किया था। बता दें कि उक्त सड़क से दर्जनों गांव के लोग आवागमन करते है। मोरम मिट्टी रोड होने के कारण थोड़ी सी भी बारिस होने पर उक्त रोड कीचड़ में तब्दील हो जाता है। जिसे देख आप नेता कौशल किशोर बच्चन के पहल पर उनकी अनुपस्थिति में उनके छोटे भाई समाजसेवी नवीन कुमार ने आप नेता के निर्देश पर समाजसेवी नवीन कुमार और कुमार सौरभ स्टोन माइंस के सहयोग से आसेहार -कुंदरी के टेड़ी नदी से राजपुर तक सड़क में मोरमती कार्य किया गया। मौके पर नवीन कुमार, अभिषेक कुमार चंद्रवंशी, सनी कुमार, आकाश कुमार चंद्रवंशी, विवेक कुमार ने कीचड़ में तब्दील रोड के ऊपर डस्ट डालते दिखे।

## एक नजर

### बज्रपात से एक की मौत

**गढ़वा।** खरौंधी थाना क्षेत्र के बैतरा गांव में बरसात के दौरान बज्रपात होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय बिहारी राम का पुत्र पुत्तू राम 40 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि फोटो राम अपने घर से मजदूरी करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान शाम पांच बजे बरसात के दौरान बगल में बज्रपात हो गया। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।

### सर्पदंश से घायल

**भवनाथपुर।** चपरी के बिफन बैठा के पत्नी तेतरी देवी गुरुवार के दोपहर सर्पदंश से घायल हो गई। परिजनों द्वारा तत्काल उन्हे ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार तेतरी देवी गुरुवार के दोपहर में किसी काम से अपने खेत तरफ गई थी, खेत के मेढ़ पर चलने के दौरान सांप ने डंस दिया, जिससे वह घायल हो गई।

### पुण्यतिथि पर 400 पौध रोपण किया

**गढ़वा।** समाजसेवी रघुवीर कमलापुरी के पुण्यतिथि पर जोबरईया में विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लहसुनिया पहाड़ के समीप उनके परिवार के सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मौके पर स्वर्गीय रघुवीर कमलापुरी के बड़े पुत्र मदन कमलापुरी और भाई दिलीप कमलापुरी ने कहा कि उनका शुरू से ही सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ कार्य रहा है। हमेशा समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न तरह के कार्यक्रमों में शामिल रहते थे। उनकी पुण्यतिथि पर 400 वृक्षारोपण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर कमलापुरी समाज के अध्यक्ष मनीष कमलापुरी, राजमणि कमलापुरी, दिनेश कमलापुरी, मुकेश कमलापुरी, रोशन कमलापुरी, गिरीश कमलापुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### दुर्घटना में वृद्ध घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर खरौंधी मुख्य पथ पर गुरुवार के सुबह मकरी के ढेकुलिया टोला के समीप बाईक के धक्के से ढेकूलिया टोला निवासी माखन ठाकुर 72 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हे ईलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक नीतीश भारती ने प्राथमिक ईलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। वहीं परिजनों ने बाईक को पकड़ कर अपने पास रख लिया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है, कि वृद्ध माखन ठाकुर गुरुवार के सुबह मुख्य पथ पर टहल रहे थे, तभी भवनाथपुर से खरौंधी की तरफ जा रहे उत्कर्ष माईक्रो फाइनेंस के कर्मी के बाईक से वृद्ध को धक्का लग गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर डीसी ने की समीक्षा बैठक

# स्वतंत्रता सेनानी व शहीद जवान के आश्रितों को सम्मानित करने का



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में स्वतंत्रता दिवस समारोह (15 अगस्त 2024) के आयोजन के संबंध में बैठक किया गया। बैठक में मुख्य कार्यक्रम स्थल का चयन करते हुए झंडोत्तोलन कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर मंच का निर्माण, मुख्य समारोह स्थल के मंच पर बैठने की व्यवस्था, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, मुख्य समारोह स्थल पर चिकित्सा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड का मुद्रण एवं वितरण, प्रभात फेरी परेड का आयोजन, राष्ट्रगान का पूर्वाभ्यास, स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद जवान के आश्रितों को सम्मानित, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित, मुख्य समारोह स्थल पर अग्निशमन की व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर ध्वनि विस्तारक यंत्र की व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मुख्य समारोह स्थल पर विधि व्यवस्था, मुख्य समारोह स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था/ विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था, फुटबॉल मैच का आयोजन एवं अन्य तैयारियों को लेकर कार्यक्रम का रूप रेखा तैयार करते हुए उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल पर उपायुक्त ने अतिथियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस के दिन ट्रैफिक एवं नो एंट्री को लेकर भी उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी निर्देश दिए, जिससे प्रभात फेरी समेत अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में आवागमन की समस्या न उत्पन्न हो। उपायुक्त ने निर्धारित समय पर सभी कार्यक्रमों के आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम स्थल एवं शहर की साफ सफाई को लेकर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद को आवश्यक निर्देश दिए। परेड को लेकर उपायुक्त ने अच्छे से पूर्वाभ्यास करने को कहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय गायक एवं गायिका को आमंत्रित करने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित कार्यपालक अभियंता को दिया गया। स्वतंत्रता दिवस के दिन जेएसएलपीएस की दीदियों को भी तिरंगे के साथ प्रभात फेरी निकालने को कहा गया। ध्वनि विस्तारक यंत्र को लेकर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को दिए गए कार्यों को सक्रिय होकर करने एवं निर्धारित समय पर सभी को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी हेतु आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पाण्डेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कमांडेंट सीआरपीएफ-172 बटालियन, जिला परिषद उपाध्यक्ष, निदेशक डीआरडीए अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक, स्थापना उप समाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थें।

### प्रशासन एवं मीडिया/जन प्रतिनिधि के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन

स्वतंत्रता दिवस समारोह में झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम गोविंद इंटर कॉलेज (टाउन हॉल) गढ़वा के मैदान में प्रातः 09 बजकर 01 मिनट में किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के दिन कई अन्य सरकारी स्थानों पर भी झंडोत्तोलन एवं राष्ट्रगान कार्यक्रम किया जाएगा, इनमें उपायुक्त आवासीय कार्यालय में प्रातः 08:05 बजे, समाहरणालय गढ़वा में प्रातः 10:20, जिला परिषद कार्यालय में 10:35, अनुमंडल कार्यालय गढ़वा में प्रातः 10:50, नगर परिषद कार्यालय गढ़वा में प्रातः 11:00, पुलिस लाइन गढ़वा में प्रातः 11:30 बजे का समय निर्धारित है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशासन एवं मीडिया/जन प्रतिनिधि के बीच अपराह्न 02:00 बजे से फुटबॉल मैच का आयोजन नव निर्मित फुटबॉल स्टेडियम गढ़वा के मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को संध्या 06 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल, गढ़वा में किया जाएगा।

## डीईओ ने इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा गठित टीम गुरुवार को शंकर प्रताप देव इण्टर कॉलेज का निरीक्षण किया। इस दौरान कॉलेज कर्मियो के शिकायतों को लेकर जांच की गई। जांच टीम में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा और ओम प्रकाश सिंह शामिल थे। जांच के दौरान बिंदुवार कर्मियों से पूछताछ किया। इस दौरान नियुक्ति और शासी निकाय की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी ली। साथ ही अनुदान वितरण और कुछ कर्मियों के वेतन भुगतान में रोक को लेकर भी जानकारी ली। टीम ने कहा कि जांच में अनियमितता पाई जाने पर कार्यवाई की जायेगी। जांच के दौरान कर्मियों ने अपनी समस्याओं से टीम को अवगत कराया। इस दौरान कृष्ण जायसवाल, राजू प्रसाद, अश्विनी चौबे, सत्येंद्र नाथ पांडेय, अभिजीत प्रताप देव, दिनेश कुमार सिंह, मदन सिंह, मनीष कुमार सिंह, विकास प्रताप देव, अंजू सिंह, रेखा देवी, निखिल रंजन, अरबिंद प्रसाद गुप्ता, सुनील कुमार सहित कई कर्मी मौजूद थे।

## 48 मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची का किया गया प्रकाशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के सभी 48 मतदान केंद्रों के साथ साथ प्रखंड कार्यालय पर मतदाता सूची के प्रारूप का गुरुवार को प्रकाशन किया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलअधिकारी खरौंधी रविन्द्र कुमार ने बताया गया सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर जाकर प्रारूप सूची में अपना नाम देखें। यदि किसी का नाम गलत हो, किसी का नाम हटवाना हो या अपने रिश्तेदारों का नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाना हो तो मतदान केंद्र पर ही बीएलओ के माध्यम से या स्वयं ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं या किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार कर सकते हैं। बीडीओ रविन्द्र कुमार द्वारा बताया गया की प्रारूप प्रकाशन के साथ ही सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें संबंधित बूथों के बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी गयी। जिसकी सारी तैयारी करते हुए बुधवार को सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का प्रारूप व पोस्टर का वितरण किया गया था। सभी 48 मतदान केंद्रों पर गुरुवार को बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची प्रकाशन में प्रमुख आभा रानी जीपीएस उमेश कुमार, सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, सुनैना देवी, अनिता देवी कश्मीरा बानो, तिलेश्वरी देवी, पूनम देवी, दुर्गावती देवी, मुनि देवी, अजन्ता देवी, उर्मिला देवी, शांति देवी, मिना देवी सहित सभी बीएलओ उपस्थित थे।

## राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से भानू पर केस कराया गयाः भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** भवनाथपुर विधान सभा के कुछ विपक्षी नेता विधायक भानु प्रताप शाही के ऊपर एसटी, एससी का केस दर्ज कराया है। जब चुनाव आता है तो एक दूसरे पर कुछ ना कुछ आरोप प्रत्यारोप लगाते रहते है। झारखंड में विधान सभा का चुनाव होने वाला है। राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से विधायक भानु प्रताप शाही पर फर्जी केस कराया गया है। उक्त बातें विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास तथा भाजपा मंडल महामंत्री इग्नासियुस बाड़ा ने प्रखंड कार्यालय में संयुक्त रूप से कही। साथ ही बताया 20 जुलाई को विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा था कि प्रदेश में वर्तमान सरकार जनविरोधी तथा भ्रष्ट सरकार है। विधान सभा चुनाव में कार्यकर्ताओ तथा प्रदेश की जनता के बल पर हाथ पकड़कर उतारने का काम करेंगे। इस मामले को विपक्ष के लोगो ने तुल पकड़ाते हुए एससी,एसटी का केस दर्ज कराया है। जब एक व्यक्ति निर्वाचित होता है और जनप्रतिनिधि का दायित्व आता है, तो उसका जीवन सार्वजनिक होता है। इसलिए वह जाति, संप्रदाय से ऊपर उठकर काम करता है। भानु प्रताप शाही ने सरकार को बांह पकड़कर उतारे की बात कही है। किसी जाति संप्रदाय का नाम नहीं लिया है। इसलिए इसमें एससी/एसटी का कोई मामला नहीं बनता है। इस मामले में विपक्षियों द्वारा एससी, एसटी का केस दर्ज कराना सरकार गलत है। उनके घटिया सोच को दशार्ता है।

## 70 कांवरिया बाबा धाम रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** सावन महीने के चौथे दिन मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव से 70 की संख्या में कांवरियों का जत्था देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर मुखिया फूलवंती देवी झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनुमंडल अध्यक्ष हरेंद्र चौधरी द्वारा सभी कांवरियों को अंग वस्त्र देकर तथा जलपान इत्यादि उपलब्ध कराया।सभी शिव भक्त बोधगया सुल्तानगंज देवघर बाबा बासुकीनाथ राजगीर लक्ष्मण झूला दर्शन करेंगे। तीर्थ यात्रा को लेकर कांवरियों में काफी उत्साह था हर हर महादेव जय बाबा बैजनाथ धाम इत्यादि के नारे लगाते हुए लोग प्रस्थान किया। इस मौके पर प्रणय चौबे, अर्केश चंद्रवंशी संतोष कुमार चौधरी अनिल चौधरी शिवदत चौधरी नवल राम गीता देवी राजेंद्र चौधरी सहित गांव के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 12 पशु के साथ दो पशु तस्कर गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** पुलिस ने पशु तस्करों पर बड़ी करवाई की। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की सुबह करीब चार बजे डंडई यदुवंशी पेट्रोल पंप के रास्ते से ले जा रहे 12 मवेशियों को जब्त किया है। साथ ही मामले में दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक पिकअप वैन में भरकर तस्करी के लिए पशु को लेकर जाया जा रहा है। डंडई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप वैन से ले जा रहे 12 मवेशियों को डंडई मेराल मुख्य पथ के पास से जब्त कर लिया है। साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुम्बा थाना के अंसार शाह पिता तसलीम शाह व औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना अंतर्गत पीराहिबाग निवासी अकरम कुरैसी पिता अहमद कुरैसी को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्करों को डंडई थाना में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है।

24 सदस्यीय गढ़वा जिला टेबल टेनिस टीम रांची रवाना

## प्रतियोगिता में जिला को चैंपियन बनाने के साथ- साथ चैंपियन बनकर आए : अध्यक्ष

**आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दे तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता**



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रांची में शुक्रवार से आयोजित सेकेंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते होए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि आप अपने लक्ष्य को पाने के लिए जो मेहनत कर रहे है उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए आप जा रहे है। प्रतियोगिता में जिला को चैंपियन बनाने के साथ साथ चैंपियन बनकर आए। आप अपने खेल का शत प्रतिशत लगा दे तो आपको जीत से कोई रोक नहीं सकता है। आप सभी लोग जिले का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की टीम के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता को लेकर बेहतर तैयारी की है पहले की अपेक्षा टीम इस बार बेहतर करेगी 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर, अनूप कुमार, अमन कुमार पाल,अनिमेष कुमार पाण्डेय, कार्तिक पाल,नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पाण्डेय,सचिन कुमार ,रोहन पाल, मयंक राज, पलक भारती ,अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, अभिजीत यादव, आशिता प्रियदर्शिनी, अनिल कुमार मेहता ,मानवी चौबे, वर्षा रानी और अंशु किरण को शामिल किया गया है। टीम का कोच संघ के कार्यकारी सदस्य अजय कुमार ठाकुर को बनाया गया है। मौके पर अभिभावक उमेश यादव, आमोद कुमार पांडेय, संजय कुमार सिंह उपस्थिति थे।

## न्यूज बॉक्स

### अंचलाधिकारी में प्रोन्नति होने से गांव में हर्ष

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के अरसली उतरी गांव निवासी मुस्ताक अहमद खां के पुत्र औसाफ अहमद खां का अंचलाधिकारी के रूप में प्रोन्नति होने से अरसली सहित पूरे प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर है। वर्तमान में वह पलामू जिले के हुसैनाबाद में सीआई के पद पर पदस्थापित है। यहां से उनका पाकुड़ जिले के अमरापाडा प्रखंड में अंचलाधिकारी के रूप में प्रोन्नति मिला है। जानते चले कि औसाफ अहमद खां वर्ष 2012 से 2014 तक भवनाथपुर में कर्मचारी रहते परीक्षा पास कर चान्हो और नगड़ी में सीआई के रूप में अपनी सेवा दिए। औसाफ अहमद खां ने बताया कि उनकी सफलता में हाई स्कूल के सभी शिक्षकों एवं डाल्टनगंज में कोचिंग चलाने वाले शिक्षक उमाशंकर चौबे के साथ साथ उनकी माता का अहम योगदान रहा। उनकी इस सफलता से पूरे गांव, समाज और परिवार के लोग प्रफुल्लित है।

### डंडई प्रखंड को एक साथ मिले बीडीओ और सीओ

**डंडई।** लंबे समय से अतिरिक्त प्रभार में चल रहे प्रखंड को इस बार एक साथ स्थाई बीडीओ और सीओ मिल गए हैं। अलग-अलग पत्रांक के माध्यम उक्त दोनों पदाधिकारियों की प्रखंड में नए पदाधिकारी के रूप में पोस्टिंग हुई है। उसके अनुसार राज्य सरकार की ओर से राजकुमार प्रजापति को सीओ के रूप में पोस्टिंग की गई है तो मनोज कुमार तिवारी को बीडीओ के रूप में । मनोज कुमार तिवारी चतरा जिले के मूल निवासी हैं तो राजकुमार प्रजापति गढ़वा जिले से सटे पलामू जिला के निवासी बताए जाते हैं । मनोज कुमार तिवारी चतरा जिले के मनिका प्रखंड में बतौर बीडीओ के पद पर पद स्थापित थे तो राजकुमार प्रजापति अपने गृह जिला पलामू में ही बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा प्रमोशन कर उन्हें डंडई प्रखंड के लिए सीओ के रूप में पोस्टिंग किया गया है। राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग का सरकारी परिपत्र के माध्यम सीओ की तबादला सूची का क्रमांक 46 पर उनका नाम दर्ज है। इसी प्रकार ग्रामीण विकास विभाग के जारी तबादला सूची में क्रमांक 40 पर बीडीओ मनोज कुमार तिवारी का नाम दर्ज है। मामले में देखना दिलचस्प होगा की उक्त दोनों पदाधिकारीयों द्वारा ब्लॉक में योगदान दिया जाता है या नहीं। क्योंकि छह माह पहले प्रखंड के प्रभारी बीडीओ राहुल कुमार सानू को दूसरे जिला के लिए स्थानांतरण कर सुदेश कुमार को प्रखंड के लिए नए बीडीओ के रूप में राज्य सरकार की ओर से पोस्टिंग किया गया था । लेकिन वे आज तक प्रखंड में योगदान नहीं दिए। नतीजन जिले के उपायुक्त शेखर जमुआर के द्वारा मेराल बीडीओ जागो महतो को प्रखंड का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा था । इसी तरह अब तक प्रखंड में सीओ की पोस्टिंग नहीं होने के कारण यह भी पद सिर्फ और सिर्फ प्रभार में ही संचालित होते आ रहा था ।मेराल बीडीओ की तरह वहीं के सीओ यसवंत नायक को प्रखंड के आंचल का प्रभार देकर काम चलाया जा रहा था। उधर प्रखंड में एक साथ दोनों पदाधिकारीयों की पोस्टिंग होने से प्रखंड वासियों के बीच खुशी की लहर है।

### विद्यालय में अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय झगराखांड़ में गुरुवार को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य,अभिभावक,शिक्षक व बाल संसद के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में अभिभावकों एवं शिक्षकों के आपसी चर्चा के बाद विद्यालय में बच्चों की शत प्रतिशत नामांकन व उपस्थिति पर बल दिया गया। वहीं विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करने,माता-पिता द्वारा बच्चों को घर पर स्वध्याय देने में सहयोग करने,बच्चों के साफ-सफाई एवं अध्ययन करने पर बल देना,विद्यालय में पड़ी हुई लकड़ी की नीलामी कराये जाने सहित सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्री बसी फूले योजना को शत प्रतिशत लागू किये जाने इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा हुई। गोष्ठी में प्राचार्य मिथिलेश दुबे,शिक्षक घनश्याम गुप्ता,अमित सिंह,वरुण सिंह,बाल संसद सदस्य साजन कुमारी,आरती कुमारी,साक्षी पांडेय,आयुष कुमार पाठक,ज्ञानेश्वर पाठक, जयप्रकाश यादव,संगीता देवी,अनिता देवी,मंजु देवी,सुरजकली देवी शंभु सिंह सहित अन्य अभिभावक और प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### वज्रपात से वृद्ध की मौत

**खरौंधी।** थाना क्षेत्र के कुपा पंचायत के बैतरा गांव में गुरुवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इधर वज्रपात की सूचना पर पूर्व उपप्रमुख खरौंधी सह जिला प्रवक्ता आजसू पार्टी गढ़वा गोरखनाथ चौधरी ने घटनास्थल पर पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। तथा परिजनों को सरकारी लाभ दिलाने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार से दूरभाषा पर बात कर सरकारी लाभ देने की मांग की।उन्होंने कहा की मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन से चार लाख पचास हजार रुपए का लाभ दिलवाने का प्रयास करूंगा। वही वज्रपात की खबर सुनते ही गांव के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर चंदन कुमार वर्मा,रमेश साह, प्रभु राम,संजय राम,विकास राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वज्रपात से तीन घायल, एक गंभीर

**डंडाई ।** थाना क्षेत्र के पचोर गांव में गाय चरा रहे तीन चरवाहों पर गुरुवार के दिन वज्रपात की घटना घट गई। उक्त घटना में पति-पत्नी के साथ एक अन्य ग्रामीण भी गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं आनन फानन में घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सबसे डंडाई पीएचसी लाया गया। यहां पर तीन घायलों में एक की स्थिति गंभीर देख उन्हें मेराल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि पति और पत्नी देवनारायण सिंह व कॉल पटिया देवी दोनों को अस्पताल के चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पचोर गांव निवासी देवनारायण सिंह व कैलाश सिंह संयुक्त रूप से अपने-अपने गए बेल और बकरी को लेकर पहाड़ की ओर घास चराने गए थे। इसी दौरान एकाएक उक्त दोनों पर की बज्रपात की घटना घट गई जिस कारण दोनों स्थल पर ही गंभीर रूप से घायल हो कर गिर गए । वहीं अन्य चरवाहों की जानकारी पर देवनारायण की पत्नी कवालपतिया देवी भागे भागे अपने पति के पास जा रही थी। इसी दौरान वहां पहुंचने से पहले ही उसके ऊपर भी बज्रपात की घटना घट गई जिससे उसके कुछ ही दूर पर बेहोश होकर गिर गई। वहीं उक्त स्थल जा रहे गांव के ग्रामीणों के द्वारा उक्त तीनों को इलाज के लिए डंडाई अस्पताल लाया गया ।यहां पर कैलाश की स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों के द्वारा बेहतर इलाज को लेकर मेराल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पति और पत्नी दोनों से घटना के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की गई लेकिन दोनों में से एक भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं थे। वहीं उनके साथ में आए गांव के ग्रामीण शनेश्वर सिंह ने घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। अस्पताल में इलाज कर रहे चिकित्सा अभिषेक जायसवाल ने बताया कि दोनों की स्थिति खराब थी लेकिन जैसे-जैसे दवा हो रहा है वैसे-वैसे उक्त दोनों की स्थिति में सुधार होते चला जा रहा है। उन्होंने बताया कि वज्रपात की घटना में चोटिल होकर तीन मरीज अस्पताल लाए गए थे। उनमें कैलाश सिंह नामक एक मरीज की हालत ज्यादा खराब थी जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मेराल अस्पताल भेज दिया गया। साथ ही देवनारायण सिंह और उनकी पत्नी कवालपतिया देवी का इलाज हम लोगों के देख रेख में किया जा रहा है ।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रसास

**गढ़वा।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कादर गांव निवासी स्वर्गीय शिव प्रसाद मेहता का पुत्र शंभू मेहता कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शंभू मेहता अपनी पत्नी से सांप को मारने के लिए लाठी की मांग किया था, लेकिन उसकी पत्नी कामकाज में बिजी होने के कारण उसकी आवाज को नहीं सुनी। इसी बात को लेकर पत्नी से नोक झोंक कर लिया। शंभू मेहता ने घर में रखे कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

## एक नजर

### चैनपुर में पिकअप वाहन पलटा, कोई हताहत नहीं



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के सिलफड़ी गांव के समीप एक पिकप वाहन संख्या जेएच 07 सी 3940 टर्निंग में अनियंत्रित होकर पलट गई बताया जा रहा है कि वाहन में ड्राइवर को मिलाकर कुल तीन लोग सवार थे। हालांकि इस घटना में किसी को चोट नहीं लगी है वहीं पिकप ड्राइवर मौके से फरार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खाली पिकप वाहन डुमरी से कटकाही की ओर आ रहा था। तभी तीखा मोड़ होने के कारण ड्राइवर अपना संतुलन खो गया। जिसके बाद गाड़ी रोड से नीचे उतरकर पलट गई इधर घटना की सूचना पर चैनपुर पुलिस मौके पर पंहुच कर मामले की जानकारी लेते हुए गाड़ी को जेसीबी के द्वारा सीधा कर थाना ले जाया गया। इधर दुर्घटनाग्रस्त पिकप मालिक का नाम डुमरी के नवाडीह चौक का सचिन एक्का बताया जा रहा है।

### सड़क में डिवाइडर बनाकर फिर तोड़ना समझ से परे : मिथुन



**लोहरदगा।** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मीडिया प्रभारी मिथुन तमेडा ने बयान जारी कर पथ निर्माण विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ महीने पूर्व शहरी क्षेत्र के बरवाटोली स्थित धर्मशाला से अजय उद्यान तक सड़क में डिवाइडर का निर्माण किया गया था। जिसे कुछ दिन पूर्व हटा दिया गया। सड़क में डिवाइडर का बनाना और तुरंत हटाना समझ के परे है। इस डिवाइडर के निर्माण में जो खर्च हुई है वह पैसा किसका है आम जनता का, इंजीनियर का, ठेकेदार का या विभाग का है। वहीं बिना सोच विचार किए किसी योजना को लेकर जनता के पैसे की बरबादी करना और विकास कार्यों में खर्च होने वाले पैसों का अनावश्यक बंदरबांट करना कहां तक सही है। इधर डिवाइडर के तोड़ने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हुई है।

### भंडरा में करंट लगने से महिला गंभीर रूप से झुलसी



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कचमची गांव में गुरुवार को करंट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। जिसे स्थानीय ग्रामीण व स्वजनों की मदद से इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बता दें कि कचमची गांव निवासी सुरेंद्र उरांव की पत्नी मंजू उरांव (26 वर्ष) अपने घर में मोटर चालू कर रही थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई। करंट की चपेट में आने से मंजू पूरी तरह झुलस कर बेसुध पड़ी हुई थी।

### लोहरदगा में बिजली चोरी में चार लोगों पर प्राथमिक दर्ज

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला शहरी क्षेत्र में बिजली विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई करते हुए छापेमारी के दौरान विभाग ने चार लोगों पर बिजली चोरी के संबंध में लोहरदगा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बता दे के बिजली मीटर में टोका लगाकर बिजली चोरी करने का लगातार मामला सामने आ रहा था। इसी कड़ी में बिजली विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस छापेमारी दल में अंजू कच्छप, सहायक विद्युत अभियंता, समीउल्लाह अंसारी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ,सुबोध कुमार सिंह, मोहम्मद फिरोज अख्तर, रंजीत उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने किया बूथों का औचक निरीक्षण

# हैशटैग 'नाम जांचों' अभियान को लेकर जागरूकता रथ किया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिले के सभी मतदान केंद्रों में प्ररूप प्रकाशन की प्रति उपलब्ध कराई गई थी एवं बीएलओ की उपस्थिति में मतदाताओं का सूची में नाम का मिलान किया गया। उक्त को लेकर जिले के सभी मतदान केंद्रों में उचित व्यवस्थाओं को देखने के लिए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के रायडीह प्रखंड स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने रायडीह प्रखंड के आरसी मध्य विद्यालय माझा टोली स्थित बूथ संख्या 294 एवं 295, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय कटाया स्थित बूथ संख्या 293, राजकियाकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय केराडीह (रायडीह) स्थित



*जिले के हजारों मतदाताओं ने हैश टैग नाम जांचों अभियान में लिया भाग*

बूथ संख्या 292 एवं आरसी प्राथमिक विद्यालय टूडूरमा स्थित मतदान केंद्र संख्या 278 का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने उक्त सभी मतदान केंद्र के प्ररूप प्रश्न के प्रति की जांच की इसके साथ ही मतदान केंद्र में आएं मतदाताओं के नाम का भी सूची से मिलान कर उनके नाम की पुष्टि की। उपायुक्त ने उपस्थित बीएलओ को मतदाताओं के छुटे हुए नाम को जोड़ने, नाम में सुधार एवं संशोधन करने एवं मतदाताओं के पुराने ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में सुधार करने हेतु निर्देश दिए।

### लोगों ने ली सेल्फी व सोशल मीडिया पर किया अपलोड

आज मतदाता सूची के प्ररूप प्रकाशन के अवसर पर राज्य भर में नाम जांचों अभियान का संचालन किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त ने भी अपने बूथ (महिला उच्च विद्यालय गुमला) में जाकर अपने नाम का मतदाता सूची से मिलाव किया एवं उन्होंने सूची के साथ सेल्फी लेकर अपने फोटो को सोशल मीडिया पर अपलोड किया। इसके साथ ही उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिले के तमाम वरीय अधिकारियों , कर्मियों सहित हजारों की संख्या में मतदाताओं ने अपने नाम का मिलवा मतदाता सूची से करते हुए उसकी सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड की एवं गुमला जिले से इस हैश टैग नाम जांचों सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाया।

### मतदाता सूची से नाम मिलान के लिए लोगों से अपील की

आज मतदाता सूची के प्ररूप प्रकाशन के अवसर पर जिले के मतदाताओं का नाम कहीं मतदाता सूची से छूट ना जाए, एवं किसी प्रकार की गलती न हो, एवं तनाव मुक्त होकर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके, इस उद्देश्य से आम नागरिकों को लगातार मतदाता सूची से अपने नाम का मिलाव करने की विभिन्न माध्यमों से अपील की जा रही थी। इस अवसर पर जिले में आज प्रातः काल में ही नाम जांचों अभियान के तहत एक जागरूकता रथ को रवाना किया गया। जिसे उपायुक्त, डीडीसी एवं जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर उक्त जागरूकता रथ को रवाना किया गया था।

## सर्पदंश से नहीं जानी चाहिए किसी भी मरीज की जान : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बारिश के मौसम को देखते हुए जिले में सर्प दंश के कई मामले देखने को मिल रहें हैं। इस स्थिति को देखते हुए गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिला समन्वय समिति की बैठक में भी इस विषय पर गुमला उपायुक्त ने गंभीरता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई करते हेतु, सिविल सर्जन गुमला को सभी सीएचसी केंद्रों में सर्पदंश से बचाव हेतु एंटी स्नेक वेनम दवाई की उपलब्धता को बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। सिविल सर्जन राजू कच्छप द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले के सभी सीएचसी केंद्रों में प्रचुर मात्रा में एंटी स्नेक वेनम दवाई को उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने जिले वासियों से भी अपील की है कि यदि किसी



व्यक्ति को सांप काट लें तो बिना विलंब किए उन्हें तुरंत अपने नजदीकी सीएचसी केंद्र में ले जाए ताकि मरीज की जान बचाई जा सके। इस दौरान सिविल सर्जन गुमला ने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों/ स्वास्थ्य उपकेंद्रों में उपलब्ध एंटी स्नेक वेनम (अरश) की उपलब्धता का भी ब्योरा दिया। रेफरल अस्पताल गुमला में आज कुल 100 एंटी स्नेक वेनम की दवाई उपलब्ध है।

## मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित मतदाताओं ने जांचे अपने नाम

### डीसी, एसपी, डीडीसी, एसडीओ ने सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 के अंतर्गत गुरूवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया और सोशल मीडिया पर एक घंटे का #नाम जांचो हैशटैग अभियान चलाया गया। सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहे और मतदाताओं का नाम जांच करने में उनकी सहायता की।

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित



कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने नाम वोटर हेल्पलाईन एप पर व 1950 नंबर एसएमएस कर जांचे। मतदान केंद्रों पर बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को प्रपत्र-6,7 एवं 8 उपलब्ध कराया गया।

उपायुक्त द्वारा मतदान केंद्र विज्ञान भवन का निरीक्षण किया गया। जहां उपायुक्त समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली गई। अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा नगर परिषद क्षेत्र में एवं प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों/अंचल अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

### सोशल मीडिया पर चलाया गया 'नाम जांचो' अभियान

## चुनाव आयोग ने प्रकाशित किया राज्य की मतदाता सूची का ड्राफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** झारखंड में मतदाता सूची का दूसरा विशेष सुधार कार्यक्रम 25 जून से शुरू किया गया था, जो 24 जुलाई तक चला। गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी एवं सीओ दुर्गा कुमार प्रखंड के सभी बूथों मे आयोजित नाम जांचो कार्यक्रम का जायजा लिया. मौके पर बीडीओ-सीओ ने सभी मतदाताओं से अपने नाम की जांच करने और दूसरों को भी इसके बारे में बताने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की चुनाव आयोग ने दूसरा विशेष सुधार कार्यक्रम के तहत झारखंड की मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित कर दिया है। आयोग ने सोशल मीडिया पर नाम जांचो अभियान चलाया, जिससे मतदाताओं को ड्राफ्ट लिस्ट में अपने नाम को जांचने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। सीओ दुर्गा कुमार ने बताया




कि प्रखंड के सभी बूथ ड्राफ्ट लिस्ट प्रदर्शित कर दिया गया है। उन्होंने बताया की झारखंड में मतदाता सूची का दूसरा विशेष सुधार कार्यक्रम 25 जून से शुरू किया गया था, जो 24 जुलाई तक चला। सीओ ने सभी मतदाताओं से अपने नाम की जांच करने और दूसरों को भी इसके बारे में बताने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मतदाता चुनाव आयोग के ऑनलाइन माध्यमों के जरिए जैसे वोटर हेल्पलाइन एप या वोटर सर्विस पोर्टल में भी अपना नाम देख सकते हैं। मतदाता सुधार के लिए नौ अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं। वोटर लिस्ट का प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा। सामान्य मतदाताओं में इसे लेकर जागरूकता फैलाने के लिए सोशल मीडिया पर नाम जांचो अभियान चलाया गया है। बता दें कि झारखंड में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। साल 2019 में विधानसभा चुनाव नवंबर-दिसंबर में हुआ था।

## 'समाज में अंधविश्वास आज भी विद्यमान, इसे दूर करना है'

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-प्रखंड सभागार बसिया में गुरुवार को महिला बिकास मंडल की और से प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीडीओ सुप्रिया भगत एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर बीडीओ सुप्रिया भगत ने गरिमा केंद्र के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में अंधविश्वास जैसे कुरीति आज भी दीमक की तरह चाट रही है। इससे समाज में महिलाओं को मानसिक प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गरिमा परियोजना का आरंभ प्रखंड में 2021 में शुरू हुआ। जिसके लिए पंचायत स्तर पर कुल 16 बीआरपी का चयन बीएलएफ एवं सीएलएफ के माध्यम से किया गया था जो समाज मे वैसे महिलाएं जो सामाजिक अंधविश्वास से पीड़ित है या घरेलू हिंसा से पीड़ित है उन्हें चिन्हित कर विभिन्न प्रकार के आजीविका से जोड़ना है। अब तक 160 पीड़ित दीदीयों को चिन्हित कर सरकारी लाभ एवं विभिन्न प्रकार के आजीविका से जोड़ना है। अब तक पेंशन में 71 महिला को लाभ मिल चुका है। 89 को मिलना बाकी की। इसके अलावे राशन के लिए 129 को लाभ मिल चुका है ।31 को मिलना बाकी है। आवास मै 48 लाभुक को मिल चुका है। 112 बाकी है। शौचालय में 90 लाभुक को मिल चुका है 70 का बाकी है। भीआरएफ में 137 को लाभ प्राप्त हो चुका है। 23 को लाभ मिलना बाकी है। विभिन्न आजीविका में 148 को लाभ मिला हैं,12 को मिलना बाकी है। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जो भी कार्यक्रम चलाया जाता है। उसका लाभ अवश्य ले। सीओ नरेश मुंडा ने कहा कि गरिमा कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को संगठित कर स्वावलंबी बनाना है ।साथ ही सामाजिक एवम आर्थिक रूप से सुदृढ़ करना है।

### लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में करेंगे जलार्पण

## भव्य झांकी के साथ 5 अगस्त को निकलेगी कांवर यात्रा

*कांवरिया संघ, बरवाटोली की अगुआई में निकलेगी कांवर यात्रा, डीसी, एसपी करेंगे रवाना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बाबा भोलेनाथ की आशीर्वाद से श्रावण मास के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी काँवरिया संघ, बरवाटोली, लोहरदगा के द्वारा तीसरा सोमवारी 05 अगस्त को भव्य शिव पार्वती व भूत पिशाच की झांकी के साथ देवाकी बाबा धाम मंदिर, घाघरा में जलार्पण के लिए विशाल काँवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा में शामिल शिवभक्तों की टोली लोहरदगा से 30 किमी पैदल यात्रा कर घाघरा देवाकी बाबाधाम में स्थित भगवान शिव पर जलार्पण करेंगे। इस काँवर यात्रा में सभी लोहरदगा वासियो को सादर आमंत्रित किया गया हैं। इसके लिए निमंत्रण पत्र भी लोगो को भेजा जा रहा है। कांवर यात्रा मनोकामना




सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से सोमवार 05 अगस्त 2024 को प्रातः 7.00 बजे से प्रारंभ होगी। जिसका उद्घाटन उपायुक्त डा० बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, एस.डी.ओ. अमित कुमार, एस.डी.पी.ओ. श्रद्धा केरकेट्टा संयुक्त रूप से करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गौरव आर.पी. अग्रवाल, सूरज सिंह, विवेक अग्रवाल, सन्नी सिंह, अमन सिंह होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि राजीव रंजन, अजातशत्रु, डॉ राजीव रंजन, विजय प्रजापति, प्रिंस आजमानी, जगेश्वर साहू, अभय अग्रवाल, रोहित साहू, मनीष अग्रवाल होंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिए एक कमिटी बनाई गई है। जिसमे अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव आलोक कुमार, आजीवन संरक्षक सुनील अग्रवाल, मुख्य संरक्षक डॉ गणेश प्रसाद, रमेश कुमार साहू, उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, शुभम मित्तल, आर्यन बर्मा, आयुष गोयल, संगठन मंत्री अभिषेक सिन्हा, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल, प्रचार मंत्री रंजीत महली, पीयूष अग्रवाल, यात्रा प्रभारी राम सिंह, मनीष अग्रवाल, बनाए गए हैं।

### भव्य बाइक रैली के साथ जय श्री राम समिति निकालेगी कांवर यात्रा

**लोहरदगा।** जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित देवी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में अखिलेश्वर धाम को लेकर खास चर्चा हुई। ज्ञात हो की सावन माह के उपलक्ष पर दूसरा सोमवारी 29 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर बरवाटोली से भव्य बाइक रैली के साथ कावर यात्रा प्रारंभ होकर अखिलेश्वर धाम के लिए जाएगी। इस आयोजन को लेकर कार्यक्रम प्रभारी सुनील अग्रवाल, शुशील पटनायक, ज्योति भगत, मृत्युंजय वर्मा, आशीष रजक, आशीष साहू, दिग्गज सिंह, आकाश मेहता को बनाया गया। ओम महतो ने कहा जय श्रीराम समिति के द्वारा भव्य बाइक रैली कावर यात्रा का आयोजन से लोगों में काफी उत्साह है जो पूर्व में भी होती रही है। नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा भव्य बाइक रैली कावर यात्रा में हजारों लोग शामिल होंगे इसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। अखिलेश्वर धाम मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। जिला संरक्षक अजय सोनी, गुंजन वर्मा, अनूप गुप्ता,ओम महतो, प्रदीप साहू, सुनील अग्रवाल, अनिल उरांव, बजरंग करुवा, विकास वर्मा, जीवन महतो, राहुल साहू, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, ज्योति भगत, विनोद प्रसाद,अभय वर्मा, राहुल प्रजापति, विटू वर्मा, रवि वर्मा, विक्की कसेरा, दिग्गज सिंह, सूरज सहदेव, बिक्की महतो, आशीष साहू, कृतक वर्मा, पियूष वर्मा, समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्यमंत्री बेटी-बहू मइयां योजना के आवेदन को ससमय जमा करें : पर्यवेक्षिका



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में गुरुवार को आंगनबाड़ी सेविकाओं की मासिक बैठक संपन्न हुआ। आयोजित बैठक में पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा की सरकार द्वारा बेटियों के लिये संचालित मुख्यमंत्री बेटी बहु मइयां सम्मान योजना एक अगस्त से शुरू हो रहा है। इस में बेटी बहु महिलाओं को 21वर्ष से 50 वर्ष तक के आयु वर्ग का आवेदन भरना है। जिसके तहत योग्य उम्र सीमा का अहर्ता रखने वाले महिलाओं को पोषण तथा स्वास्थ देख भाल के लिए झारखंड सरकार 1000 हजार रूपया प्रति माह देगी। योग्य बेटी बहु महिलाओं का आवेदन भरने की जिम्मेवारी सेविकाओं को दिया गया है। साथ ही निर्देश देते हुए कहा गया ।की आवेदन का छाया प्रति नही लगाया जाएगा। आवेदन सेविकाओं को बाल विकास कार्यलय से उपलब्ध कराया जायेगा। अवेदिकाओ से आवेदन लेते समय पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और एक फोटो अवश्य लेंगे। सभी सेविकाओं को एक अगस्त से आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन भरने निर्देश दिया गया है। इस के अलावे साथ साथ छात्राओं के लिये सावित्री बाई फुले और गर्भवती महिलाओं के लिये मातृत्व वन्दना योजना का आवेदन को भी पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया है।

### बिजली विभाग के मिस्त्री पर अवैध उगाही का लगाया आरोप

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में कमोवेश यही स्थिति है, परमवीर अल्बर्ट एक्का-जारी प्रखंड के ग्राम परसा में बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया बिजली विभाग के जाकिर मिस्त्री के द्वारा ट्रांसफार्मर खराब कह कर ग्रामीणों से कई बार पैसे का उगाही किया गया। वही तीन बार नया ट्रांसफरमर लगाया गया लेकिन जाकिर मिस्त्री के द्वारा कभी फ्यूज खराब कभी तार शॉट कहकर ग्रामीणों से कई बार पैसा लिया गया। इस बात की जानकारी ग्रामीणों ने एसडीओ को फोन पर दी लेकिन एसडीओ के द्वारा इस दिशा में पहल नहीं किया गया। जिस कारण ग्रामीणों को अंधेरे में ही रहना पड़ रहा है। वही ग्रामीणों ने कहा बरसात का मौसम है सांप बिच्छू का डर बना रहता है। बताया कि जाकिर मिस्त्री के द्वारा हम लोगों से ₹7 हजार तक लिया गया है। फिर भी गांव में अंधेरा है। वही अंधेरे के कारण बच्चों का पढ़ाई लिखाई भी बाधित हो रहा है। शिकायत करने वालों में निखत बीबी, तस्कीना बीबी,नूरी खातून, मेहरून बीबी बकरी दान बीबी, फुल चूही देवी, रूकमनिया देवी, राजनु कुम्हार, मनोज कंवर, बुधराम कंवर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित रायडीह, बासुदेव कोना के गढ़पहाड़ में वीर शहीद बख्तर साय और वीर शहीद मुंडल सिंह की भव्य प्रतिमा स्थापित की जायेगी। इसे लेकर गुरुवार को वीर शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह स्मृति भवन में लालमोहन सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमे जन्मभूमि, कर्मभूमि कहे जाने वाले गडढ़पहाड़ में भव्य प्रतिमा व चबूतरा निर्माण करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद सभी पंचायत में समिति बनाने और सभी घर से 200 रु सहयोग राशि लेने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से संदीप सिंह, सिकंदर सिंह, महेंद्र साहू, दिलीप कुमार गोप, असरफ राय, महेश सिंह, आनंद कुमार गुप्ता, आजाद सिंह, राजेंद्र कुमार साहू, सुरेंद्र सिंह, निरंजन सिंह, चैतु नगेशिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अधिक जानकारी के लिए संपर्क सूत्र 8789464151 पर बात कर सकते हैं।

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 153 चयनित



**लोहरदगा।** गुरुवार को नगर भवन (लोहरदगा प्रखंड परिसर) में लोहरदगा में लोहरदगा जिला के बेरोजगार युवक/युवतियों को सुगमता से रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय, लोहरदगा के द्वारा एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस रोजगार मेला के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों के रिक्तियों के लिए कुल 362 युवक-युवतियां शामिल हुए जिनमे से 153 युवक-युवतियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। मेला के लिए 4260 रिक्तियां नियोजकों की ओर से प्रस्तावित थीं। ये रिक्तियाँ पाँचवी/सातवी/आठवी/मैट्रिक/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0/डिप्लोमा/बी0टेक0/ एम0बी0ए0/मार्केटिंग/ ए0एन0एम0/ एम0एल0टी0 आदि शैक्षणिक योग्यताधारकों के लिए थीं। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने मेला में आये नियोजक कंपनियों को यहां के युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही कहा कि युवाओं को अपने कौशल को निखारने की दिशा में ध्यान देना चाहिए ताकि दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकें और अन्य लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकें।

### अग्निवीर बहाली की तैयारी को लेकर कराई गई 1600 मीटर की दौड़



**लोहरदगा।** पुलिस आर्मी एथलेटिक ट्रेंनिंग सेंटर जिला प्रशासन लोहरदगा के तत्वाधान में दौड़ की तैयारी कर रहे युवा - युवतियों का बीएस कॉलेज मैदान में 1600 मीटर रेस का महाकुंभ निशुल्क प्रवेश के साथ कराया गया। इस प्रतियोगिता में जिला भर से एवं अगल-अलग जिलों से युवा - युवतियां सैकड़ो संख्या में उपस्थित हुए और प्रतियोगिता में भाग लिए। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान से दसवां स्थान तक आने वाले युवा युवतियों को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया गया। पुरुष में पहला स्थान रामविलास पासवान, दूसरा स्थान मुकेश उरांव, तीसरा स्थान निराला यादव तथा महिला में पहला स्थान फूल कुमारी, दूसरा स्थान चंद्रमणि कुमारी तथा तीसरा स्थान सुरखी कुमारी ने प्राप्त किया किया। ज्ञात हो कि लोहरदगा जिला प्रशासन के द्वारा ललित नारायण स्टेडियम में पुलिस, आर्मी, झारखंड पुलिस उत्पाद सिपाही, आरपीएफ एवं एथलेटिक्स का निःशुल्क तैयारी दी जा रही है। इसमें सैकड़ो अभ्यर्थी गण फिजिकल की तैयारी ले रहे हैं और सैनिक तथा अर्ध सैनिक बल में अपना क्षमता आजमा रहे हैं। अभी भी वैसे युवा यूतियां जो डिफेंस में जाने की इच्छा रखते हैं और फिजिकल तैयारी करना चाहते हैं तो वह प्रशिक्षक विनय उरांव से संपर्क कर तैयारी ले सकते हैं।

# ट्रैफिकिंग के तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल

## गिरफ्तार तीनों पति, पत्नी व साला हैं, वे बिहार के जमुई जिला के रहने वाले हैं



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

तिसरी पुलिस ने ट्रैफिकिंग के मामले में हिरासत में लिए गए तीनों आरोपियों को बुधवार की शाम न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है ।तीनों आरोपी बिहार के जमुई जिला अंतर्गत चिहरा थाना क्षेत्र के पोझा गांव के रहने वाले रामजन्म दास उसकी पत्नी पुष्पा देवी और पुष्पा देवी का भाई थॉमस टुडू है। बता दें कि बीते मंगलवार को चाइल्डलाईन ने तिसरी पुलिस के सहयोग से तिसरी चौक से दो नाबालिग बच्चियों को रेसक्यू किया था। साथ ही दो पुरुष व एक महिला समेत बच्चियों को ले जा रही कार को हिरासत में लिया था। गुप्त सुचना के आधार पर सवेरा फाउंडेशन पर्यवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार उक्त कार का 10 की.मी. तक पीछा किया था। साथ ही इसकी सुचना तिसरी पुलिस को भी दी थी। पुलिस ने चौक स्थित सिदो - कान्हो मोड़ से दोनों नाबालिग बच्चियों को बरामद किया साथ ही बच्चियों को ले जा रहे तीन लोगों को हिरासत में ले लिया था ।दोनों नाबालिग बच्चियां लोकाय थाना क्षेत्र के एक गांव की बताई जा रही है ।बताया जाता है कि उन्हें दिल्ली ले जाने की तैयारी थी ।इस मामले में बच्चियों को सीडबल्यूएस गिरिडीह में प्रस्तुति के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार के आवेदन पर तिसरी पुलिस ने कांड संख्या 49/24 के तहत मामला दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया।

# वोटर लिस्ट से जुड़ी समस्या के निदान की कवायद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह (तिसरी)**

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे नाम जांचों अभियान के तहत विभिन्न बूथों के मतदाताओं को वोटर लिस्ट जांचने और उससे जुड़ी समस्या या शिकायत बतलाने की कवायद की जा रही है। इसी को लेकर गुरुवार को तिसरी में अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद द्वारा विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया गया। अंचलाधिकारी प्रखंड मुख्यालय स्थित अग्रवाला उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय पदनाटांड सहित कई मतदान केन्द्रों पर गए। जहां उन्होंने नाम जांचों अभियान के तहत मतदाताओं को बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम ऑनलाइन चेक करें, बूथ पर जाकर चेक करें या एसएमएस के द्वारा करें यदि उस लिस्ट में कोई शिकायत है तो उसका निराकरण 9 अगस्त 2024 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में यदि नाम गलत है या दो बूथ में नाम है या वोटर लिस्ट में ही गड़बड़ी है तो आप अपने नजदीकी बीएलओ के पास आपत्ति कर उसे सुधरवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त 2024 के बाद विकलांग मतदाताओं आदिम जनजाति के मतदाताओं या वैसे मतदाता जिनके पास आवास नहीं है उनके लिए स्पेशल कैंपेन चलाया जायेगा।

## विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसे लेकर गुरुवार को गोईलकेरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का जायजा लिया। साथ ही झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार प्रखंड के सभी 72 बूथों पर किये गये मतदाता सूची का प्रारुप प्रकाशन का भी निरीक्षण किया। उनके नेतृत्व में नाम जांचो अभियान के तहत 18 वर्ष पूरा करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने, मतदान का महत्व बताने के साथ-साथ वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में भी जानकारी दी गई।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ................ दिनांक ......................

**इच्छा की अभिवृति Expression of Interest (EOI) 04 / 2024–25**

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू परिसर के जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) को निःशुल्क सुरक्षित Dismantle किया जाना है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी कार्यालय के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए स्थल जाँचोपरान्त Dismantle करने हेतु दिनांक 31.07.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है। उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है।।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.330675 District(24-25):D


# पावर ग्रिड को एनओसी नहीं मिलने के खिलाफ निकाला गया चेतावनी मार्च




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भाकपा माले के द्वारा गुरुवार को गदर पावर ग्रिड का एनओसी वन विभाग द्वारा नही दिए जाने के खिलाफ चेतावनी मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। माले कार्यकर्ता पटना चौक पर जमा हुए व वहां से लगभग छह किलोमीटर की दूरी तय कर पैदल यात्रा करते हुए गदर पावर ग्रिड के पास पहुंचे। जहां एक नुक्कड़ सभा का भी आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि पावर ग्रिड का निर्माण हुए लगभग पांच वर्ष हो चुके है। लेकिन वन विभाग के द्वारा एनओसी नही मिलने से चार पांच टावर खड़े नही हो पाए है। गावां व तीसरी प्रखंड में लचर बिजली व्यवस्था को देखते हुए अपने कार्यकाल में मैने स्वीकृति दिलवाकर पावर ग्रिड का निर्माण करवाया था। अब तक एनओसी नही मिलने के कारण क्षेत्रवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय सांसद विधायक क्षेत्र की समस्याओं के प्रति गंभीर नही है। यहां के पावर ग्रिड एनओसी नही मिलने के खिलाफ बगोदर विधायक बिनोद सिंह ने विधानसभा में आवाज उठाई। जबकि स्थानीय विधायक मामले में चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता चुनाव आने पर झूठ का सहारा लेते हैं। लोकसभा चुनाव से पूर्व कहा गया कि नवादा से गिरिडीह तक रेल लाइन बनेगा। लेकिन बजट सत्र में इसपर चर्चा भी नही हुई। दलित बहुल अमतरो गांव में स्कूल का भवन गिर चुका है। जिसपर कोई भी आवाज नही उठाया गया। सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बन्द पड़े है। कहा कि यदि सितंबर तक पावर ग्रिड को चालू नही किया गया तो भाकपा माले की ओर से अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। आगामी चुनाव में भाजपा की सरकार को सबक सिखाना है। विधायक मद की राशि को मुठ्ठी भर कार्यकर्ता को व्यक्तिगत लाभ दिया गया है।

## बीडीओ सह एमओ ने की डीलरों के साथ बैठक

**गिरिडीह।** बीडीओ सह एमओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में डीलरों के साथ नियमित अनाज का उठाव व वितरण के उद्देश्य से बैठक की गयी। बीडीओ सह एमओ ने सभी डीलरों को निर्देश दिया कि हर माह नियमित रूप से अनाज का वितरण निर्धारित मात्रा के साथ कराएं। निर्धारित मात्रा से कम वजन अनाज वितरण की स्थिति में संबंधित जनवितरण दुकानदार पर कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ सह एमओ ने एजीएम से हर माह निर्गत होने वाले एसआइओ की जानकारी ली. निर्देश दिया कि जब गोदाम में अनाज भरपूर मात्रा में उपलब्ध है, बावजूद एसइओ निर्गत में कोई देरी नहीं करें. उन्होंने निर्देश दिया है कि गोदाम से निकलकर जन वितरण दुकान तक पहुंचनेवाले अनाज को हर हाल में माप-तौल के बाद ही गाड़ी से उतरवायें. साथ ही एसएफसी के अधिकारी सुनिश्चित करवाये कि जन वितरण दुकानों में अनाज उतारने के दौरान पर्याप्त लेबर उपलब्ध रहे. राशनकार्ड धारी का आधार सीडिंग काफी महत्वपूर्ण है. जहां भी आधार सीडिंग कम है, संबंधित डीलर कैंप लगाकर आधार सीडिंग करायें।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,चतरा
**Email:- eedwsd.chatra01@gmail.com**

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 06 वर्ष 2024–25 जिसका PR No 330275 ( Drinking Water & Sanitation) 2024-25 है, को अपरिहार्य कारणों से एतद द्वारा रद्द (Cancel) किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा

PR 330688 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या–**EE/RDSD/PALAMAU-02/2024-25/RE-01** **P.R.No.326559**

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी में चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2489232.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 2. | प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम चियांकी पहाड़ी पर अवस्थित मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं सुदृढ़ीकरण। | 2448259.00 | 49000.00 | 5000.00 | 03 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.07.2024 से दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 17.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 330645 Rural Development(24-25).D



## Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
Electric Supply Area, Medininagar
Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:-gm_mdnjseb@yahoo.in Telephone:-0662-235076 & Fax:-06562-235078

**Corrigendum**

E-NIT No-**52/PR/JBVNL/2024-25** approx quantity may be read 02(Two) nos in the place of 01(One) nos.

Other terms and condition remain the same as per previous notice.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR No- 330294

Sd/-
GM
ESA, Medininagar

PR 330680 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25)#D


## मुराइडीह में ओवरलोड हाइवा पलटा, चालक एवं खलासी बचे

**धनबाद।** बीसीसीएल एरिया नंबर एक के मुराइडीह फिडर ब्रेकर के समीप गुरुवार की दोपहर कोयले से ओवरलोड एक हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में हाइवा के चालक व खलासी बाल-बाल बच गए। बाद में क्रेन मंगाकर काफी मशक्कत के बाद हाइवा को उठाया गया। बताया गया कि हाइवा चालकर फिडर ब्रेकर से कोयला लेकर ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में रहते हैं। यही वजह है कि अक्सर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। चालक सुरक्षा व ट्रांसपोर्टिंग में कंपनी के नियमों की भी अवहेलना करते हैं। दुर्घटनाओं के बावजूद ट्रांसपोर्टर सचेत नहीं हैं। वहीं, बीसीसीएल प्रबंधन हमेशा अपना पल्ला झाड़ लेता है।

# आजसू ने चूल्हा प्रमुखों के गठन पर की चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। चक्रधरपुर**

चक्रधरपुर शहर के वन विश्रामागार प्रांगण में गुरुवार को वन आजसू पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राम लाल मुंडा ने कहा कि जल्द ही चूल्हा प्रमुखों का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता तैयारी में जुट जाएं। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान तेज करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को संगठन में जोड़ने का काम किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामलाल मुंडा ने कहा कि आजसू पार्टी द्वारा 100 दिन का रोड मैप तैयार किया गया है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र के 350 गांव में चूल्हा प्रमुखों का गठन करना है। प्रत्येक गांव में 25 चूल्हा प्रमुखों का गठन किया जाएगा। एक चूल्हा प्रमुख गांव में 10 घरों को गोद लेंगे। बैठक में केंद्रीय सदस्य अजय महतो, प्रवक्ता मनोज सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शुभम महतो, चंद्रदीप प्रधान, यशवंत महतो, सूरज महतो, सनातन प्रधान, अभिमन्यु महतो, भगवान गोप, परशुराम प्रधान, चंद्रदीप प्रधान, मंगल सिंह मुंडा, शैलेंद्र जामुदा, रामदेव तांती, मंगल सिंह तांती, शेखर बोदरा, कैलाश नायक समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

(लापता महिला सरीता देवी, उम्र–35 वर्ष)



केतार थाना सनहा सं0–17/2024 दिनांक–21.07.2024 में लापता महिला सरीता देवी, उम्र–35 वर्ष, पति–धर्मेन्द्र चौधरी, ग्राम–पाचाडुमर, थाना–केतार, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड, के रहने वाली हैं। जो दिनांक–18.07.2024 को समय करीब 03:00 बजे दिन में केतार जा रहे हैं बोलकर घर से निकली थी परन्तु घर वापस नहीं आई है। उक्त लापता महिला सरीता देवी का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता महिला सरीता देवी कहीं दिखे या इसके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 330653 Police(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

**दिनांक–24.07.2024**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/15/23-24 | सतबरवा | 1 | ग्राम बकोरिया एन0एच0–75 हुरहरी मोड़ से प्राईमरी स्कूल चरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.20कि0मी0) | 1449.221 | चौदह करोड़ उन्नचास लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | डालटनगंज सदर | 2 | चियांकी एन0एच0 से सुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । (1.65कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 3 | विपिन पाठक मोड़ से लोहरी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । (2.50कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 4 | एन0एच0–75 से कसियाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (6.10कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 5 | रबदा से ठेमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । (2.70कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 6 | रेवारातु से घुटुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । (9.16कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 7 | हलुमाड़ सिवाना बी0टी0 रोड से लेदवाखांड भाया मानासोती मेन रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.50कि0मी0) | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 30.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 12.08.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR.NO.330649 Rural Development(24-25):D


# डीपीएस बोकारो में बैज अलंकरण के साथ छात्र परिषद ने संभाली जिम्मेदारी



**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो**

चुनौतियों पर विजय और उन अवसरों का लाभ लेने के लिए विद्यार्थियों में नेतृत्व कौशल का विकास व इसमें निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। नेतृत्व समाज व राष्ट्र के हित में हो, इसके लिए यह बेहद जरूरी है कि नैतिक मूल्यों के साथ आप अपना संयम व भावनात्मक नियंत्रण बनाए रखें। एक सच्चे नेतृत्वकर्ता की यही सबसे बड़ी निशानी है। यह बातें चास एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने गुरुवार को कहीं। वह डीपीएस बोकारो में नवगठित छात्र परिषद (सत्र 2024-25) के प्रतिस्थापन समारोह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नई टीम को समर्पण व निष्ठा के साथ अपनी जवाबदेही संभालने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि विद्यार्थियों में नेतृत्व गुणों का विकास करना ही छात्र परिषद का उद्देश्य है। डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों का समग्र विकास करते हुए उन्हें एक सफल नेतृत्वकर्ता बनाने की दिशा में भी काम कर रहा है। इससे पहले विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा भेंटकर किया। नवगठित छात्र-परिषद में 12वीं के कन्हैया भारद्वाज ने हेड बॉय, तो ऋद्धिमा कौशल व अनन्या राज ने हेड गर्ल की शपथ ली। वहीं, 11वीं के ज्ञान प्रकाश वाइस हेड बॉय, मानसी पांडेय व एधा सिंह वाइस हेड गर्ल, 12वीं के प्रसून पंकज लिटररी सेक्रेटरी (साहित्यिक), मोहित कुमार व शिवांगी मिश्रा (कक्षा 11) उप साहित्यिक सचिव, आयुष कुमार जायसवाल (कक्षा 12) कल्चरल सेक्रेटरी समेत अन्य बच्चों ने शपथ ली। सभी नवचयनित छात्र परिषद सदस्यों ने निष्ठा व ईमानदारी से काम करने की शपथ ली।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी० कमरा सं०-9**
**ईमेल- jepcpalamau@rediffmail.com**

**संशोधित निविदा सूचना विज्ञप्ति**

PR 328333 District (24-25)_D दिनांक 03.07.2024 को प्रकाशित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय/ –झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय / नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू के लिए खाद्य एवं अखाद्य सामग्रियों का क्रय हेतु निविदा का प्रकाशन किया गया था जिसे संसोधन करते हुए पुनः प्रकाशित किया जा रहा है।

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक GE/08/132/2019-20/2648 दिनांक 12.10.2022 एवं पत्रांक GE/08/132/2019-20/3163 दिनांक 23.09.2019 के निदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिला के विभिन्न प्रखण्डों में संचालित 12–कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, 08–झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय एवं 01–नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय सुआ सदर पलामू में आवश्यक खाद्य एवं अखाद्य सामग्री तथा अन्य सामग्रियों के क्रय हेतु विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों के साथ मुहर बंद निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) अलग–अलग केवल प्रतिष्ठित एवं स्थापित फर्मो से प्राप्त किया जाना है।

इच्छुक निविदादाता District Education Officer cum District Programme Officer, SamagraShiksha, Palamu, SBI, Main Branch Daltonganj के नाम Payable,अप्रतिदेय (Non Refundable) रू0 1000.00 रू0 (एक हजार रूपये मात्र) राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट जो फर्म के द्वारा बनाया जाएगा। जमा करने के पश्चात् दिनांक 25.07.2024 से 10.08.2024 तक निविदा से संबंधित शर्ते, पैकेजवार अनुसूची, समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से अपराह्न 04 बजे तक प्राप्त कर सकते है, तथा अंतिम रूप से दिनांक 13.08.2024 के अपराह्न 03.00 बजे तक निविदा जमा करेंगे। दिनांक 17.08.2024 को समग्र शिक्षा कार्यालय के वेश्म में अपराह्न 12.30 बजे से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की अध्यक्षता में निविदा खोला जाएगा।

निविदा से संबंधित विभिन्न शर्तो एवं बंधेजों तथा कय/आपूर्ति किये जानेवाले सामग्रियों की पैकेजवार सूची पलामू जिला के Website(palamau.nic.in) में देखा जा सकता हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR 330652 District (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन पुर्न ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –09RII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

**दिनांक–24.07.2024**

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/13/23-24 | चैनपुर | 1 | पतरिया कलां से गंगी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 2.80कि0मी0 | 1044.452 | दस करोड़ चौवालीस पैंतालीस लाख हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | तृतीय |
| | | चैनपुर | 2 | पथरा से भैरवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।3.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 3 | लिधकी (पूरबडीहा) से चेड़ाबार तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 4.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 4 | लाली से बहेरा खूर्द तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 1.40कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 5 | पी0डब्लू0डी0 रोड खुरा शिव बेल बाजार चौक से बहेरा होते हुए बरकत तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 4.24कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 6 | बोकया कलां से दुलही तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.80कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 7 | केवाल पर संजय डॉक्टर के घर से झरिवा नाला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य । 2.00कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 8 | रामपुर (पुरबडीहा) से लोकया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य।, 2.60 कि0मी0 | | | | |
| | | चैनपुर | 9 | मंझीगांवा लिधकी रोड से मझिगांवा तालाब तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। 1.235कि0मी0 | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 30.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 12.08.2024up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 14.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 330651 Rural Development(24-25)#D

# रॉयल्टी का अधिकार राज्यों को भी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार के पक्ष को नकारते हुए कहा है कि राज्यों के पास संविधान के तहत खदानों और खनिज वाली भूमि पर रॉयल्टी वसूलने का विधायी (कानूनी) अधिकार है। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया कि खनिजों के बदले दी जाने वाली रॉयल्टी कर नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने अपनी और पीठ के सात न्यायाधीशों की ओर से फैसला पढ़ते हुए कहा कि संसद के पास संविधान की सूची दो की प्रविष्टि 50 के तहत खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार नहीं है। संविधान की सूची-II की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है। बहुमत के फैसले को पढ़ते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय संविधान पीठ का 1989 का फैसला गलत है जिसमें कहा गया था कि रॉयल्टी एक कर है। इससे पहले, सुनवाई शुरू होते ही प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीठ ने दो अलग-अलग फैसले दिये और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने इससे असहमति व्यक्त की। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने अपना फैसला पढ़ते हुए कहा कि राज्यों के पास खदानों और खनिजों वाली भूमि पर कर लगाने की विधायी क्षमता नहीं है। पीठ ने इस बेहद विवादास्पद मुद्दे पर फैसला किया कि क्या खनिजों पर देय रॉयल्टी खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कर है, और क्या केवल केंद्र को इस तरह की वसूली करने की शक्ति है या राज्यों के पास भी अपने क्षेत्र में खनिज वाली भूमि पर लेवी लगाने का अधिकार है? संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति जार्ज मसीह शामिल हैं। इस फैसले का झारखंड जैसे खनिज प्रधान राज्यों में गहरा प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इनकी यह बहुत पुरानी मांग थी और स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी मांग कई मंचों पर कर चुके हैं। इससे झारखंड को आर्थिक लाभ भी होगा और उसे एक तरह से निगरानी का भी अधिकार मिल जाएगा कि कितना खनिज कितने क्षेत्रफल से निकाला गया। पूर्व में इसका प्रत्यक्ष अधिकार नहीं था और खनन में लगी कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों सहित अन्य निजी और अर्द्धसरकारी इकाइयों का ही वर्चस्व यहां के खान खदानों पर था वे अपने हिसाब से नीतियां बनाती थीं। अब देखना है कि भारत सरकार इसमें पुनर्विचार याचिका दायर करने की संभावना देखती है या नहीं। दूसरी ओर राज्यांश की बात आने पर कहीं इन खनिजों की कीमत न बढ़ जाए जिसका बोझ आम जनता पर ही पड़ेगा। हालांकि अभी फैसले का विवरण अपलब्ध नहीं है जिस कारण इसके गुण धर्म पर चर्चा नहीं हो सकती पर संभवतः राज्य की भी निगरानी मैकेनिज्म से वे कथित घोटालों पर रोक लगे जिनमें पूर्व में पड़ोसी राज्यों से लेकर पड़ोसी देशों तक बड़े पैमाने पर खनिज के अवैध व्यापार के आरोप लगे और कई केंद्रीय एजेंसियों तक ने जांच भी की जिसमें बड़े लोगों पर उंगली उठी।

**संविधान की सूची-II की प्रविष्टि 50 खनिज विकास से संबंधित नियमों और खनिज अधिकारों पर करों से संबंधित है**

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आज की बात



आर.के. सिन्हा
लेखक, वरिष्ठ संपादक स्तंभकार व पूर्व सांसद हैं

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी- चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया। उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर बातचीत की। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था।

तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।

चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्साईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37,244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है। भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15,000 फीट की ऊंचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना । देश की सरहदों की निगहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था-अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्रफ के नेतृत्व में पाकिस्तान की सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार रक्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हों तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था, लेकिन अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है। कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्वस्तरीय नहीं होंगे। लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया है और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है।

आपकी बात

# कराहती नैतिकता



पंकज कुमार सिंह
पीजीटी हिंदी

हमारे धर्म शास्त्रों में नैतिकता को काफी महत्व दिया गया है। जितने भी धर्म प्रवर्तक या उपदेशक हुए हैं, वे नैतिकवान थे। इसलिए वे अमरता का प्रतीक बने और दुनिया उन्हें अपना आदर्श मानी। वे तब भी प्रासंगिक थे और अभी भी प्रासंगिक हैं। विश्व स्तर पर जितने भी श्रेष्ठ जन हुए हैं, उन्होंने नैतिकता को वरण किया और युग द्रष्टा साबित हुए।

नैतिक वान व्यक्ति सर्वगुण संपन्न होता है। वह सत्यवादी, सदाचारी, कर्तव्यनिष्ठ, वचनवध एवं प्रीत-प्रवाहक होता है। अतीत के कई कालखंड नैतिकता का धारक रहे हैं इसलिए उस काल के लोग वीर, साहसी एवं सदाचारी रहे। इस दृष्टिकोण से हमें अतीत के अच्छाइयों का वरण करना चाहिए। अगर हमें अतीत का बोध नहीं है तो वर्तमान का बोध करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाएगा। स्वयं को निर्मित करने के लिए अतीत को प्रश्रय देना ही होगा। मेरे विचार में एक प्रश्न बार-बार उमड़ता घुमड़ता है की दुनिया के कई रेटिंग एजेंसियां जो मानवीय संस्कारों की गणना करती हैं वह भारत को भ्रष्टतम देश की श्रेणी में डाल रखी हैं। जबकि प्राचीनतम काल से भारत ऋषि- मुनियों का देश रहा है। यहां धर्म प्रवर्तक, उपासक, उपदेशक, साधु-महात्मा, साहित्यकार आदि ने हमारे सामाजिक संरचना पर अपनी छाप छोड़ी है। फिर भी हम भ्रष्ट हैं क्यों? क्या हमारे लिए राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर, पैगंबर, नानक, ईशा मसीह सभी असरहीन रहे? क्या ये हमारे आदर्श के लायक नहीं थे? यह विश्लेषण का विषय है और गंभीर भी है। आधुनिक काल पर दृष्टिपात करें तो विश्व स्तर पर कई ऐसे लोग हुए जिन्हें महापुरुष कहा गया। जैसे कि मार्टिन लूथर, महात्मा गांधी ,नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा आदि। उनका कोई भी कार्य हमें प्रभावित नहीं किया? इसका तात्पर्य है कि हमने केवल उन्हें किताबों में देखा, पढ़ा नहीं और उनके गुणोंको खुद तक पहुंचने ही नहीं दिया। कितना हस्यास्पद बात है यह! एक और प्रश्न मानस पटल पर हथौड़ा चलता है कि इसके लिए दोषी कौन है? आखिर किस वजह से हमारी सामाजिक संरचना निर्बल एवं भ्रष्ट हो गई? इसके कारण अनेकों हो सकते हैं मगर यहां कुछ मुख्य कारणों पर दृष्टिपात किया जा सकता है। सरकार के संचालकों ने आजादी के एक-आध दशक बाद ही स्वयं नैतिकता के चोले के उतार फेंका और लोलुप हो गए। विश्व स्वयं अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार नहीं रहे। इसका परिणाम यह हुआ कि देश की जनता मैं उनके प्रति अविश्वास पैदा हुआ और और जनता ने भी जो कि प्रारंभ में काफी हद तक नैतिकवान थी, बेईमानी का दामन थाम ली। परिणामतःदेश अंध युग में प्रवेश कर गया। जहां धार्मिक उन्माद, जातीयता, ऊंच-नीच का भेदभाव और धन के प्रति आसक्ति आदि बुराइयों ने हमारी सामाजिक संरचना को क्षीण भिन्न करना प्रारंभ कर दी। सरकारी विभाग के मंत्री से लेकर पदाधिकारी और चपरासी तक भ्रष्टता को वरण कर लिए। शिक्षा का उद्देश्य बदल गया। शिक्षण संस्थाएं और शिक्षक राजनीति और हिंसा के पर्याय बन गए। शिक्षा महत्वहीन होती गई और शिक्षक नैतिकहीन।

देश की बात

# प्राचीन धार्मिक साहित्य में चिकित्सकीय वर्णन



विवेक रंजन श्रीवास्तव

मनुष्य प्रकृति की अनुपम कृति है। मनुष्य मूलतः बुद्धि जीवी प्राणी है। स्वाभाविक है कि मनुष्य की प्रयोगवादी प्रवृति के चलते उसे स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में कई खतरों और बीमारियों का सामना करना पड़ता रहा है। यहीं चिकित्सा का प्रारंभ होता है। प्राकृतिक चिकित्सा सर्वप्रथम औषधीय प्रयास है। प्राकृतिक चिकित्सा का वर्णन पौराणिक ग्रन्थों एवं वेदों में सुलभ है प्राकृतिक चिकित्सा के साथ ही योग एवं आसानों का प्रयोग शारीरिक एवं आध्यात्मिक तथा मानसिक आरोग्य के लिये होता रहा है। पतंजलि का योगसूत्र इसका एक प्रामाणिक ग्रन्थ है। भारत में ही नहीं विदेशों में भी प्राकृतिक चिकित्सा विधियों के इतिहास होने के प्रमाण मिलते है। आधुनिक चिकित्सा विधियों के विकास के फलस्वरूप इस प्राचीन चिकित्सकीय पद्धति को हम भूलते गये। प्राकृतिक चिकित्सा संसार में प्रचलित सभी चिकित्सा प्रणाली में सर्वाधिक पुरानी है। प्राचीन ग्रंथों मे जल चिकित्सा व उपवास चिकित्सा का उल्लेख मिलता है। उपवास को अचूक चिकित्सा माना जाता है, और उसके स्पष्ट त्वरित परिणाम भी दिखते हैं। महाभारत और श्री रामचरित मानस विश्व महाकाव्य हैं। ये ग्रंथ धर्म, राजनीति, संस्कृति, जीवन मूल्य, लोकाचार, पौराणिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, आध्यात्मिक और वैचारिक ज्ञान की अनमोल थाथी है। इन ग्रंथों के अध्ययन और व्याख्या से इसमें सन्नहित न्याय, शिक्षा, चिकित्सा, ज्योतिष, युद्धनीति, योगशास्त्र, अर्थशास्त्र, वास्तुशास्त्र, शिल्पशास्त्र, कामशास्त्र, खगोलविद्या के गुह्यतम रहस्यों को विद्वान अनावरित करते रहते हैं। चिकित्सा और औषधीय ज्ञान की भी अनेकानेक जानकारियां मानस तथा महाभारत से मिलती हैं। यहाँ तक कि मानसिक रोगों की चिकित्सा का उपाय भी राम चरित मानस में मिलता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद चार वेदों में से मुख्य रूप से ऋग्वेद और अथर्ववेद में वानस्पतिक औषधियों का वर्णन सुलभ है। अथर्ववेद को चिकित्सा शास्त्रीय ज्ञान का पहला स्त्रोत माना जाता है। अधिकांश वैदिक उपचारक छंद अथर्ववेद में पाए जाते है।



बोधि वृक्ष

**मान्यता है महर्षि परशुराम ने यहीं अपने परशु यानी फरसे को रख दिया था। स्थानीय लोग इसे त्रिशूल के रूप में भी पूजते हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इसमें कभी जंग नहीं लगता।**

# यहां है भगवान परशुराम का तप स्थल

झारखंड के गुमला जिले में भगवान परशुराम का तप स्थल है। यह जगह रांची से करीब 150 किमी दूर है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान परशुराम ने यहां शिव की घोर उपासना की थी। यहीं उन्होंने अपने परशु यानी फरसे को धरती पर रख दिया था। इस फरसे की ऊपरी आकृति कुछ त्रिशूल से मिलती-जुलती है। यही वजह है कि यहां श्रद्धालु इस फरसे की पूजा के लिए आते है। वहीं शिव शंकर के इस मंदिर को टांगीनाथ धाम के नाम से जाना जाता है। कहा जाता है कि टांगीनाथ धाम में साक्षात भगवान शिव निवास करते हैं। लोग शिवरात्रि के अवसर पर ही श्रद्धालु टांगीनाथ के दर्शन के लिए आते हैं। यहां स्थित एक मंदिर में भोलेनाथ शाश्वत रूप में हैं। स्थानीय आदिवासी ही यहां के पुजारी है और इनका कहना है कि यह मंदिर अत्यंत प्राचीन है। मान्यता है महर्षि परशुराम ने यहीं अपने परशु यानी फरसे को रख दिया था। स्थानीय लोग इसे त्रिशूल के रूप में भी पूजते हैं। आश्चर्य की बात ये है कि इसमें कभी जंग नहीं लगता। खुले आसमान के नीचे धूप, छांव, बरसात- का कोई असर इस त्रिशूल पर नहीं पड़ता है। त्रेता युग में जब भगवान श्रीराम ने जनकपुर में आयोजित सीता माता के स्वयंवर में शिव जी का धनुष तोड़ा तो वहां पहुंचे भगवान परशुराम काफी क्रोधित हो गए। इस दौरान लक्ष्मण से उनकी लंबी बहस हुई और इसी बीच जब परशुराम को पता चला कि भगवान श्रीराम स्वयं नारायण ही हैं तो उन्हें बड़ी आत्मग्लानि हुई। वह पश्चाताप करने के लिए घने जंगलों के बीच एक पर्वत श्रृंखला में आ गए। यहां वे भगवान शिव की स्थापना कर आराधना करने लगे।



फेसबुक वॉल से

Karan Minj
21h ·

नागपुरी भाषा साहित्य के संरक्षण, संवर्धन और विकास में खूंटी जिले के नागपुरी साहित्यकारों और कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। धनीराम बक्शी, फादर पीटर शांति नौरंगी, ShivAwtaar Chowdhari Shivaji, Ramvritt singh, Padmashree Giridhari Ram Gaunjhu,, Meghnath Ohdaar, Bindeshwari Mishra, digamber singh, Yashoda Devi, Ramprawesh singh, Laxmi Narayan Baraik, kesho Devi सहित कई ऐसे नाम है जिन्होंने अपने को नागपुरी भाषा साहित्य और गीत संगीत के लिए समर्पित किया है। Podha गांव के काशीनाथ सिंह भी नागपुरी के अच्छे वादक और गायक थे। ढोल मांदर बजाने में उन्हें महारत हासिल थी। मुझे उनके घर जाने का सौभाग्य मिला । उनके बेटे उपेंद्र सिंह से भी मेरी मुलाकात हुई और कई बिंदुओं पर चर्चाएं हुई




Pramod Roy and 32 others — 10 comments
Like — Comment — Send

X से

Babulal Marandi @yourBabulal · 17h
हाथी के दांत दिखाने के कुछ और, खाने के कुछ और...

इस सूची को देखकर तो ऐसा ही लगता है कि हेमंत सोरेन जी के कथनी और करनी मे कोई तालमेल नहीं है। हेमंत के द्वारा स्थानीयता का नारा सिर्फ झारखंड के बेरोजगार युवाओं को भ्रमित कर वोट लूटने के इरादे से दिया गया है।

मुख्यमंत्री Show more


झारखंड सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग
अधिसूचना
रांची, दिनांक 22/07/24

28 · 179 · 368 · 7.6K

अलग बात

# सड़कें न हो जरूरतमंदों का घर...



अतुल मलिकराम
लेखक व राजनीतिक रणनीतिकार

हमारे शहरों के हर कोने में, जहाँ पर जीवन एक अलग लय में बहता है और जहाँ सपनों को उड़ने के लिए पंख मिलते हैं, इसके पीछे एक कड़वी हकीकत छिपी है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। शहरी जरूरतमंद, जो शहर को जीवित रखने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, उन्हें जीवन की बुनियादी जरूरतों के बिना, खुद को ही संभालना पड़ता है। गर्म भोजन, साफ कपड़े और सोने के लिए सुरक्षित जगह उनके लिए सिर्फ एक दूर का सपना होता है। सोचिए, यदि आपका घर सड़क के किनारे हो और पूरी तरह से अस्थायी हो, जो मौसम की मार झेलने के लिए सबसे आगे खड़ा हो और सड़क के किनारे होने की वजह से हर पल अपने ऊपर खतरा मोल लिए हो, तो यह कैसा लगेगा? यह कल्पना में भी अच्छा प्रतीत नहीं हो रहा है न......! लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ एक काल्पनिक स्थिति नहीं है, बल्कि एक कठिन सच है, जिसका सामना वे हर दिन करने को मजबूर हैं। सड़कें, जो प्रगति का प्रतीक होनी चाहिए, एक जेल बन जाती हैं जिसमें कोई बचाव, कोई सुरक्षा नहीं है। इन सड़कों पर रहने वाले परिवार, जिसमें छोटे बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं, अपने ही जीवन से संघर्ष करते हैं, और साथ ही किस्मत की मार और समाज की उदासीनता बिना किसी शिकायत के सहते चले जाते हैं। आप अक्सर इन लोगों को सड़क के किनारे देख सकते हैं, जो फटे हुए कंबल के नीचे सिमटे हुए मिल जाएँगे। उनके सपने बड़े ही सरल होते हैं, सिर्फ एक ऐसी जगह मिल जाए, जहाँ वे सुरक्षित रह सकें, बिना डर के उठें और अपने परिवार के साथ सुकून से रह सकें। फिर भी, ये सपने कई लोगों को हासिल नहीं हो पाते, और ये लोग गरीबी के लगातार संघर्ष के साए में ही अपना सारा जीवन निकाल देते हैं। यह कितना हृदयविदारक है कि किसी की एक पल की जरा-सी लापरवाही कैसे किसी के जीवन को बर्बाद कर सकती है। एक तेजी से चलती कार, एक ध्यान भटका हुआ ड्राइवर, और एक पल में एक जीवन समाप्त हो जाता है। निर्दोष पीड़ित, जिसकी केवल इतनी गलती थी कि उसने एक रात बिताने के लिए सड़क के किनारे का सहारा लिया था, एक्सीडेंट की वजह से मरने वालों की संख्या में महज एक दुःखद आँकड़ा बन कर रह जाता है। हाल ही में वित्त वर्ष 2024 के लिए बजट पेश किया गया, जिसमें हाशिए पर खड़े लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण उभरी है।

राज्य की बात

# सेना में झुंझुनू के जवान बेमिसाल



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में शेखावाटी क्षेत्र के झुंझुनू जिले के अमर सपूतों की इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था, वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद सेना द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे वीरों ने समय-समय पर अपना पराक्रम दिखाया है। वीरों की इस धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं। वास्तव में यहां की धरती को यह वरदान सा प्राप्त होना प्रतीत होता है कि इस पर राष्ट्रभक्ति के कीर्तिमान स्थापित करने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। चाहे 1948 का पाकिस्तान का कबायली हमला हो या 1962 में चीन से युद्ध हो या 1965 व 1971 का भारत-पाकिस्तान युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतु सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनों अंगो की आन की रक्षा के लिए यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को राष्ट्र कभी भुला नही सकता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले के नवयुवकों में सेना में भर्ती होने की बहुत पुरानी परम्परा रही है। यहां के गांवों में घर-घर में सैनिक होता है। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजों ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर शेखावाटी ब्रिगेड का गठन किया था। देश रक्षा के लिए सेना में शहादत देना राजस्थान की परम्परा रही है। झुंझुनू जिले के वीर जवानों को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा है। अब तक इस जिले के कुल 130 से अधिक सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक संख्या है। भारतीय सेना में योगदान के लिए झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 55 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं।


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### होमगार्ड जवानों ने बांटी मिठाइयां, खेली अबीर गुलाल

**महुआडांड़।** ब्लॉक परिसर में होमगार्ड जवानों ने बांटी मिठाइयां और खेले अबीर गुलाल। अंचल गार्ड इंचार्ज संदीप कुमार ने बताया कि झारखंड में होमगार्ड को पुलिस कर्मियों के समान वेतन का रास्ता साफ हो गया है। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने 25 अगस्त 2017 को प्रार्थी और अन्य दूसरे होमगार्ड को लाभ देने के संबंध में कानून सम्मत निर्णय लेने का राज्य सरकार को निर्देश देते हुए इस केस को राज्य सरकार के पास भेज दिया था। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने होमगार्ड जवानों को समान काम के बदले समान वेतन देने के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अर्जी शनिवार को खारिज कर दी। मौके पर अंचल गार्ड इंचार्ज संदीप कुमार गुप्ता, कुलदीप मिस्त्री, सरफराज अंसारी, डेविड, सुधीर कुजूर, विजय ठाकुर, एनिमा खलखो मौजूद थे।

### डीएमएफटी योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** डीएमएफटी मद की योजना के सफल संचालन को लेकर गुरुवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। डीएमएफटी मद की योजना के सफल संचालन को लेकर बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राहुल देव ने किया। बैठक में जिला द्वारा गिद्धौर, द्वारी एवं बारिसाखी पंचायत की योजनाओं की सूची भेजे जाने की जानकारी दिया गया। साथ ही साथ कहा गया की प्राथमिकता व वरीयता के आधार पर योजना का चयन कर प्रतिवेदन जल्द समर्पित करें। ताकि डीएमएफटी योजना के तहत योजना संचालित किया जा सके। वहीं दूसरी तरफ बारियातु, मंझगावा एवं पहरा पंचायत के योजनाओं की सूची जिला द्वारा नहीं भेजे जाने पर संबंधित पंचायत के मुखिया व जनप्रतिनिधियों ने विरोध जताया हैं। कहा कि उपरोक्त पंचायत के द्वारा भी योजना जिला को भेजी गई थी। परंतु जिला द्वारा प्रखंड को सूची नहीं भेजा जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक में प्रमुख अनीता यादव, उप प्रमुख प्रीतम यादव, मुखिया सरिता देवी,बेबी देवी, डेगन गंजू , बीपीआरओ दिगंबर पांडेय सहित पंचायत सचिव उपस्थित थे।

### बाइक से गिरकर युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सासंग मध्य विद्यालय के समीप गुरुवार की दोपहर बाद स्कूली बच्चों को बचाने के प्रयास में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना के बाइक सवार रविन्द्र प्रसाद (परसाही, लातेहार) गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के द्वारा घायल युवक को 108 एम्बुलेंस से सदर अस्पताल लातेहार भेजा गया जहां उसका उपचार चल रहा था। मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र प्रसाद लातेहार से चंदवा की ओर आ रहा था, इसी क्रम में स्कूल छुट्टी होने के बाद काफी संख्या में बच्चे स्कूल के बाहर सड़क पर आ गए। बच्चों को बचाने मे बाइक अनियंत्रित हो गया। जिससे उक्त हादसा हुआ। दुर्घटना में रविंद्र प्रसाद का दाहिना पैर टूट गया है।

### बृजमोहन राम ने विधायक प्रत्याशी के लिए जिला अध्यक्ष को दिया आवेदन

**लातेहार।** भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता बृजमोहन राम ने भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह को आवेदन देकर के लातेहार विधानसभा से प्रत्याशी चयन करवाने की आग्रह किया है। बरियातू प्रखंड निवासी बृजमोहन राम 1982 से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य हैं। तब से विभिन्न पदों में रहकर पार्टी का निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक कार्य कर रहे हैं। वह बीजेपी का कार्यकर्ता हैं। किसी दल में नहीं गये। ऐसे में भाजपाई को टिकट देने का आग्रह किया है। मौके पर जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने प्रत्याशी घोषित के लिए प्रदेश तक विधिवत बात रखने का आश्वासन दिया।

### अनियंत्रित वाहन ने बिजली पोल में मारी टक्कर

# आक्रोशित ग्रामीणों ने टंडवा सिमरिया मुख्य पथ को किया जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** चट्टी-बारियातू कोल परियोजना से निकलने वाले कोल वाहनों का कहर टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में जहां बदस्तूर जारी है। वहीं नो इंट्री लगाने को लेकर तमाम प्रशासनिक आदेश पूरी तरह से विफल हो गया है। बुधवार देर रात सेरनदाग में एक अनियंत्रित हायवा ने सड़क किनारे खड़े होन्हे निवासी ललन यादव का बोलेरो, सुबोध साहू का मिक्सचर मशीन तथा एक स्वीफ्ट डिजायर को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करते हुए फरार हो गया। साथ ही उक्त दुर्घटना में बाउंड्री वॉल तथा बिजली का एक पोल भी टूट गया। घटना से आक्रोशित सैंकड़ों ग्रामीणों ने समुचित मुआवजा की मांग करते हुए कोल वाहनों का परिचालन ठप करा दिया। जिससे कई किलोमीटर तक कोल वाहनों लंबी कतारें लग गई। इस मामले में आम लोगों द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। भाजपा नेता फुलचंद साहु ने कहा कि तेज रफ्तार ऋत्विक कंपनी के कोल वाहन ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। जबकि नो इंट्री अनुपालन हेतु जारी प्रशासनिक आदेशों की यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। जनता त्रस्त है और प्रशासन मस्त है। वहीं सेरनदाग निवासी उत्तम प्रसाद ने सड़क दुर्घटना रोकने में प्रशासन को पूरी तरह से विफल बताया। क्षोभ व्यक्त करते हुवे कहा कि जनहितों को यहां ताक पर रख दिया गया है।पिछले दिनों सड़क हादसे में दो स्कूली बच्चियों की वीभत्स मौत पर अधिकारियों द्वारा नो इंट्री तथा समुचित बैरिकेड लगाने की घोषणा खोखला साबित हुआ है। जनता त्राहिमाम कर रही है और उनकी मांगों को भयादोहन कर दबा दिया जा रहा है। बहरहाल, सड़क जाम हटाने को लेकर घटनास्थल में स्थानीय पुलिस मौजूद थी।जबकि समाचार लिखे जाने तक वार्ता नहीं होने से कोल वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई थी।

### ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**गिद्धौर(चतरा)।** थाना के समीप बुधवार की देर शाम एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाई जा रही थी। इस क्रम में चतरा की ओर से एक काले रंग के स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति आ रहे थे। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान को देखते हुए स्कूटी चालक तेजी से वापस मोड़कर भगाने का प्रयास किया। पुलिस बल के जवानों द्वारा दौड़ा कर दोनों को पकड़ लिया। इसके पश्चात तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक युवक के पैकेट से दो ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके पश्चात युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक हजारीबाग के चिस्तीय मोहल्ला के जफर खान के पुत्र एहतेशाम जफर (23) बताया जा रहा है। गिरफ्तार युवक ने ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त कई लोगों का नाम उजागर किया है। जिसे पुलिस गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। बताया जाता है कि गिरफ्तार युवक इंजीनियर की पढ़ाई कर रहा था। जबकि एक नाबालिक युवक को अनिरुद्ध किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### पूर्व विधायक प्रकाश राम ने तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्धाटन

**बारियातू।** प्रखंड के गोनिया पंचायत गोनिया गिदीमोड के बिच मे एनएच के 22 समीप स्पोंट ऐसोसिएशन क्लब डगबंधी द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उदघाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम व गोनिया मुखिया रानो देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व बॉल को कीक मारकर किया। खेल मैदान में पूर्व विधायक प्रकाश राम नें खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। साथ ही कहा कि आप सभी खिलाड़ी खेल को खेल की भावना से खेलें। ग्रामीण क्षेत्र मे इस तरह का फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन होने से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने अवसर प्राप्त होता है. अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रखंड से जिला तथा राज्य देश तक खेलने का अवसर मिलता है। ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी मेहनत कर प्रतिभा निखारते हुए अपना क्षेत्र का नाम रौशन करें। फुटबाल टूनामेंट एफसी लॉक डाउन क्लब चतरा बनाम शांति क्लब लातेहार के बिच खेला गया। जिसमे एफसी लॉक डाउन क्लब के टीम खेल मे एक गोल सें जीत हासिल की। स्पोंट ऐसोसिएशन क्लब डगबंधी टीम के अध्यक्ष राजेंद्र भोक्ता नें बताया कि इस टूर्नामेंट मे प्रथम पुरुस्कार तीन बड़ा खस्सी के अलावा कप, द्वितीय पुरुस्कार दो बड़ा खस्सी के अलावा कप, तृतीय पुरस्कार मं एक बड़ा खस्सी के साथ कप तथा चतुर्थ पुरस्कार मं एक छोटा खस्सी के साथ कप विजेता टीम को दिया जायेगा। मौके पर सचिव पंकज उरांव, कोषाध्यक्ष पप्पू भोक्ता, अमित भोक्ता, दिलीप भोक्ता सहित इस क्लब के सदस्य एवं खेल मे अहम भूमिका निभा रहे थे।

### 1 लाख 11 हजार 87 लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य

**चंदवा।** अगस्त माह से शुरू होने वाले राज्यव्यापी फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नीलिमा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में एमटीएस कृष्णकांत ने बताया कि फाइलेरिया का कोई इलाज नहीं है। जागरूकता से ही इससे बचा जा सकता है। इसके लिए 10 अगस्त को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से अभियान की शुरूआत की जाएगी 11 अगस्त से सेविका व स्वास्थ्य सहिया द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवाई खिलाई जाएगी। इसके लिए कुल 148 बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सेविका व सहिया का लोगों को दवाइयां अपने सामने खिलाएंगे। 25 अगस्त तक यह अभियान चलेगा। चंदवा में कुल 1 लाख 11 हजार 87 लोगों को यह दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बीडीओ चंदन प्रसाद,अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने अभियान की सफलता को लेकर जल्द ही आंगनबाड़ी सेविकाओं की बैठक रखी जाएगी। अभियान में स्कूली बच्चों को भी जोड़ने एवं प्रत्येक स्कूल में उक्त दवा खिलाने व जागरूकता को लेकर जानकारी देने की बात कही। बैठक में उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा,शिक्षा विभाग के बीआरपी प्रतीक सिन्हा,जेएसएलपीएस के बीपीएम मुजीबुल आरफीन, पिरामल संस्थान के अमरेंद्र कुमार,लेखपाल मीरा केसरी एवं विनीता कुमारी मौजूद थी।

### फूड इंस्पेक्टर के औचक निरीक्षण से व्यवसाइयों में हड़कंप

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा में फूड विभाग ने मिलावटी व दूषित खाद्य सामग्री बेचे जाने की सूचना पर विभिन्न दुकानों में औचक निरीक्षण किया गया। इससे व्यवसाइयों में हड़कंप मचा गया। इस दौरान जांच अधिकारियों ने फूड सैंपल एकत्रित किये हैं। वहीं कार्रवाई की भनक लगते हीं कई होटल संचालक अपने दुकानों का शटर बंद कर फरार हो गए। जानकारी देते हुए फूड इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि कई दुकानों में औचक निरीक्षण में मिठाई, पनीर समेत अन्य खाद्य सामग्रियों को एकत्र किया गया है। जिसे लैब टेस्ट के लिए भेजा जाएगा।

## अधिग्रहित भूमि मुआवजा भुगतान को लेकर शिविर का आयोजन



**बारियातु।** अंचल कार्यालय सभागार परिसर में जिला भूअर्जन पदाधिकारी लातेहार के निर्देश पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम की अध्यक्षता में टोरी शिवपुर परियोजना में अधिगृहीत भूमि का मुआवजा भुगतान हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला के दैनिक अमीन मो. साबीर, अंचल निरीक्षक अनिल होरो, राजस्व उप निरीक्षक नंद देव राम नें भू रैयतो के समस्याओं को सुना। जिसमें भू रैयतों द्वारा लंबित राशि नहीं लेने के कारण को समझा। वहीं भू रैयत दिलेश्वर साव,धनराज साहू, पप्पू साहू, धनु पहन ,करम गंझु, कैलाश दो हरा, रामवृक्ष लोहरा, रितेश लोहरा, मोहन रजक, संतोष रजक वृजलाल साहू, मानती देवी, सहित कई लोगो नें बताया कि हम लोगों के अधिग्रहित भूमि का मुआवजा वर्ष 2015,2017,2019 व 2020 में 26 हजार प्रति डिसमिल के दर सें मिला था।

लेकिन वर्तमान में लगभग 8700 रुपया प्रति डिसमिल के दर से दिया जा रहा है। जिसके चलते हम लोग मुआवजा नहीं ले रहे हैं। वहीं जिला से आए दैनिक अमीन ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजना के तहत अलग-अलग कीमतों पर जमीन का अधिग्रहण किया जाता है। वर्तमान में टोरी शिवपुर परियोजना अंतर्गत लगभग 8700 रुपया प्रति डिसमिल तय हैं। अगर भू रैयत इसके संतुष्ट नहीं है तो आगे विभागीय पदाधिकारी से संपर्क करेंगे।

## दो दिवसीय पलामू जनजाति लोक नृत्य महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे सामूदायिक भवन में गुरुवार को पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र , संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) एवं रंगयात्रा के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय पलामू जनजातीय लोक नृत्य महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा के विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य संतोषी शेखर, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, 20सूत्री अध्यक्ष मोहम्मद नसीम अंसारी समेत अन्य अतिथियों द्वारासंयुक्त रूप दीप जला कर किया गया। इसके उपरांत आयोजन कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि विधायक श्री सिंह समेत सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ,अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर बारी बारी से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत पारंपरिक वाद्ययंत्रों थाप,लोकगीत एवं लोकनृत्य के साथ किया गया। मंच का संचालन चंद्रदेव सिंह(सचिव)भारतीय लोक कल्याण संस्थान(रांची), झारखंड जलछाजन योजना बरवाडीह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए हुई कलाकारों व स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया। जिसका उपस्थित लोगों ने जमकर तारीफ किया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि रामचंद्र सिंह ने कहा कि हम सभी को इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर अपने संस्कृति और संस्कार को बचाए रखने की जरूरत है। उन्होंने पलामू प्रमंडल में संस्कृति व संस्कार को बचाए रखने के लिए ।लोक नृत्य महोत्सव के इस तरह के आयोजन में हर संभव सहयोग देने की बात कही। वहीं मंच का संचालन कर रहे चंद्रदेव सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक संस्कृति एवं परंपरा को संरक्षित करते हुए उसको आने वाले पीढ़ी को अपने सभ्यता,संस्कृति एवं परंपरा को पोषित करते हुई बचाए रखने के लिए जागरूक करना है। वहीं कलाकारों को आयोजन कमेटी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रेमकुमार सिंह (पिंटू), कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी, कांग्रेस प्रदेश सदस्य रविन्द्र राम, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सिंह, गौतम पटेल, शिवानंद तिवारी, सुरेश मिश्रा, कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन रूबी कुमारी, अवधेश मेहरा,कृष्ण गुप्ता समेत आयोजन कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

## भाजयुमो ने कारगिल विजय दिवस पर मशाल रैली निकाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव के नेतृत्व में बालूमाथ में कारगिल विजय दिवस पर मशाल रैली निकाली गई। मशाल रैली बालूमाथ थाना चौक से चलकर मुख्य मार्ग होते हुए सहित चौक ब्लॉक स्थित नीलांबर पीतांबर स्मारक तक जा पहुंची। इस दौरान भारत पाकिस्तान के बीच 1999 में हुई युद्ध का नेतृत्व कर रहे महापुरुष विक्रम पात्रा वीरता को याद किया गया। आज ही के दिन लगभग 60 दिनों तक लगातार युद्ध के बाद मिली जीत से हर एक भारतीयों के लिए गर्व और ऐतिहासिक दिन है। इस दौरान भाजपाइयों ने हाथों में तिरंगा झंडा लिए तथा मशाल लिए भारत माता की जय वीर शहीद अमर रहे जैसे कई नारा लगाए इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अलावे युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन पासवान, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, युवा मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, अरविंद भगत, रवि सिंह, भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, राकेश दुबे जिला उपाध्यक्ष लातेहार, प्रवेश सोनी, सूरज साह, विजय यादव, रामकुमार गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, सतन सिंह, अजय सिंह, मिथलेश सिंह, बबलू गुप्ता, शिवमंगल सिंह, पिंटू गुप्ता, राजेंद्र साव, गुडू तिवारी पपु यादव सहित सैकड़ो भाजपाई उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत छह लाभुक के बीच पांच-पांच सुअर का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र मे मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 2023-24 के अंतर्गत स्वीकृत टोटी, अमरवाडीह, बारियातू पंचायत के 6 लाभुकों के बीच पांच-पांच सुअर (एक नर व चार मादा) का वितरण किया गया। साथ में चारा व दवा भी दिया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे ने पशुओ के देख भाल व बीमारियों से बचाव सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस योजना अंतर्गत लाभुक अनिता देवी, बारियातु, सुसमा देवी (गाड़ी,बारियातु), सोनिया देवी, जयमनी देवी, उर्मिला देवी, (टोटी पंचायती) बाजो देवी चेड़रा,(अमरवाडिह) शामिल रहे। योजना का लाभ मिलने पर लाभुकों ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद दिया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, टोंटी पंचायत मुखिया शांति देवी, पंचायत समिति सदस्य, सोनी देवी, पशुधन मित्र सरजु पासवान, पशु स्वास्थ्य कर्मी विनोद बैठा सहित कई लोग मौजूद थे।

### बैक टू स्कूल अभियान की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

## अध्यापकों ने पोषक क्षेत्र में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने का लिया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के राजकीयकृत मध्य विद्यालय गिद्धौर में गुरुवार को स्कूल रूआर-2024 बैक टू स्कूल अभियान की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की विधिवत उद्घाटन मुखिया सरिता देवी,पिरामिड फाउंडेशन के चारु,बीपीओ नीरज कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही कार्यशाला की शुरूआत एक अभियान गीत के साथ की गई।कार्यशाला संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सभी अध्यापकों को अपने-अपने पोषक क्षेत्र में अनुश्रवण करते हुए शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करवाए। इस कार्य में प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दल के कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संगठन के कार्यकर्ता सहयोग करेंगे।बीपीओ ने कहा ऐसे में 'बैक टू स्कूल अभियान' बच्चों की निर्बाध शिक्षा में प्रभावी रूप से सहायक होगा। कहा कि सबको मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि रूकावट के बिना प्रत्येक बच्चा अपनी उपस्थिति एवं पढ़ाई जारी रखे। इसके लिए उन्होंने सभी विद्यालयों में बुक बैंक बनाने का सुझाव दिया है। कहा कि रणनीति के अनुसार अभियान को चलाया जाएगा। इसके तहत अनामांकित का नामांकन तथा अप्रवासी बच्चों, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की उपस्थिति के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में कमजोर एवं अभिवंचित वर्ग के बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय, बीआरपी कृष्ण मुरारी शर्मा, सीआरपी नवनीत कुमार सिन्हा, राजकुमार राजू, प्रेमचंद गुप्ता, शंभू कुमार पांडेय के अलावा विभिन्न विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


प्रपत्र VI 'क'

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**उपायुक्त का कार्यालय, चतरा, (भू-अर्जन शाखा)**

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम-30/2013 की धारा-11(1) के अधीन)**

ज्ञापांकः-865/भू0अ0 दिनांकः-23.07.2024

चूंकि समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम- **नावाडीह डमौल**, थाना नं0- **52** थाना- **पत्थलगड्डा**, अंचल- **पत्थलगड्डा**, जिला- **चतरा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **परियोजना कठौतिया-शिवपुर न्यू बी0 जी0 रेलवे लाईन** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम- **नावाडीह डमौल**, थाना नं0- **52** थाना- **पत्थलगड्डा**, अंचल- **पत्थलगड्डा**, जिला- **चतरा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.42** एकड़ यानि **0.1700** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है,

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 59 | 108 | रैयती | धान खेत | 0.02 | उमर दांगी व टेकलाल महतो पिता-स्व0 सेवा महतो | राजु दांगी | नीज | मेघन दांगी | सुरेश दांगी |
| 2 | 92 | 981 | रैयती | धान खेत | 0.02 | हेमराज यादव पिता-स्व0 तिलक यादव | केदार दांगी | नीज | केदार दांगी | विनोद दांगी |
| 3 | 120 | 825 | रैयती | धान खेत | 0.04 | जगनी देवी पति-स्व0 ठकुरी राम दांगी | नीज | द्वारिका गंझु | जितेंदर प्रसाद | सुरेश दांगी |
| 4 | 129 | 818 | रैयती | धान खेत | 0.09 | शंकर दांगी वगै0 पिता-स्व0 जवर महतो | | नीज | | |
| 5 | 167 | 192 | रैयती | धान खेत | 0.02 | कुला कुर्मी वगै0 पिता-ज्ञानी कुर्मी एवं अन्य। | प्लॉट सं0 189 | प्लॉट सं0 193 | नीज | प्लॉट सं0 186 |
| 6 | 187 | 177F | रैयती | धान खेत | 0.01 | दुली राम दांगी पिता-स्व0 प्रसाद महतो | प्लॉट शेष भाग | प्लॉट सं0 178 | प्लॉट सं0 175 | नीज |
| 7 | 74 | 4331 P | रैयती | धान खेत | 0.11 | सुरेश ठाकुर वो रमेश ठाकुर पिता-स्व0 किसुन ठाकुर वो मसो0 महेश्वरी देवी पति-स्व0 यदुनन्दन ठाकुर, मसो0 उर्मीला देवी पति-स्व0 उमेश ठाकुर | प्लॉट सं0 431 | प्लॉट सं0 4338 | प्लॉट शेष भाग | प्लॉट शेष भाग |
| 8 | 193 | 4421 F | रैयती | धान खेत | 0.11 | गोविन्द साव वो शशि साव पिता-शिव लाल साव, राजेश साव पिता-गुरूदयाल साव | प्लॉट सं0 4220 | प्लॉट सं0 4429 | प्लॉट शेष भाग | सिमाना ईचाक खुर्द |
| | | | Total | | 0.42 | | | | | |

कुंआ/चापानल/डोभा का विवरण

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | कुंआ/चापाकल/डोभा | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 129 | 818 | रैयती | कुंआ | 12' x 25' | शंकर दांगी वगै0 पिता-जवर महतो, हेमराज यादव वगै0 | – | – | – | – |
| 10 | - | 59 | रैयती | कुंआ | 5'x 31' | विजय राणा वो आशिष राणा पिता-स्व0 धनु राणा | – | – | – | – |
| 11 | - | 143 | रैयती | कुंआ | 16' x 32' | बैजनाथ चौधरी पिता-स्व0 विगन पासी | – | – | – | – |
| 12 | 129 | 813 | रैयती | कुंआ सरकारी योजना से | 23' x 32' | शंकर दांगी वगै0 पिता-जवर महतो, हेमराज यादव वगै0 | – | – | – | – |
| 13 | - | 84, 108, 109 | रैयती | कुंआ सरकारी योजना से | 18'x 33' | फुसो महतो पिता-स्व0 गेन्दो महतो व मेघन दांगी पिता-स्व0 पुरण महतो, अमर महतो पिता-स्व0 सेवा महतो | – | – | – | – |
| 14 | 195 | 4273 | रैयती | तालाब सरकारी योजना से | 45' x 60' x 7' | मनोज दांगी पिता-स्व0 लालधन महतो, कृष्णा दांगी, राजकुमार दांगी वगै0 | – | – | – | – |
| 15 | 129 | 818 | रैयती | डोभा सरकारी योजना से | 40' x 50'x10 37' x 40' x10 | शंकर दांगी वगै0 पिता-स्व0 जबर महतो एवं अन्य | – | – | – | – |
| 16 | 129 | 819 | रैयती | डोभा सरकारी योजना से | 40' x 38'x 10 | मनवा देवी व धनेश्वरी देवी पिता-चरण महतो | – | – | – | – |

वृक्ष का विवरण

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | वृक्ष की सं0 | वृक्ष का प्रकार | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 129 | 814 | रैयती | 02 | महुआ | शंकर दांगी वगै0 पिता-जवर महतो | – | – | – | – |
| 18 | - | 826 | रैयती | 01 | महुआ | लालो कुर्मी पिता- मेहन कुर्मी | – | – | – | – |
| 19 | - | 59 | रैयती | 01 | कोनार | विजय राणा वो आशिष राणा पिता-स्व0 धनु राणा | – | – | – | – |

यह अधिसूचना भू-अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन मे उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा-11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू-अर्जन पदाधिकरी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस की कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता-सह-समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू-वेधन-छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा और उनके कर्मचारी कानूनगो/अमीन/संबंधित को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू-अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, चतरा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 330655 Land Reforms(24-25)#D

उपायुक्त, चतरा



**जीवट की खिलाड़ी हैं दीपिका :** महिला वर्ग में सभी की नजरें दीपिका पर टिकी रहेंगी। उनका साथ देने के लिए भजन कौर और अंकिता भकत हैं। जहां तक दीपिका का सवाल है, तो वे जीवट की खिलाड़ी हैं। उन्होंने मां बनने के 16 महीने के अंदर शंघाई विश्व कप के पहले चरण में रजत पदक जीता था।

### पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में झारखंड से भाग लेने वाली एक मात्र खिलाड़ी हैं दीपिका

# रांची की राजकुमारी से है पदक की उम्मीदें...

त्रिभुवन कुमार सिन्हा

**रांची।** पेरिस ओलंपिक 2024 का आगाज शुक्रवार (26 जुलाई) को होगा। इस ओलंपिक में झारखंड को केवल रांची की राजकुमारी दीपिका से ही पदक की उम्मीदें हैं। क्योंकि, महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई और भारतीय पुरुष हॉकी टीम में इस बार झारखंड का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं है। हॉकी तथा तीरंदाजी ही ऐसे दो खेल हैं, जिसमें झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में शामिल किए जाने पर ओलंपिक खेल पाते हैं। अन्य खेलों में झारखंड की धमक अभी वैसी नहीं है कि ओलंपिक का टिकट मिल सके। रांची की दीपिका कुमारी महतो झारखंड की एक ऐसी महिला तीरंदाज हैं, जो आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने संघर्षपूर्ण जिंदगी जीते हुए न केवल अपने लिए खास मुकाम बनाया, बल्कि परिवार, राज्य और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। दीपिका एक रिकर्व तीरंदाज हैं। वे चौथी बार ओलंपिक में तीरंदाजी खेल में देश का प्रतिनिर्धित्व कर रही हैं। दीपिका पेरिस ओलंपिक 2024 में महिला तीरंदाजी रिकर्व टीम का नेतृत्व कर रही हैं। इस टीम में दीपिका के अलावे भजन कौर और अंकिता भक्त शामिल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि ओलंपिक में तीरंदाजी को 1988 में शामिल किया गया था। तीरंदाजी को ओलंपिक में शामिल हुए 36 साल हो गए हैं, लेकिन भारत आज तक इस खेल में एक पदक भी हासिल नहीं कर पाया है। भारतीय महिला टीम ने इसबार रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है, यानी भारतीय टीम सभी पांचों स्पर्धाओं में भाग लेगी। खिलाड़ियों की वरीयता क्वालिफिकेशन राउंड से तय की जाएगी। पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन से एक दिन पहले 25 जुलाई को महिला तीरंदाजों का क्वालिफिकेशन राउंड हुआ। इसमें प्रत्येक तीरंदाजों ने 72 तीर चलाए और इसके आधार पर उनकी वरीयता तय हुई। मुख्य नॉकआउट प्रतियोगिता 28 जुलाई से होगी।

## संघर्ष से पाया ऊंचा मुकाम

दीपिका कुमारी महतो का जन्म 13 जून 1994 को रांची के रातू में ऑटोरिक्शा चालक शिव नारायण महतो और नर्स गीता महतो के घर हुआ था। गरीबी में पली-बढ़ीं दीपिका ने कभी अपना मनोबल गिरने नहीं दिया। 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने तीरंदाजी खेल से जुड़ने का फैसला लिया। संघर्ष की आंच में तपकर उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई और वर्ष 2006 में मैरिदा मेक्सिको में आयोजित वर्ल्ड चैंपियनशिप में कंपाउंड एकल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यहां से शुरू हुआ सफर नहीं थमा और एक समय ऐसा भी आया कि उन्हें विश्व की नंबर-1 महिला तीरंदाज बनने का गौरव हासिल हुआ। रांची का नाम तीरंदाजी के विश्व पटल पर छा गया। वर्ष 2009 में उन्होंने अमेरिका में 11वीं यूथ आर्चरी चैंपियनशिप जीती। वर्ष 2010 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त किया। वर्ष 2010 में ही राष्ट्रमंडल खेल में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीता। साथ ही, महिला रिकर्व टीम को भी स्वर्ण दिलाया। वर्ष 2011 में इस्तांबुल और 2012 में टोक्यो में एकल खेलों में रजत पदक प्राप्त किया। इस पर उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्ष 2016 में दीपिका को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने पद्मश्री से सम्मानित किया। दीपिका ने 30 जून 2020 को तीरंदाज अतनु दास से शादी की।




**2009** में उन्होंने अमेरिका में 11वीं यूथ आर्चरी चैंपियनशिप जीती

**2010** में ही राष्ट्रमंडल खेल में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीता। साथ ही, महिला रिकर्व टीम को भी स्वर्ण दिलाया।

*पेरिस ओलंपिक में महिला तीरंदाजी रैंकिंग राउंड में भारतीय टीम का शानदार प्रदर्शन*

# भारत तीरंदाजी टीम क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी

**1983** अंकों के साथ भारत ने हासिल किया चौथा स्थान

**2046** अंकों के साथ द. कोरिया सूची में शीर्ष पर रहा

**रैंकिंग राउंड में भारतीय महिला तीरंदाजों की वरीयता**

| | |
|---|---|
| अंकिता भक्त | 11वीं वरीयता |
| भजन कौर | 22वीं वरीयता |
| दीपिका कुमारी | 23वीं वरीयता |

**पेरिस।** भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भक्त की भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने 1983 अंकों के साथ चौथा स्थान हासिल करके सीधे पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। महिला तीरंदाजी रैंकिंग राउंड में, दक्षिण कोरिया 2046 अंकों के साथ सूची में शीर्ष पर रहा, उसके बाद चीन (1996) और मैक्सिको (1986) थे।

भारत के लिए, अंकिता भक्त सीजन के सर्वश्रेष्ठ 666 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं और महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में 11वीं वरीयता प्राप्त की। दक्षिण कोरिया की लिम सिहयोन (694 अंक विश्व रिकॉर्ड), और नाम सुहयोन (688, व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ) महिला रैंकिंग में पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। रैंकिंग राउंड के दौरान, प्रत्येक निशानेबाज को 36-36 के दो हिस्सों में 72 तीर मारने थे। एक सेट में एक साथ छह तीर चलाए जाते हैं, और प्रति आधे में छह सेट होते हैं। शीर्ष चार वरीय खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में सीधे योग्यता अर्जित की। पहले सेट के समापन पर, भारतीय तीरंदाज अंकिता भक्त ने 54 अंक बनाए और 22वें स्थान (10, 10, 9, 9, 8, 8) पर रहीं, दीपिका कुमारी 51 अंक और 51वें स्थान (10, 9, 9, 9 8, 6) पर रहीं, भजन कौर के 51 अंक (9, 9, 9, 9, 8, 7) और 52वां स्थान था। अग्रणी खिलाड़ी 59 अंकों के साथ दक्षिण कोरिया की सिहयोन लिम थे।

अगले दो सेटों में, अंकिता और भजन ने अपनी स्थिति में सुधार करना शुरू कर दिया और क्रमशः सातवें और 41वें स्थान पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, दीपिका दूसरे सेट में 54 अंकों के साथ 36वें स्थान पर पहुंच गईं, लेकिन तीसरे सेट में 54 अंकों के साथ 39वें स्थान पर खिसक गईं। पहले सेट के आधे समय में दक्षिण कोरिया की सिहयोन लिम (176) और सुहयोन नाम (172) शीर्ष दो स्थान पर रहीं। अंकिता (170 अंकों के साथ 7वें), दीपिका (161 अंकों के साथ 39वें) और भजन (161 अंकों के साथ 41वें) भी ऊपर चढ़ रही थीं। तीसरा सेट समाप्त होने तक एक टीम के रूप में भारत 12 में से चौथी वरीयता प्राप्त कर चुका था।

चौथे सेट में अंकिता को थोड़े समय के लिए 8वें स्थान पर खिसकना पड़ा, जबकि दीपिका और भजन क्रमशः 31वें और 38वें स्थान पर पहुंच गये। पांचवें सेट में, अंकिता 10वें स्थान पर गिर गईं, जबकि भजन और दीपिका क्रमशः 23वें और 33वें स्थान पर पहुंच गई़ं। भारत ने एक टीम के रूप में रैंकिंग राउंड का पहला भाग छठे स्थान पर समाप्त किया।

भारत ने दूसरे हाफ की शुरुआत बहुत अच्छी की, जिसमें अंकिता 389 अंकों के साथ 15वें स्थान पर खिसक गईं, लेकिन दीपिका (384 अंकों के साथ 25वां स्थान) और भजन (383 अंकों के साथ 28वां स्थान) आगे बढ़ीं। दूसरे हाफ की शुरुआत में भारत चौथी वरीयता पर पहुंच गया। आठवें सेट के अंत में भारत ने अपनी चौथी वरीयता बरकरार रखी, जिसमें अंकिता 445 अंकों के साथ 11वें स्थान पर, दीपिका 439 अंकों के साथ 24वें स्थान पर और भजन 437 अंकों के साथ 30वें स्थान पर आ गए। नौवें सेट के अंत में भारत पांचवें स्थान पर खिसक गया, अंकिता 11वें स्थान पर बरकरार रही, दीपिका 30वें स्थान पर और भजन 25वें स्थान पर पहुंच गये। दसवें सेट के अंत में भारत एक बार फिर चौथे स्थान पर पहुंच गया, जिसमें अंकिता 12वें स्थान पर खिसक गईं, भजन 21वें स्थान पर और दीपिका भी 28वें स्थान पर पहुंच गईं। 11वें सेट में भक्त ने 58 अंक जुटाए, जबकि भजन और दीपिका ने 56 अंक हासिल किए। अंतिम सेट में दीपिका ने लगातार चार 10-पॉइंट अंक हासिल करके चमक बिखेरी। उन्होंने 57 अंक अर्जित किए और 658 के कुल योग के साथ 23वें स्थान पर रहीं। भजन ने 53 अंकों के साथ अंतिम सेट समाप्त किया। उन्होंने 659 अंकों के साथ 22वां स्थान हासिल किया। अंकिता 666 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहीं और अंतिम सेट में 54 अंक अर्जित किए।

## पादुकोण ने भारतीय शटलरों से तीन पदक की भविष्यवाणी की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बैडमिंटन के दिग्गज और शीर्ष शटलर पीवी सिंधु के गुरु प्रकाश पादुकोण का मानना है कि भारत के पास पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में तीन पदक जीतने की प्रबल संभावना है, जिसमें सिंधु के लिए पदकों की हैट्रिक भी शामिल है। भारत ने सात सदस्यीय बैडमिंटन टीम भेजी है, जिसमें सात्विक साईराज, रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और डबल ओलंपिक पदक विजेता सिंधु शामिल हैं। ज्ञात हो कि बेंगलुरु में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी चलाते हैं। पादुकोण ने कहा कि सिंधु पेरिस में अपने ऐतिहासिक लगातार तीसरे ओलंपिक पदक के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने जियोसिनेमा से कहा, हम यही कोशिश कर रहे हैं और उम्मीद कर रहे हैं। उसने इसके लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है। हालांकि, इस स्तर पर, कोई निश्चित रूप से प्रतिबद्ध नहीं हो सकता है। उसकी तैयारी अच्छी हो गई है, और वह अभ्यास सत्र में अच्छा खेल रही है। तो, संदर्भ में तैयारी, सब कुछ बहुत अच्छा रहा है। अनुभवी शटलर, पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन और अपने सुनहरे दिनों में विश्व के शीर्ष खिलाड़ी ने विस्तार से बताया कि वह कोर्ट पर सिंधु की रणनीति और रणनीति में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में सिंधु ने भी काफी सुधार किया है।पादुकोण ने कहा, मैं कोर्ट पर रणनीति और रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, कब कौन से स्ट्रोक का उपयोग करना है, और दिमाग पर थोड़ा ध्यान देना है।



## अभिनव बिंद्रा को ओलंपिक ऑर्डर पुरस्कार, गृहमंत्री अमित शाह ने दी बधाई, कहा- अनुकरणीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 'ओलंपिक आर्डर' पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा आईओसी ने की है। उनकी इस उपलब्धि पर देश गौरवान्वित है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी इसे हर्ष का विषय बताया है। गृह मंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "ओलंपिक आर्डर पुरस्कार से सम्मानित होने पर अभिनव बिंद्रा को बधाई। अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी, अभिनव बिंद्रा अपने ज्ञानवर्धक मार्गदर्शन से एथलीटों को प्रेरित करते रहते हैं। मेरी सारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं"। इससे पहसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को अपने एक्स अकाउंट पर बधाई दे चुके है। मोदी ने अपने पोस्ट में कहा था कि अभिनव की इस उपलब्धि पर हर भारतीय को गर्व है। ओलंपिक ऑर्डर पुरस्कार किसी व्यक्ति को दिया



जाने वाला सर्वोच्च ओलंपिक सम्मान है। 10 अगस्त को पेरिस में आयोजित होने वाले 142वें आईओसी सत्र में भारतीय निशानेबाज को सम्मानित किया जाएगा। बता दें, ओलंपिक ऑर्डर सम्मान की स्थापना 1975 में हुई थी। शुरुआत में यह पुरस्कार गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज कैटेगरी में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को दिया जाता था। 1984 में रिव्यू के बाद आईओसी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज की कैटेगरी को समाप्त कर दिया। इसके बाद यह तय किया कि अब यह पुरस्कार सिर्फ गोल्ड कैटेगरी में राष्ट्र प्रमुखों और ओलंपिक खेलों में विशिष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों को ही दिया जाएगा। आईओसी ओलिंपिक की मेजबानी करने वाले राष्ट्र प्रमुखों को भी यह पुरस्कार देता रहा है। परंपरागत रूप से, आईओसी प्रत्येक ओलंपिक गेम्स के समापन समारोह में मुख्य राष्ट्रीय आयोजक को ओलंपिक ऑर्डर प्रदान करता है। दुनिया में अब तक 116 हस्तियों को गोल्ड ओलिंपिक ऑर्डर पुरस्कार मिल चुका है। अभी तक इसमें सिर्फ एक भारतीय शामिल है। अभिनव को यह सम्मान ओलिंपिक आंदोलन में अहम भूमिका निभाने के लिए दिया गया है। वह अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन की मदद से भारतीय खेलों को आगे बढ़ा रहे हैं।

## एंडी मरे ने ओलंपिक पुरुष एकल टेनिस से अपना नाम लिया वापस

**पेरिस।** पूर्व विश्व नंबर 1 एंडी मरे ने पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल स्पर्धा से नाम वापस ले लिया है। दो बार के ओलंपिक पुरुष एकल चैंपियन एंडी मरे ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक से संन्यास लेने का ऐलान किया था। अब पुरुष एकल से अपना नाम वापस लेने के बाद पुरुष युगल टूर्नामेंट में डैन इवांस के साथ जोड़ी बनाएंगे और



अपने तीसरे ओलंपिक पदक के लिए शानदार शुरुआत करना चाहेंगे। एंडी मरे ने अपना नाम वापस लेने की पुष्टि की है।

## कर्णम मल्लेश्वरी हैं ओलंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला

**रांची।** भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी ने वर्ष 2000 में ओलंपिक में इतिहास रच दिया। वे ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वर्ष 2000 के सिडनी ओलंपिक के समय, कर्णम मल्लेश्वरी ने स्नैच में 110 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 130 किलोग्राम के साथ कुल 240 किलोग्राम का भार उठाया और भारत



के लिए ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता। वैसे, ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला मेरी लीला राव थीं।

## सेमीफाइनल में भी जारी रहेगा प्रदर्शन: शेफाली

एजेंसी

**दांबुला।** 2024 महिला एशिया कप के पहले सेमीफाइनल में भारत का बांग्लादेश से सामना होने से पहले, सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि गत चैंपियन को एहसास है कि नॉकआउट मुकाबला उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। टूर्नामेंट में अब तक, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाला भारत अजेय रहा है - पाकिस्तान को सात विकेट से हराया, यूएई के खिलाफ 78 रनों से जीत हासिल की और नेपाल को 82 रनों से हराकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। शेफाली ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "जिस तरह से हम सभी एक-दूसरे



के साथ तालमेल बिठा रहे हैं और मैच जीत रहे हैं, उससे वास्तव में खुश हैं। सेमीफाइनल हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण चीज है. आज, हम सभी अभ्यास के लिए आए हैं और उम्मीद है कि हम कल अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगे।"

158 रनों के साथ, शेफाली टूर्नामेंट में अब तक भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रही हैं, जिसमें हरमनप्रीत, स्मृति मंधाना और ऋचा घोष ने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें लगता है कि दीप्ति शर्मा और पूजा वस्त्रकर जैसी निचले क्रम की बल्लेबाज जरूरत पड़ने पर बड़े हिट लगाने में सक्षम हैं। "हम सिर्फ खुद का समर्थन करते हैं और एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में, हम अपनी ताकत का समर्थन कर रहे हैं। गेंदबाज शानदार काम कर रहे हैं, लेकिन हमें दिन-ब-दिन खुद में सुधार करते रहना होगा।' हर दिन, वे (निचले क्रम के बल्लेबाज) नेट्स पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। जब भी उन्हें मौका मिलेगा, मुझे उम्मीद है कि वे छक्के मारेंगे।

शेफाली ने यह कहते हुए समापन किया कि भारत क्षेत्ररक्षण में बेहतर होने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है, एक पहलू जो एशिया कप में उनके लिए कमजोर रहा है। उन्होंने कहा, ''हम अपनी फील्डिंग पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसलिए, हम सभी चीजों - बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण - पर टिक लगाने की कोशिश करेंगे और सेमीफाइनल में सर्वश्रेष्ठ चीजों के लिए योगदान देंगे।

## बीसीसीआई व आईपीएल मालिकों की बैठक 31 को

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 को लेकर बीसीसीाई और आईपीएल टीमें अब एक्शन में आती नजर आ रही है। जानकारी के अनुसार, 31 जुलाई को बैठक होने वाली है जिसमें आईपीएल टीमें कितनी रिटेंशन कर सकती हैं और आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले राइट टू मैच (आरटीएम) के विकल्प क्या होंगे, इन तमाम मुद्दों पर चर्चा होगी। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने 31 जुलाई को होने वाली बैठक के लिए गुरुवार सुबह फ्रेंचाइजी मालिकों को टेक्स्ट मैसेज भेजे, जिसमें उन्हें यह बताया गया



कि जल्द बैठक की जानकारी दी जाएगी। अमीन ने यह भी संकेत दिया है कि बैठक 31 जुलाई को दोपहर या शाम को होगी। ऐसा माना जाता है कि सभी मालिकों ने बैठक के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है।

हालांकि अभी वेन्यू की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन बैठक मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम परिसर में स्थित बीसीसीआई मुख्यालय क्रिकेट सेंटर में होने की उम्मीद है। आईपीएल 2018 मेगा नीलामी के लिए, नीलामी से तीन और अन्य राइट टू मैच कार्ड का उपयोग करक फ्रेंचाइजी को अधिकतम पांच खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति थी। लेकिन 2022 में दो नई टीमों गुजरात टाइटन्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरूआत के परिणामस्वरूप मौजूदा टीमों को चार खिलाड़ियों को बनाए रखने की अनुमति दी गई, जिसमें कोई आरटीम कार्ड शामिल नहीं था। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीसीसीआई द्वारा रिटेंशन की संख्या पांच या छह रखी जा सकती है।रिटेंशन को सीमित करने के पीछे तर्क यह है कि अधिक संख्या नीलामी के उत्साह को कम कर सकती है। यदि प्रत्येक टीम आठ खिलाड़ियों को बनाए रखती है, तो दुनिया भर और भारत के शीर्ष 80 खिलाड़ी नीलामी से बाहर हो जाएंगे, जिससे पूरी नीलामी प्रक्रिया फीकी हो सकती है।


राइट टू मैच विकल्प एक विवादास्पद मुद्दा है जिस पर बैठक में बहस हो सकती है, हालांकि यह संभावना है कि बीसीसीआई ने इस मामले पर पहले ही निर्णय ले लिया है।

**नामजद सहायक पुलिसकर्मियों का नाम एफआईआर से वापस लें**

**चंपाई की घोषित 40 हजार नौकरियों में 25 प्रतिशत कटौती कर दी**

# गलतफहमी में कितने दिन सीएम बंद रखेंगे आंखें : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गलतफहमी पालकर कितने दिन आंखें बंद रखेंगे। उठिए, जागिये महाराज, देखिये आपके पीछे अब कोई नहीं बचा है और हां, थोड़ी सी भी मयार्दा और इंसानियत बची हो तो नामजद सहायक पुलिसकर्मियों का नाम एफआईआर से वापस लें। चाहे आप अपनी हड्डियों का बचा पूरा दम भी क्यों न लगा लें। अधिकारों के मिलने तक, मांगों के पूरा होने तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा, यह बिगुल हरदम बजता रहेगा। बाबूलाल मरांडी गुरुवार को एक्स पर लिखा कि हेमंत सोरेनजी, आपने तो जमानत पर जेल से छूटने के बाद चंपाई सोरेन की घोषित 40 हजार नौकरियों में 25 प्रतिशत कटौती कर के 30 हजार नौकरियां देने की बात कही थी, लेकिन अब तो प्रतिदिन दनादन परीक्षाएं स्थगित की जा रही हैं। इस आपाधापी की वजह क्या है? क्या आयोग ने सरकार के दबाव में अधूरी तैयारी के साथ परीक्षा की तिथि घोषित कर दी थी? क्या आपको नौकरी बेचने का मनचाहा रेट नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि वजह चाहे जो भी हो, एक बात तो स्पष्ट है कि आप में झारखंड के युवाओं को नौकरी देने की नियत नहीं है..आपकी मंशा सरकारी नौकरियों के पदों को बाहरी हाथों में बेचकर अवैध रूप से उगाही करने की है। झारखंड के युवाओं को आप जैसा घोषणावीर मुख्यमंत्री नहीं चाहिए। कुछ महीने और प्रतीक्षा करिए, युवा आपकी इस धूर्तबाजी को हमेशा के लिए बंद कर राजनीतिक रूप से बेरोजगार कर देंगे। बाबूलाल ने लिखा कि जहां पहले अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ता है, फिर लाठी खानी पड़ती है और अंत में मुख्यमंत्री के आदेश पर झूठी एफआईआर भी लिखी जाती है। वैसे तो मुख्यमंत्री के लिए, उनकी आलोचना करना पूरे आदिवासी समाज की आलोचना करने के बराबर है, परंतु जब बात खुद सत्ता में बैठकर आदेश देने की आती है, लोगों पर एफआईआर कराने की आती है तो महोदय को आदिवासी समाज नहीं दिखता है। उन्होंने लिखा कि नामित नामों को देखें तो 18 में से लगभग 11 से 12 नाम आदिवासी भाई - बहनों के हैं और अभी 1500 अज्ञात लोगों में से न जाने और कितने आदिवासी भाई- बहनों के नाम सामने आने बाकी हैं। आदिवासी समाज का आवरण ओढ़कर झूठ फरेब की राजनीति करके मुख्यमंत्री सत्ता पर तो बैठ गये हैं, लेकिन आज भी उनकी आंखों में स्वार्थरूपी पट्टी बंधी है, वो आज भी आदिवासी समाज के लोगों को सिर्फ अपना वोटबैंक समझते हैं। उन्हें यह भ्रम है कि आदिवासी समाज पर वो चाहे कितने भी जुल्म करें, कितना भी अत्याचार करें, आदिवासी समाज उनके साथ खड़ा है।



**असम के सीएम के दौरों पर आपत्ति करने का स्पीकर को कोई हक नहीं**

## न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं स्पीकर

रांची। भाजपा ने स्पीकर रविंद्र नाथ महतो को उनके डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार करने वाले बयान पर घेरा। प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कहा कि डेमोग्राफी बदलाव का मामला फिलहाल उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय ने सीमावर्ती 6 जिलों के उपायुक्तो को इस मुद्दे पर शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उनके जिलों में कितने घुसपैठिए रह रहे हैं और उनको कैसे निकाला जाए। उच्च न्यायालय के द्वारा कोई निर्णय सुनाने के पहले ही स्पीकर का इस मामले में हस्तक्षेप करना सीधे तौर पर उच्च न्यायालय की अवमानना है।



प्रतुल ने कहा एक तरफ स्पीकर डेमोग्राफी में बदलाव से इनकार कर रहे हैं जबकि देश के जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों में 1951 से 2011 के बीच संताल के इलाके में आदिवासियों की आबादी 16% घटी है और मुसलमान की आबादी 13% बढ़ी है।यह सीधे तौर पर घुसपैठ का मामला है। 1951 से 2011 के 60 वर्षों के कार्यकाल में 85% समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी। तो इस घुसपैठ के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें जिम्मेदार है। प्रतुल ने कहा 2 जून, 2023 को सभी जिला के उपायुक्त को पत्र लिखकर स्पेशल ब्रांच ने स्पष्ट रूप से कहा था कि घुसपैठियों को संताल के मदरसों में ठहराया जाता है और उनके सरकारी दस्तावेज तैयार किए जाते हैं।प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या स्पीकर राज्य सरकार के स्पेशल ब्रांच से भी सहमत नहीं है? प्रतुल ने कहा कि स्पीकर का पद एक संवैधानिक पद होता है और राजनीति से ऊपर का माना जाता है।लेकिन यहां स्पीकर एक राजनीतिक दल के प्रवक्ता की तरह बयान दे रहे हैं और विचाराधीन मामलों पर भी टिप्पणी कर रहे हैं जो कि सर्वथा अनुचित है ।स्पीकर को अपने संवैधानिक कुर्सी की मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। स्पीकर का असम के मुख्यमंत्री हिमांता बिश्व सरमा के दौरों पर भी टिप्पणी करना समझ से परे है और आपत्तिजनक है।

## देश के 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में खुलेंगे क्रैच सेंटर : अन्नपूर्णा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/नई दिल्ली।** देशभर में लगभग 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड कर उसमें क्रैच सेंटर खोले जाएंगे। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इस योजना पर तेजी से काम करते हुए आने वाले सालों में करीब एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड करेगी। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं की सहुलियत के लिए 6000 आंगनवाड़ी केन्द्रों में क्रैच सेंटर खोलने की योजना बनाई गई है। इसके लिए जल्दी आवश्यक भर्ती की जाएंगी। आंगनवाड़ी केन्द्रों में सभी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ आने वाले समय में एक लाख से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को अपग्रेड किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि 2024-25 के लिए महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के उद्देश्य से योजनाओं के लिए जेंडर बजट आवंटन 3.3 लाख करोड़ रुपये है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 के जेंडर बजट विवरण की तुलना में 37.3 प्रतिशत अधिक हैए यह महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति सरकार के संकल्प को दशार्ता है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के निर्माण का जो संकल्प लिया है, उसी दिशा में सरकार वीमेन डेवलपमेंट से वीमेन लेड डेवलपमेंट की ओर बढ़ रही है, जहां महिलाएं विकास और राष्ट्रीय प्रगति की कहानी में समान भागीदार हों और जहां वे नेतृत्व करें।

*आने वाले सालों में एक लाख आंगनवाड़ी को अपग्रेड करने का लक्ष्य*

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड विधानसभा का...**

सिंह, लम्बोदर महतो सहित अन्य उपस्थित रहे। मानसून सत्र को लेकर विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। झारखंड विधान सभा परिसर के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

**विकास के मुद्दों पर सरकार को...**

पूर्व में किए अपने वादों के विपरीत काम कर रही है। भाजपा नेता ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चाहे सहायक पुलिस कर्मियों का मुद्दा हो या फिर पारा शिक्षकों पर लाठियां बरसाने का काम, सरकार ने पूरे राज्य में लूट मचा दी है। सरकार ने झारखंड को पीछे किया है। उन्होंने झारखंड को सबसे बड़ा भ्रष्टाचारी राज्य बताते हुए कहा, इस सरकार ने राज्य को देश का सबसे भ्रष्टाचारी राज्य बना दिया है। भ्रष्टाचार के सभी मुद्दों पर इस विधानसभा सत्र में हम सरकार से जवाब मांगेगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कथित जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद को पिछले महीने 28 जून को जेल से रिहा हुए थे। राज्य में इस साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।

**हेमंत का तंज : रस्सी-उस्सी लेकर...**

ने कहा कि विधानसभा के सत्र में सवाल-जवाब दोनों आते हैं। स्पीकर के साथ सभी दलों की बैठक में सत्र की व्यवस्था और सदन संचालन पर चर्चा हुई है और हम अपनी तरफ से तैयार हैं। स्पीकर की ओर से आहूत बैठक में भाजपा की ओर से किसी विधायक के शामिल नहीं होने पर जब पत्रकारों ने सीएम से उनकी प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि बैठक में उनकी ओर से कोई आया था या नहीं। कुछ लोग दिखे जरूर थे, लेकिन नहीं पता कि वे पक्ष में हैं या विपक्ष में।

**संताल में कहां खो गए दस...**

फीसदी आदिवासी कहां खो गए? इस विषय पर इस सदन में कभी बात नहीं होती, सिर्फ वोट बैंक की राजनीति होती है। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड सरकार भी इस पर कोई एक्शन नहीं ले रही है। बांग्लादेश से घुसपैठ हमारे यहां लगातार बढ़ रही है, जो आदिवासी महिलाएं हैं उनके साथ बांग्लादेशी घुसपैठिये शादी कर रहे हैं। हमारे यहां से चुनाव लड़ने वाली आदिवासी महिलाओं के पति मुसलमान हैं, जिला परिषद की जो अध्यक्ष हैं उनके पति मुसलमान हैं। हमारे यहां सैकड़ों आदिवासी मुखिया हैं, जिनके पति मुसलमान हैं। उन्होंने कहा कि हर जगह प्रत्येक पांच साल में 15-17 प्रतिशत वोटर बढ़ता है। लेकिन हमारे यहां, 123 प्रतिशत आबादी बढ़ी है। मेरे लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र मधुपुर में लगभग 267 बूथों पर मुसलमानों की आबादी 117 प्रतिशत बढ़ गई है। झारखंड में 25 ऐसी विधानसभा सीटें हैं जहां की आबादी 123 प्रतिशत, 110 प्रतिशत आबादी बढ़ी है, यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिला में तारानगर इलामी, डांगापाड़ा में दंगा हो गया। दंगा इसलिए हुआ क्योंकि बंगाल से ममता बनर्जी की पुलिस और मालदा, मुर्शिदाबाद से लोग आकर हमारे लोगों को भगा रहे हैं। हिंदू का गांव का गांव खाली हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि यह मैं ऑन रिकार्ड कह रहा हूं और सीरियस विषय है। अगर मेरी बात गलत होगी तो मैं इस्तीफा दे दूंगा। बंगाल के मालदा और मुर्शिदाबाद से लोगों ने आकर हिंदुओं पर जुल्म किया। झारखंड पुलिस कोई काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने आगे कहा कि पूरा मालदा, मुर्शिदाबाद, अररिया, कटिहार, किशनगंज से आकर लोगों ने हिंदुओं पर जुल्म किया। भारत सरकार से मैं इस मामले में हस्तक्षेप करने और इन इलाकों को यूनियन टेरिटरी बनाने की मांग करता हूं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने...**

की पुरानी और दुर्लभ पुस्तकों के डिजिटल संस्करण देखे। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जयंत चौधरी की उपस्थिति में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय विद्यालय के खेल मैदान में क्रिकेट पवेलियन का उद्घाटन, सिंथेटिक और ग्रास टेनिस कोर्ट का उद्घाटन और राष्ट्रपति भवन में ई-उपहार, आरबी एप, ई-बुक- राष्ट्रपति पद के पिछले एक साल की झलकियों का संकलन और अन्य डिजिटल पहलों का शुभारंभ शामिल है। विभिन्न डिजिटल पहलों के शुभारंभ के अवसर पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में किए गए डिजिटलीकरण कार्य की सराहना की। राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि इससे सुविधा, गति, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्गों के विकास में योगदान देने का प्रयास करना चाहिए।

**अब गणतंत्र मंडप और अशोक...**

मूल्यों और लोकाचारों का प्रतिबिम्ब बनाने का निरंतर प्रयास किया गया है। तदनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप रखने पर प्रसन्न हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दरबार हॉल' राष्ट्रीय पुरस्कारों की प्रस्तुति जैसे महत्वपूर्ण समारोहों और उत्सवों का स्थल है। 'दरबार' शब्द का तात्पर्य भारतीय शासकों और अंग्रेजों के दरबार और सभाओं से है। भारत के गणतंत्र बनने के बाद, यानी 'गणतंत्र' के बाद इसकी प्रासंगिकता खत्म हो गई। 'गणतंत्र' की अवधारणा प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में गहराई से निहित है, इसलिए 'गणतंत्र मंडप' इस स्थल के लिए एक उपयुक्त नाम है। वहीं अशोक हॉल मूल रूप से एक बॉलरूम था।

## आलमगीर आलम और वीरेंद्र राम का केस एक साथ हुआ टैग, जल्द होगा चार्ज फ्रेम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े टेंडर घोटाला के दो मामलों को एक साथ टैग कर दिया गया है। पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को इस केस की आरोपित राजकुमारी देवी और वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान सभी आरोपितों को पुलिस पेपर सौंप दिया गया। अब न्यायालय चार्ज फ्रेम की प्रकिया शुरू करेगा। झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाला के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की जांच ईडी कर रही है। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और जहांगीर आलम सहित ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित इंजीनियर इन चीफ वीरेंद्र राम सहित कई लोगों को ईडी गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में अलग-अलग जगहों पर छापेमारी में ईडी लगभग 35.23 करोड़ रुपये और कई दस्तावेज जब्त कर चुकी है।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 13 आरोपितों की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ी



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले मे पूर्व मंत्री आलमगीर आलम सहित 13 आरोपितों की न्यायिक हिरासत की अवधि सात अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गई है। अब इनकी अगली पेशी 7 अगस्त को होगी। पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके ओएसडी संजीव लाल एवं सहायक जहांगीर आलम, निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम उनका भतीजा आलोक रंजन, हरीश यादव ,नीरज मित्तल ,राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद सहित अन्य 13 आरोपितों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को हुई। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने पहली कार्रवाई 21 फरवरी 2023 को की थी। इस समय ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कई ठिकाने पर ईडी ने छापेमारी की थी। इसके बाद 23 फरवरी 2023 को ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(2nd Call)

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-03/2024-25 दिनांक - 24.07.2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work - Relocation of Defunct T/Well 125 x 115 mm dia and 60 mtr (av.) deep Drilled Tube well with installation of IM -II Hand pump, PC C Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basic in different rural habitation in Garhwa district. | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | GAR/SR/60 mtr-01 | 65 Nos | 54.44497 | 1.10 | 10,000.00 | 90 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 27.07.2024 समय 02:00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 02.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेंस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | 02.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | 03.08.2024 समय 05.00 बजे अपराहन् | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम -ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – 0651–2490920 | | | | | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.330724 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 10/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 24.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र॰ सं॰ | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं॰ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/41/2024-25 | ग्राम–परामातु पारडीह से पी॰डब्ल्यू॰डी॰ रोड भाया कसियाटांड़ सूर्य मंदिर, दुर्गा मंडप, अनिल सिंह के घर, बड़का वर पेड़ तक पथ का निर्माण कार्य (लं॰–1.933 कि॰मी॰)। | 251.239 | दो करोड़ इक्यावन लाख तेईस हजार नौ सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– **06541-296208**

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 330685 Rural Work Department(24-25).D



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ............... दिनांक ......................

इच्छा की अभिवृति Expression of Interest (EOI) 05/2024–25

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत विजय कॉलोनी के बगल में सरकारी निगम क्वाटर, अटल मुहल्ला क्लिनिक के पास क्वाटर, नावाटोली विजय राम के घर के पास शौचालय, टैम्पु स्टैण्ड आश्रय गृह के पास शुलभ शौचालय, बड़ा तालाब परिसर बगल में सब्जी मार्केट, बड़ा तालाब परिसर में शौचालय में निर्मित सफाई कर्मी का आवास, खस्सी मार्केट बड़ा तालाब के सामने, वधशाला (पहाड़ी मुहल्ला), पुराना विफ स्टॉल मुस्लिम नगर एवं शितल मन्दिर रोड़ महिला शौचालय का जर्जर भवन (कंडम बिल्डिंग) को निःशुल्क सुरक्षित Dismantle किया जाना है। इच्छुक संवेदक/एजेन्सी कार्यालय के कनीय अभियंता/सहायक अभियंता से सम्पर्क स्थापित करते हुए स्थल जाँचोपरान्त Dismantle करने हेतु दिनांक 01.08.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में जमा कर सकते है। उसी दिन अपराह्न 3:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurement समिति के समक्ष बन्द लिफाफा खोली जाएगी। लिफाफा समर्पित करने वाले संवेदक/एजेन्सी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि ससमय उपस्थित रह सकते है।।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 330759 District(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा**
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

ई-प्रोक्योरमेन्ट सूचना (5th Call)

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-01/2024-25 दिनांक : 24.07.2024

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Name of Work :- Construction of Gravel Packed tube well of 300x125 mm dia and 60 mtr. (av.) depth complete (by Mechanical Rotary Rig Machine with mud pump mounted on Truck) and D.T.H. Rig machine with installation of india Mark-II Hand pump, Construction of platform & drain etc. on "Turnkey basis" under D.W.&S. Division, Garhwa. | | | | | |
| | ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| | GAR/GPT/60mtr-04 | 26 Nos | 38.29284 | 0.77 | 5,000.00 | 90 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | | 27.07.2024 समय 12:30 बजे अपराहन् तक | | | |
| 3 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | | 02.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | – | 02.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् तक | | | |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | – | 03.08.2024 समय 05:00 बजे अपराहन् | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | | |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | . | ई0 प्रदीप कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – 9973003856 | | | | | |
| 9 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 0651–2490920 | | | | | |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा

PR 330720 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D



**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE, GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj Email: gmtzdal@gmail.com

**E- Short Tender Notice**

**e-NIT No.116/PR/JUSNL/2024–25**

E- Short Tender in two parts i.e., Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm/agency/contractor for the following work: -

| | |
|---|---|
| Name of Work | Outsourcing of Manpower (Highly skilled/ skilled/ITI trained and Unskilled khalasi/ supporting staff) for operational work at 132/25kV Railway TSS Nagar Untari for the period from 08.09.2024 to 31.03.2025(i.e., 205 days). |
| Period of Work | 08.09.2024 to 31.03.2025 |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.5,900.00/- Rupees Five thousand nine hundred only (to be paid through online mode only) |
| Earnest Money Deposit | Rs.50,800.00/- Rupees Fifty Thousand Eight Hundred only. (to be paid through online mode only) |
| Availability of Tender Documents on e -tender website | From 27.07.2024 at 03.00 PM to 10.08.2024 upto 5:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 27.07.2024 at 03:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 10.08.2024 upto 05:00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD receipt in the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar (Daltonganj) | 12.08.2024 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 13.08.2024 at 01:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 330689 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


ब्रीफ न्यूज

## शेखर कपूर होंगे अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के निदेशक

**नई दिल्ली।** मिस्टर इंडिया' और 'बैंडिट क्वीन' जैसी फिल्मों का निर्देशन करने वाले मशहूर फिल्म अभिनेता और निर्देशक शेखर कपूर को भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) के लिए महोत्सव निदेशक नियुक्त किया गया है। गुरुवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि शेखर कपूर गोवा में हर साल आयोजित होने वाले इस महोत्सव के 55वें और 56वें संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। कपूर ने 54वें आईएफएफआई में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता जूरी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2020-2023 तक पुणे स्थित फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया।

## कठुआ में आतंकवादियों की मदद करने वाले दो संदिग्ध गिरफ्तार

**कठुआ।** जम्मू कश्मीर पुलिस आतंकवादी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। इसी प्रयासों में पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करने के लिए दो ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इन ओवर ग्राउंड वर्कर्स की वजह से आतंकवादी कार्रवाइयों को रोकने के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में 100 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई है।

## मोदी की रूस यात्रा पर अमेरिकी राजनयिक टिप्पणी निराधार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के एक अधिकारी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस यात्रा पर की गई टिप्पणी को खारिज करते हुए कहा कि भारत के रूस के साथ पुराने संबंध हैं। यह आपसी हितों पर आधारित हैं। उभरते हुए बहुध्रुवीय विश्व में सभी देशों को अपना सहयोगी चुनने की स्वतंत्रता है। सभी देशों के लिए यह जरूरी है कि वे इस वास्तविकता का ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय के राजनयिक डोनाल्ड लू ने प्रधानमंत्री मोदी की रूस यात्रा के समय और पुतिन के साथ उनकी गर्मजोशी भरी मुलाकात पर प्रतिकूल टिप्पणी व्यक्त की थी।

कार्यकाल के दो वर्ष हुये पूरे

# राष्ट्रपति मुर्मू ने केवि के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण संरक्षण का पाठ

**राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों के सुझाव लिये**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रपति संपदा में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा नौ के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का पाठ पढ़ाया। राष्ट्रपति ने एक शिक्षिका की भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों से वैश्विक समस्या ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हमें छह ऋतुओं के बारे में पढ़ाया जाता है, लेकिन हम ग्लोबल वार्मिंग के कारण केवल तीन गर्मी, ठंड और वर्षा का ही अनुभव करते हैं। उसमें भी खासकर गर्मी रहती है, उसका कारण ग्लोबल वार्मिंग है। राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के उपायों के बारे में विद्यार्थियों के सुझाव लिये। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया। उन्होंने जल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए उन्हें अधिकाधिक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा कि हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। हमें पानी की बबार्दी को कम करने और वर्षा जल संचयन के माध्यम से इसे संरक्षित करने के लिए भी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने पानी के जल संरक्षण पर भी जोर दिया। पानी को बहने से बचाने, जरूरत से ज्यादा पानी की बबार्दी रोकने और पीने के पानी का इस्तेमाल केवल पीने में करने तथा वर्षा जल संरक्षण के लिए पिट बनाने की बात कही। राष्ट्रपति ने ग्लोबल वार्मिंग के कारणों पर भी चर्चा की और उद्योग लगाने के लिए पेड़ों के अधिक काटे जाने पर चिंता जताई। उन्होंने घरों में एसी के इस्तेमाल को कम करने और जंगल को सुरक्षित रखने की जरूरत पर बल दिया। साथ ही वायु प्रदूषण पर भी चर्चा की और इसे कम करने के उपायों के बारे में बताया। अपने संवाद की शुरूआत में राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से उनका नाम जाना और भविष्य में वे क्या बनना चाहते हैं, इसको लेकर प्रश्न किये।

## शिक्षा व्यवस्था को नष्ट करना चाहती है भाजपा-आरएसएस

एजेंसी



- उच्च शिक्षा के बजट में 9,600 करोड़ की भारी कटौती की गई
- यूजीसी के बजट में 61 प्रतिशत की भारी कटौती की गई है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को भाजपा-आरएसएस पर भारत की शिक्षा प्रणाली को नष्ट करने का आरोप लगाया लगाया। खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि उच्च शिक्षा के बजट में 9,600 करोड़ की भारी कटौती की गई है। अंतरिम बजट में भी इसमें 16.38 प्रतिशत की कटौती की गई है। आईआईटी और आईआईएम के बजट में लगातार दूसरे साल कटौती की गई है। यूजीसी के बजट में 61 प्रतिशत की भारी कटौती की गई है। उन्होंने आगे लिखा, यूजीसी एक वैधानिक निकाय है, और इसे देश में एकमात्र अनुदान देने वाली एजेंसी माना जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इसकी शक्ति छीन ली है, जिससे इसकी स्वायत्तता खत्म हो गई है। यूजीसी की 'अनुदान' निधि की कार्यप्रणाली को उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) ने हड़प लिया है, जो केनरा बैंक और शिक्षा मंत्रालय के बीच एक उद्यम है। यह न केवल कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को अधिक स्व-वित्तपोषण पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए मजबूर करेगा, बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्रों की वित्तीय समस्याओं को भी बढ़ाएगा।

उन्होंने आगे लिखा, भारत की शिक्षा प्रणाली पर मोदी सरकार का पांच तरफा हमला जारी है। विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करना, स्वायत्त संस्थानों के धन को गला घोंटना, उनकी स्वायत्तता को कम करना, सार्वजनिक शिक्षा को नष्ट करना और युवाओं को धोखा देने के रूप में हमला लगातार जारी है!

## कर्नाटक सरकार ने नीट और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ किया प्रस्ताव पारित

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने गुरुवार को भाजपा और जद (एस) विधायकों के कड़े विरोध के बीच राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर दिया। विधि मंत्री एचके पाटिल ने सदन में प्रस्ताव पेश किया, जिसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने शोरगुल के बीच सदन में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित कर दिया। स्पीकर खादर ने बाद में घोषणा करते हुए कहा कि प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गए हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए पाटिल ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और केंद्र द्वारा इस संबंध में प्रस्ताव संविधान के सिद्धांतों के खिलाफ है।

## फु ट्रोंग के अंतिम संस्कार में शामिल हुए डोभाल

एजेंसी

**हनोई।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल वियतनाम की राजधानी हनोई में कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फु ट्रोंग के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। गुयेन फू ट्रोंग का 19 जुलाई को हनोई में निधन हो गया था।



एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** एक पुरातत्त्ववेत्ता, मानव प्रागैतिहासिक काल की स्टडी और मूल्यांकन करता है ताकि यह समझा जा सके कि मानव सभ्यता कैसे विकसित हुई है। वे खंडहर, मिट्टी के बर्तन, गुफा चित्र और निर्माण उपकरण आदि की खुदाई और रिकवरी करते हैं। वे अपने रिसर्च के माध्यम से जीवित प्रजाति के विकास की व्याख्या करते हैं। पुरातत्त्ववेत्ता मानव इतिहास की कुछ सबसे महत्वपूर्ण खोजों को उजागर करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# पुरातत्व की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना करियर...





## पुरातत्त्ववेत्ता के प्रकार

- **जैव पुरातत्वविद् :** जैव पुरातत्वविद ऐसे पेशेवर हैं जो पुरातात्विक) स्थलों पर कंकाल के अवशेषों का अध्ययन करते हैं। इसमें विभिन्न स्पेसिफिकेशन जैसे मानव अवशेषों , प्राचीन रोग और आनुवंशिक से जुड़े अध्ययन शामिल हो सकते हैं।
- **पर्यावरण पुरातत्वविद् :** पर्यावरण पुरातत्वविद् लोगों के एक प्राचीन समूह और उनके प्रकृतिक वातावरण के बीच अंतर्संबंध का अध्ययन करते हैं। वे एक निश्चित समय में मौजूद पौधों, जानवरों और फसलों की जांच करते हैं और इसकी भी जांच करते हैं कि लोगों ने अपने दैनिक जीवन में उनका उपयोग कैसे किया। इनके कार्यों में प्रयोगशाला प्रयोग के साथ-साथ फील्ड स्टडी शामिल हैं।
- **लैंडस्केप पुरातत्वविद् :** लैंडस्केप पुरातत्वविद् विभिन्न लैंडस्केप में होने वाले नेचुरल और आर्टिफीसियल चेंज का अध्ययन करते हैं। वे मानव व्यवहार के साथ निवास और लैंडस्केप के बीच संबंध को समझने का प्रयास करते हैं। वे यह भी व्याख्या करते हैं कि कैसे एक लैंडस्केप चेंज, कल्चरल चेंज ला सकता है।
- **एथनो पुरातत्वविद् :** एथनो पुरातत्वविद् अतीत के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिए लिविंग कम्युनिटीज की एथनोग्राफी जांच करते हैं। वे क्लू को उजागर करते हैं और एक निश्चित समय में रहने वाले लोगों की आदतें, संस्कृति और रीति-रिवाज में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
- **समुद्री पुरातत्वविद् :** समुद्री पुरातत्वविद् मुख्य रूप से अंडर वाटर खंडहर का अध्ययन करते हैं और समुद्री पानी के नीचे शहर, जहाज और पुरातात्विक स्थल की खोज करते हैं। डूबे हुए सबूत खोजने के लिए, इन्हें अपने काम के अंतर्गत गहरे पानी में गोता लगाना होता है। रिसर्च के लिए परिष्कृत पुरातात्विक जैसे टूल्स का उपयोग करते हैं।
- **हवाई पुरातत्वविद् :** हवाई सर्वेक्षण और फोटोग्राफी का उपयोग करके, ये पुरातत्त्ववेत्ता नए खुदाई स्थल को खोजते हैं।

  विमानन पुरातत्वविद् : विमानन पुरातत्वविद् एयरक्राफ्ट, परित्यक्त एयरबस, रनवे या विमानन इतिहास से संबंधित ऐतिहासिक अवशेष की खोज और अध्ययन करते हैं। अपने द्वारा एकत्रित की गई जानकारियों द्वारा विमानन पुरातत्वविद् उन पुरानी घटनाओं को समझाने की कोशिश करते हैं जिनके कारण एयरप्लेन क्रैश हुए हैं।
- **वाणिज्यिक पुरातत्वविद् :** वाणिज्यिक पुरातत्वविद् उन वस्तुओं का अध्ययन करते हैं जिनका प्राचीन समूह के लोगों द्वारा व्यापार किया गया था। वे व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग किए जाने वाले ट्रांसपोर्टेशन के विभिन्न रूपों का भी अध्ययन करते हैं। वाणिज्यिक पुरातत्वविद् को प्राचीन व्यापार मार्ग, बंदरगाह, प्राचीन बाजार आदि की खोज भी करते हैं।
- **औद्योगिक पुरातत्वविद् :** औद्योगिक पुरातत्वविद्, इंडस्ट्री से संबंधित आर्टिफैक्ट्स और बाय-प्रोडक्ट के भौतिक अवशेष की खोज करते हैं। वे विभिन्न वस्तुओं के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले टूल्स और रॉ मेटेरियल के प्रकार को भी डिकोड करते हैं।

## पुरातत्त्ववेत्ता के कार्य

1. उत्खनन से प्राप्त कलाकृतियों की पहचान, विश्लेषण और डेटिंग करना।
2. उत्खनन स्थल पर मिली वस्तुएँ और अन्य संपत्ति का डेटा रिकॉर्ड रखना।
3. पिछली संस्कृति और मानव सभ्यता के अन्य पहलुओं के बारे में तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचने के लिए डेटा विश्लेषण करना।
4. भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और कंप्यूटर डिजाइन (सीएडी) जैसे कंप्यूटर एप्लीकेशन का उपयोग करके साइट या आर्टिफैक्ट्स पास्ट में कैसी दिखती थीं, इसका पुरातात्विक अनुकरण विकसित करना।
5. खुदाई स्थलों का पता लगाने के लिए हवाई फोटोग्राफी और भूभौतिकीय सर्वेक्षण का उपयोग करना।
6. शोध और खोजों का दस्तावेज़ीकरण और रिपोर्ट लिखना।
7. उत्खनन कार्य के कर्मचारी प्रबंधन करना।
8. पुरातत्व सूची का रखरखाव करना।
9. कलाकृतियों की सफाई, बहाली और सुरक्षा का ध्यान रखना।
10. अंतर या समानता को समझने के लिए पुरातात्विक डेटा के माध्यम से एक उत्खनन स्थल के निष्कर्ष की तुलना किसी उत्खनन स्थलों से करना।

## भारतीय विश्वविद्यालय

- राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय
- मैसूर विश्वविद्यालय
- कुवेम्पु विश्वविद्यालय
- पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
- अनुमान कॉलेज
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- पंजाब विश्वविद्यालय
- आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय
- इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय
- अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय
- केरल विश्वविद्यालय
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय
- दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- मद्रास विश्वविद्यालय

## विदेशी संस्थान

- कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
- यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन (यूसीएल)
- डरहम विश्वविद्यालय
- हार्वर्ड विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले (यूसीबी)
- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- लीडेन विश्वविद्यालय
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए)
- रोम के सैपिएन्ज़ा विश्वविद्यालय
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी)
- शिकागो विश्वविद्यालय
- एडिनबर्ग विश्वविद्यालय
- कोलम्बिया विश्वविद्यालय

## भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है–

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

## पुरातात्विक कोर्सेज

- सर्टिफिकेट कोर्स इन एपिग्राफी
- सर्टिफिकेट कोर्स इन आर्कलोजी
- एडवांस डिप्लोमा इन एपीग्राफि
- डिप्लोमा इन आर्कलोजी
- बीए इन कल्चर एंड आर्कलॉजी